RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 33 ■ अंक 274 ■ मुंबई, शनिवार 26 अप्रैल 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह



हमले की 'टाइमिंग' से उठ रहे कई सवाल?
पेज-4




यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में लड़कियों ने मारी बाजी
पेज-6




जीवन मंत्र : बच्चे बड़ों से ही सीखते हैं संस्कार
पेज-8



ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के लिए तैयार भारत
पेज-9

### गृहमंत्री अमित शाह की सभी मुख्यमंत्रियों से अपील

# 'पाकिस्तानियों को खोजकर वापस भेजो'



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद देशभर में अलर्ट जारी है। पाकिस्तानी नागरिकों को ढूंढ़-ढूंढ़कर वापस भेजा जा रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री शाह के निर्देश पर राजस्थान, पंजाब, गुजरात, दिल्ली और उत्तर प्रदेश सहित सभी राज्यों में सर्चिंग अभियान शुरू किया गया है। यूपी में 1500 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं।

### पहलगाम हमले के बाद सर्चिंग शुरू

केंद्रीय गृहमंत्री ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने सभी सीएम से आग्रह किया है कि अपने-अपने राज्यों में पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजें।

### 48 घंटे में भारत छोड़ने का आदेश

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर 48 घंटे में भारत छोड़ने का आदेश जारी किया है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा मामलों से जुड़ी कैबिनेट कमेटी की बैठक में यह फैसला हुआ था। अल्टीमेटम की मियाद पूरी होते ही गृहविभाग एक्शन मोड में आ गया है।

### पाकिस्तानी की लाइफ लाइन पर चोट

सीसीएस की बैठक में 5 बड़े फैसले लिए गए थे। इसमें सिंधु जल संधि स्थगित करने का फैसला काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। क्योंकि, सिंधु जल संधि पाकिस्तान की लाइफ लाइन मानी जाती है। खासकर पंजाब प्रांत की पूरी अर्थव्यवस्था सिंधु नदी के जल पर टिकी है।

### पाकिस्तानी जल संसाधन मंत्रालय को नोटिस

जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देवश्री मुखर्जी ने पाकिस्तानी जल संसाधन मंत्रालय के सचिव सैयद अली मुर्तजा को पत्र लिखकर इस निर्णय की जानकारी दी है। संधि में संशोधन के लिए पाक सरकार को नोटिस भी दिया गया है।

# पाकिस्तान में नहीं जाएगा एक बूंद पानी...

### शाह-पाटिल की मैराथन बैठक के बाद फैसला | वर्ल्ड बैंक को दी जाएगी फैसले की जानकारी

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर तनाव के बीच जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल ने बड़ा बयान दिया है। सीआर पाटिल ने कहा कि सिंधु जल संधि को लेकर जो निर्णय किया गया है, उसका पालन किया जाएगा। तीन चरण में फैसला लागू होगा। तुरंत, मिड टर्म और लॉन्ग टर्म। पाकिस्तान में एक बूंद भी पानी न जाए, यह व्यवस्था की जाएगी। सिंधु जल संधि स्थगन के बाद पानी के प्रबंधन और उपयोग



को लेकर गृह मंत्री के आवास पर शुक्रवार को बैठक हुई थी। इस बैठक में विदेश मंत्री, जल शक्ति मंत्री और तीनो मंत्रालय के सचिव स्तर के अधिकारी मौजूद थे। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान जाने वाला पानी रोका जाएगा। पाकिस्तान पर जल्द ही इसका असर दिखेगा।

पानी रोकने के बाद बांधों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। बांधों की क्षमता बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, ताकि ज्यादा पानी स्टोर हो सके। इसके लिए बांधों की गाद हटाई जाएगी। बांधों से फ्लशिंग भी की जाएगी। सूत्रों का कहना है कि वर्ल्ड बैंक ने यह संधि कराई थी। लिहाजा भारत सरकार के इस फैसले की जानकारी उन्हें भी दे दी जाएगी। इस फैसले पर तुरंत अमल शुरू हो जाएगा। भारत ने सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखने के अपने निर्णय के बारे में पाकिस्तान को पहले ही सूचित कर दिया है, और कहा है कि पाकिस्तान ने इसकी शर्तों का उल्लंघन किया है।

### आतंकी आदिल और आसिफ का घर विस्फोट में जमींदोज

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना एक्शन में है। शुक्रवार (25 अप्रैल) को सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई की। सुरक्षा जवानों ने पहलगाम हमले के आतंकी आदिल हुसैन थोकर और आसिफ शेख के घर सर्च ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन के दौरान दोनों घरों में विस्फोटक सामान मिले। जवान तुरंत



पीछे हटे और धमाका हो गया। धमाके में दोनों घर पूरी तरह से तबाह हो गए। आतंकी हमले के बाद से दोनों आतंकी फरार हैं। सुरक्षा बल उनकी तलाश कर रहे हैं। पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने बेकसूर 26 लोगों को गोलियों से भूनकर मार डाला था। हमले में आतंकी आदिल हुसैन थोकर और आसिफ शेख भी शामिल था। दोनों आतंकी लश्कर ए तैयबा से जुड़े हैं।

### पहलगाम हमले के पीड़ितों से राहुल गांधी ने की मुलाकात

विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के घायलों और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। जम्मू-कश्मीर पहुंचे राहुल ने कहा कि हम सरकार द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। राहुल गांधी ने कहा कि मैं यहां यह जानने आया हूं कि क्या हो रहा है और मदद करने आया हूं। जम्मू-कश्मीर के



सभी लोगों ने इस भयानक कार्रवाई की निंदा की है और उन्होंने पूरे देश का समर्थन किया है। मैं घायल हुए लोगों में से एक से मिला हूं।

## Short News एक नजर

### मेधा पाटकर गिरफ्तार और रिहा

**नई दिल्ली।** कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट मामले में अदालत ने मेधा पाटकर को रिहा कर दिया है। पाटकर प्रोबेशन बांड और एक लाख रुपये की जुर्माना राशि भरकर रिहा हुईं। 23 अप्रैल को साकेत स्थित सत्र न्यायालय ने मेधा पाटकर के खिलाफ गैर एनबीडब्ल्यू (गैर जमानती वारंट) जारी किया था। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को 70 वर्षीय मेधा पाटकर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने प्रोबेशन बांड जमा करने का आदेश दिया। साथ ही आठ अप्रैल के ऑर्डर का अनुपालन करने का निर्देश दिया। प्रोबेशन बांड और एक लाख का जुर्माना भरने पर कोर्ट ने मेधा पाटकर को रिहा कर दिया। दरअसल, मामला 23 साल पुराना मामला है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज वेटिकन में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पोप फ्रांसिस के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए 25-26 अप्रैल को दो दिवसीय यात्रा पर वेटिकन सिटी जाएंगी। विदेश मंत्रालय (MEA) ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी है। 21 अप्रैल को 88 वर्ष की आयु में पोप फ्रांसिस का निधन हो गया था। अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति मुर्मु पोप के अंतिम संस्कार में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी और सरकार और भारत के लोगों की ओर से संवेदना व्यक्त करेंगी। 25 अप्रैल को राष्ट्रपति वेटिकन सिटी में सेंट पीटर्स बेसिलिका में दिवंगत पोप को श्रद्धांजलि देंगी। विदेश मंत्रालय के एक संक्षिप्त बयान के अनुसार, वे 26 अप्रैल को वेटिकन सिटी में सेंट पीटर्स स्क्वायर में अंतिम संस्कार में शामिल होंगी, जिसमें कई वैश्विक नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। वेटिकन ने गुरुवार को कहा कि कम से कम 130 विदेशी प्रतिनिधिमंडलों ने पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने की पुष्टि की है, जिनमें 50 राष्ट्राध्यक्ष और 10 सम्राट शामिल हैं।

### पाक आने से बचे रूसी नागरिक : रूसी दूतावास

**नई दिल्ली।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने कड़ा रुख अपनाया है जिससे पाकिस्तान में खलबली मच गई है। भारत के सख्त तेवर को देखते हुए पाकिस्तान में रूस के दूतावास ने एडवाइजरी जारी की है। रूसी दूतावास की ओर से जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि रूसी नागरिक पाकिस्तान आने से बचें।

# अब दिल्ली नगर निगम भी AAP से छिना

### ▶▶ भाजपा के राजा इकबाल बने नए मेयर

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव में पराजय के बाद अब दिल्ली नगर निगम भी AAP की सत्ता छिन गयी है। दिल्ली में केजरीवाल की सत्ता का आखिरी किला भी ढह गया है। बीजेपी के राजा इकबाल दिल्ली के नए मेयर बने हैं। डिप्टी मेयर BJP के जयभगवान यादव बने। इसके साथ ही दिल्ली में अब ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है। शुक्रवार को हुए मतदान में कुल 142 वोट पड़े। इसमें बीजेपी के राजा



इकबाल को 133 वोट और कांग्रेस के मनदीप सिंह को 8 वोट मिले, जबकि एक वोट इनवेलिड हो गया है। अब AAP सरकार और नगर निगम दोनों ही जगह विपक्ष में है। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में AAP की पराजय हुई थी और रेखा गुप्ता के नेतृत्व में बीजेपी की सरकार बनी है और अब दिल्ली नगर निगम में भी बीजेपी का मेयर और

### ▶▶ जयभगवान यादव बने डिप्टी मेयर

डिप्टी मेयर बन गया है। शुक्रवार को MCD की कार्यवाही शुरू हुई। पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा ने पहलगाम के लिए शोक प्रस्ताव पेश किया। मृतकों की स्मृति में सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखा। पीठासीन अधिकारी ने कहा कि अगर किसी कोई नामांकन वापस लेना चाहता है तो वह ले सकता है, लेकिन नामांकन वापस लेने के लिए कांग्रेस के प्रत्याशियों ने इनकार किया जिसके बाद मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई।

### पंजाब बॉर्डर से पकड़ा गया हथियारों का जखीरा

**अमृतसर।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा भेजी गई हथियारों की बड़ी खेप पुलिस और बीएसएफ ने अमृतसर देहात क्षेत्र के साथ लगती कंटीली तार से बरामद की है। इन हथियारों में साढ़े चार किलो आरडीएक्स, दो बड़े पैकेटों से 4 हैंड ग्रेनेड, चार पिस्तौल, आठ मैगजीन,220 कारतूस,2 बैट्री चार्जर और दो रिमोट बरामद किए गए हैं। आईएसआई द्वारा यह विस्फोटक पंजाब का माहौल खराब करने के लिए भेजा गए हैं। पुलिस पता लगाने में जुटी है कि यह खेप किन लोगों को उठानी थी और कहां ठिकाने लगाई जानी थी। जिस खेत से यह खेप बरामद की गई है वहां किसानों से पूछताछ की जा रही है।

# अदालत संसद के बनाए कानून पर रोक नहीं लगा सकती

### वक्फ संशोधन एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर किया है। यह हलफनामा वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने के लिए है। सरकार का कहना है कि कोर्ट कानून की समीक्षा कर सकता है, लेकिन सिर्फ कुछ खास आधारों पर। जैसे कि कानून बनाने की शक्ति किसके पास है और क्या यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। सरकार ने यह भी कहा कि याचिकाएं गलत धारणा पर आधारित हैं कि संशोधन धार्मिक




स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों को छीन लेते हैं। सरकार ने कोर्ट से कहा कि वह इस मामले पर अंतिम फैसला दे और किसी भी तरह की रोक न लगाए।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वक्फ अधिनियम में संशोधन एक संसदीय पैनल द्वारा गहन अध्ययन के बाद लाए गए थे। सरकार ने कहा कि वक्फ संपत्तियों का दुरुपयोग करके निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण किया गया है। सरकार के अनुसार, मुगल काल से पहले, आजादी से पहले और आजादी के बाद कुल 18,29,163.896 एकड़ वक्फ संपत्ति बनाई गई थी।

#### 'कानून पर रोक लगाना ठीक नहीं'

हलफनामे में कहा गया है कि संसद ने यह सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिकार क्षेत्र में काम किया कि वक्फ जैसे धार्मिक न्यासों का प्रबंधन सही तरीके से हो। सरकार ने कहा कि बिना सोचे-समझे रोक लगाना सही नहीं है, क्योंकि कानून की वैधता पर संदेह नहीं किया जा सकता।

### सावरकर पर टिप्पणी का मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने राहुल को लगाई फटकार

### फिर दी राहत, कहा- भविष्य में ऐसा न करें



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने विनायक दामोदर सावरकर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को राहत दी है, लेकिन कड़ी फटकार भी लगाई है। शीर्ष न्यायालय ने राहुल गांधी की वीर सावरकर पर टिप्पणी को गैरजिम्मेदाराना बताया। कोर्ट ने कहा कि उन्होंने हमें आजादी दिलाई, लेकिन आप उनके साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं। हालांकि कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें इस कथित टिप्पणी के लिए जारी समन को रद्द करने से इंकार कर दिया था। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने वीर सावरकर पर कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी को कड़ी फटकार लगाई। हम स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ किसी भी बयान की इजाजत नहीं दे सकते हैं। इस बार सावरकर हैं, तो अगली बार कोई महात्मा गांधी पर टिप्पणी करेगा कि अंग्रेजों के नौकर थे।

कोर्ट ने आगे कहा कि महात्मा गांधी ने सावरकर को सम्मान दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी उन्हें पत्र लिखा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप महाराष्ट्र जाकर सावरकर पर ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं, जिनकी महाराष्ट्र में 'पूजा' होती है।

### यूपी बोर्ड परिणाम

# महज 43 दिनों में घोषित हुए परिणाम

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शुक्रवार को वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया। योगी सरकार की सक्रियता और पारदर्शी व्यवस्था के चलते इस बार सिर्फ 43 दिनों में परीक्षा परिणाम घोषित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। हाईस्कूल के समस्त परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 90.11 रहा, जबकि इंटरमीडिएट का उत्तीर्ण प्रतिशत 81.15 रहा। इंटरमीडिएट में महक जायसवाल, बच्चा राम यादव इंटर कॉलेज, भुलाई का पूरा (प्रयागराज) ने 97.20% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, हाई स्कूल में यश प्रताप सिंह, स्व० श्रीमती रसकेंद्री देवी इंटर कॉलेज, उमरी (जालौन) ने 97.83% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर बार की तरह इस बार भी लड़कियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। हाईस्कूल में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.21 अधिक है। वहीं, इंटरमीडिएट में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 9.77 अधिक है।

विस्तृत खबर पेज-6 पर

# नवी मुंबई के बिल्डर गुरुनाथ चिचकर ने की आत्महत्या

### एनसीबी अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप

महानगर संवाददाता

नवी मुंबई



शहर के रियल एस्टेट जगत में शुक्रवार सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई जब प्रसिद्ध बिल्डर गुरुनाथ चिचकर ने अपने निवास पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह घटना 25 अप्रैल की सुबह करीब 6:30 बजे घटी। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है,जिसमें नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के एक वरिष्ठ अधिकारी पर पैसों की मांग और मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। गुरुनाथ चिचकर, कुख्यात ड्रग्स आरोपी नवीन चिचकर के पिता थे,जो पहले से ही एनसीबी की जांच के दायरे में हैं। सुसाइड नोट में उन्होंने एनसीबी के एक उच्च पदस्थ अधिकारी पर बार-बार पैसे मांगने और दबाव बनाने का आरोप लगाया है। सूत्रों के अनुसार,आत्महत्या से पहले चिचकर ने कुछ करीबी मित्रों से इस मानसिक तनाव की चर्चा भी की थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और एनसीबी से संबंधित सभी बिंदुओं की पड़ताल की जा रही है। घटनास्थल से मिले मोबाइल फोन,लैपटॉप और दस्तावेजों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। एनसीबी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है,लेकिन इस घटना ने जांच एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अगर चिचकर द्वारा लगाए गए आरोप सही साबित होते हैं,तो यह देश की सबसे प्रमुख जांच एजेंसियों में से एक की साख के लिए बड़ा झटका हो सकता है।

### 'बहुत शर्मिंदा महसूस कर रहा हूं'

# पहलगाम आतंकी हमले से दुखी साबिर हुसैन ने छोड़ा इस्लाम

महानगर नेटवर्क

कोलकाता

पहलगाम आतंकी हमले से मर्माहत बंगाल के साबिर हुसैन नामक शिक्षक ने इस्लाम धर्म त्याग दिया है। साबिर दक्षिण 24 परगना जिले के बादुरिया स्थित निर्माण आदर्श विद्यापीठ में विज्ञान के शिक्षक हैं। उन्होंने वीडियो पोस्ट करके कहा कि देश-दुनिया में बहुत से आतंकी हमले हुए हैं, लेकिन पहलगाम में जिस तरह से लोगों का धर्म पूछकर उनकी जान ली गई, उससे मैं स्तब्ध हूं। उन्होंने कहा कि मैं अब तक जानता था कि आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता। वे बिना सोचे-विचारे हत्या करते हैं, लेकिन पहलगाम की घटना ने दिखाया है कि उनका भी धर्म होता है। एक शिक्षक के तौर पर मैं इस घटना को लेकर बहुत शर्मिंदगी महसूस कर रहा हूं इसीलिए इस तरह का कठिन निर्णय लेने के लिए बाध्य हुआ हूं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि मेरा किसी भी धर्म को अवमानित करने और समाज में किसी तरह का विद्वेष फैलाने का उद्देश्य नहीं है।



# बदलापुर एनकाउंटर मामले में हाईकोर्ट ने CID को फटकारा

महानगर संवाददाता

मुंबई

बदलापुर एनकाउंटर मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट से मिली कड़ी फटकार के बाद अब महाराष्ट्र पुलिस की सीआईडी केस के पेपर्स को मुंबई क्राइम ब्रांच द्वारा गठित एसआईटी को ट्रांसफर करने को तैयार हो गई है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने बदलापुर एनकाउंटर मामले की जांच स्टेट CID से लेकर मुंबई क्राइम ब्रांच की SIT को 7 अप्रैल को सौंपा था, लेकिन तब से लेकर आज तक ना ही स्टेट CID ने मुंबई क्राइम ब्रांच को केस के पेपर्स ट्रांसफर किए और ना ही मुंबई क्राइम ब्रांच ने उन पेपर्स को हासिल करने की कोई कवायद की। महाराष्ट्र पुलिस की दोनों एजेंसियों के काम करने के तरीके से खफा बॉम्बे हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ कंटेंप्ट की प्रोसिडिंग शुरू करने की चेतावनी दी, जिसके बाद स्टेट CID ने अदालत को कहा कि वह शुक्रवार शाम तक केस पेपर्स मुंबई क्राइम ब्रांच की SIT को ट्रांसफर कर देंगे।




### कोर्ट ने ज्वाइंट सीपी को कोर्ट में पेश होने का दिया निर्देश

कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बाद भी जांच CID से मुंबई क्राइम ब्रांच की एसआईटी को हस्तांतरित नहीं किए जाने से कोर्ट नाराज था। कोर्ट ने सवाल किया कि 18 दिन बाद भी एफआईआर क्यों नहीं? कोर्ट ने इस दौरान लखमी गौतम को जांच दस्तावेजों के साथ पेश होने का निर्देश दिया। सरकारी वकील ने बताया कि 7 अप्रैल को हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में फैसले के खिलाफ याचिका दायर की है। याचिका में बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है। हाइकोर्ट ने सरकारी वकील की एक भी दलील नहीं मानी और स्टेट CID के अफसर और मुंबई क्राइम ब्रांच के ज्वाइंट सीपी को दोपहर में कोर्ट के सामने पेश होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया।

### कोर्ट में शुक्रवार को हुई सुनवाई

शुक्रवार को जब बॉम्बे हाइकोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई तो कोर्ट ने मुंबई क्राइम ब्रांच के ज्वाइंट कमिश्नर लखमी गौतम को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की दो सदस्यीय पीठ ने ये निर्देश दिया। कोर्ट ने पूछा कि अब तक आरोपी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर क्यों नहीं दर्ज की गई?

### क्या बोले न्यायाधीश?

जज गोखले ने कहा, 'हम आपका अंतहीन इंतजार नहीं कर सकते, सर्वोच्च न्यायालय में प्रक्रियाएं हैं और आप तत्काल सुनवाई की मांग कर सकते हैं। ऐसा नहीं है कि आपने कभी किसी मामले में शीर्ष अदालत के समक्ष तत्काल सुनवाई की मांग नहीं की है। मुझे कोई कारण नहीं दिखता कि राज्य सीआईडी और लखमी गौतम के खिलाफ हमारे आदेशों का पालन न करने के लिए अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए?

# बेस्ट को 'बेस्ट' बनाने के लिए आय के स्रोत बढ़ाएं

## समीक्षा बैठक में बोले सीएम देवेंद्र फडणवीस

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुंबई की जीवनरेखा बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) उपक्रम को यात्रियों के लिए आधुनिक बसें और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ अपने खुद के आय स्रोत भी विकसित करना चाहिए। वे शुक्रवार को सह्याद्री अतिथिगृह में आयोजित समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मुंबई उपनगर के पालक मंत्री आशीष शेलार,सह पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने निर्देश दिए कि यात्रियों को बसों के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े, इसके लिए योजना बनाई जाए। उन्होंने बांद्रा, दिंडोशी और देवनार बस डिपो के पुनर्विकास के दौरान भूखंडों को किराए पर देने और वहां व्यावसायिक गाले, आवासीय परिसर और बस अड्डे के समायोजन की नीति बनाने का सुझाव दिया,जिससे बेस्ट की आय में वृद्धि हो सके। मुंबई की संकरी सड़कों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने छोटे और अत्याधुनिक बसों की खरीद की सिफारिश की और इसके लिए केंद्र सरकार की नेशनल क्लीन एयर पॉलिसी के फंड का उपयोग करने की बात कही।




### बेस्ट एसी इलेक्ट्रिक बसों का उद्घाटन

बेस्ट के बेड़े में 503 वातानुकूलित और पूरी तरह इलेक्ट्रिक बसें शामिल की गई हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विक्रोली से मुंबई सेंट्रल चलने वाली एक बस को हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया। मुंबई के लिए कुल 2,100 एसी बसों की खरीदी की जा रही है, जिनमें से 503 बसें प्राप्त हो चुकी हैं और 2,400 बसों का और ऑर्डर दिया गया है। बेस्ट के पास 2783 बसें हैं। वर्ष 2027 तक सभी बसों को इलेक्ट्रिक बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

### एकीकृत सार्वजनिक परिवहन प्रणाली

मुख्यमंत्री ने बताया कि मुंबई में लोकल ट्रेन, मेट्रो, मोनो रेल और बस सेवा को एकीकृत करने के लिए एक सिंगल मोबिलिटी प्लेटफॉर्म विकसित किया जा रहा है। इससे नागरिक एक ही टिकट से अलग-अलग सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे और इसका लाभ बेस्ट को भी मिलेगा। बेस्ट पर वित्तीय बोझ कम करने के लिए मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि मुंबई महानगरपालिका अपने वार्षिक बजट में परिवहन के लिए तीन प्रतिशत राशि आरक्षित रखे, जिससे बेस्ट को मदद मिलेगी।

### छोटे बसों का प्रस्ताव: उपमुख्यमंत्री शिंदे



उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि मेट्रो स्टेशन और बेस्ट बस मार्ग का समन्वय कर योजना बनाई जाए। उन्होंने छोटी,आधुनिक बसों की योजना तैयार करने का निर्देश दिया और कहा कि नागरिकों को उनके करों के अनुसार सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बेस्ट की जो जमीनें मुंबई में हैं, उनका उपयोग आय बढ़ाने के लिए किया जाए।

### बस डिपो में मराठी सिनेमा थिएटर

मुंबई उपनगर के पालक मंत्री आशीष शेलार ने सुझाव दिया कि बस डिपो के पुनर्विकास के दौरान मनोरंजन केंद्र भी बनाए जाएं। इस पर मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि मराठी सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए पांच डिपो पर मराठी सिनेमा थिएटर बनाए जा सकते हैं, जिससे आय के स्रोत भी बढ़ेंगे। बेस्ट के महाव्यवस्थापक श्रीनिवास ने टोल माफी, कर्मचारियों के बकाया 1,658 करोड़ रुपए की राशि और सरकारी करों में छूट की मांग रखी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि इस पर प्रस्ताव प्रस्तुत करें, सरकार सकारात्मक विचार करेगी।

### गूगल से करार

यात्रियों को यह जानकारी देने के लिए कि बस कहां है और कितने समय में आएगी, बेस्ट जीपीएस प्रणाली लागू करेगी। इसके लिए गूगल के साथ करार किया जाएगा।

# रघुवंशी मिल में अवैध निर्माण पर मनपा का चला बुलडोजर

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**



मनपा प्रशासन ने मानसून पूर्व अवैध निर्माणों पर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था,जिसके तहत मनपा अब अवैध निर्माणों पर कठोर कार्रवाई शुरू कर दी है। लोअर परेल स्थित रघुवंशी मिल में हुए अवैध निर्माण को मनपा ने जमीनदोज कर दिया। मनपा सहायक आयुक्त मृदुला अंडे ने जानकारी दी कि लोअर परेल के रघुवंशी मिल में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण हुआ है,जिसको लेकर कई मामले मुंबई हाईकोर्ट और सिटी सिविल में लंबित पड़े है। उन्होंने बताया अवैध निर्माणों को लेकर चल रहे कोर्ट के मामलों में जिस तरह कोर्ट से मामले खारिज हो रहे और अवैध निर्माण को लेकर कॉर्ट से कार्रवाई करने के निर्देश मिल रहे है अवैध निर्माण को निष्काषित किया जा रहा है। सहायक आयुक्त ने बताया की उन्होंने बताया कि रघुवंशी मिल कंपाउंड के अंतर्गत पृथमेश टॉवर की भूतल पर मौजूद दुकान क्रमांक 3 और 4 पर में बने मधुबन टोयोटा,इचिबान टोयोटा और मुलमुल नामक एक होटल जो की अवैध निर्माण कर चलाया जा रहा था यह सभी तीनों लगभग 5 हजार वर्ग फुट में बना हुआ था जिसे धवस्त कर दिया गया। मनपा की यह कार्रवाई जी-दक्षिण विभाग के बिल्डिंग एंड फैक्ट्री विभाग द्वारा की गई। कार्रवाई मनपा उपायुक्त प्रशांत सपकाले और जी-दक्षिण वार्ड की सहायक आयुक्त मृदुला अंडे के मार्गदर्शन में की गई। अवैध निर्माण को लेकर वर्ष 2018 में मनपा प्रशासन ने मनपा की धारा 351 के तहत नोटिस जारी किया गया था।

# गोखले ब्रिज आखिर बनकर तैयार

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

### एक मई से खोलने की मनपा की योजना



अंधेरी पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण गोपालकृष्ण गोखले ब्रिज आखिर बनकर तैयार हो गया है। मनपा इस ब्रिज को पूरी तरह एक मई को खोलने की योजना बनाई है जबकि विक्रोली ब्रिज मई आखिरी एवं जून के पहले सप्ताह से शुरू करने की योजना बनाई है,मनपा अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर शुक्रवार को तरफीक पुलिस के अधिवकरियों के साथ अंधेरी गोखले ब्रिज और विक्रोली ब्रिज के चल रहे काम का जायजा लिया। मनपा अतिरिक्त आयुक्त ने जानकारी दी की गोखले ब्रिज बनकर पूरी तरह तैयार है और 30 अप्रैल तक ब्रिज पर बिजली आदि की व्यवस्था कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल के बाद ट्रैफिक पुलिस ब्रिज का निरीक्षण कर ब्रिज का उपयोग वाहनों के आवागमन के लिए कर सकती है। ब्रिज का एक हिस्सा पिछले साल 26 फरवरी को शुरू हुआ था। मनपा अतिरिक्त आयुक्त ने बताया की गोखले पुल का मुख्य निर्माण कार्य 100 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसमें रेलवे सीमा क्षेत्र का कार्य,दोनों ओर के रैंप और सी.डी.बर्फीवाला पुल से जोड़ने वाले कनेक्टर का कार्य शामिल है। प्रो. ना. सी. फडके मार्ग और पुल के मध्य भाग के कंक्रीट कार्य का क्यूरिंग पूरा हो रहा है। वहीं क्रैश बैरियर, रेलिंग, रंगाई, थर्मोप्लास्ट लाइनिंग, कैट आइज, बिजली के खंभे, दिशा सूचक बोर्ड आदि का कार्य अंतिम चरण में है। मनपा द्वारा निर्धारित समय सीमा के अनुसार यह पुल और संबंधित कार्य 30 अप्रैल तक पूरा कर लिया जायेगा। उसके बाद ट्रैफिक पुलिस के साथ समन्वय कर पुल को वाहनों के लिए खोलने का निर्णय लिया जाएगा।इसी तरह विक्रोली फ्लाईओवर का 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसमें पूर्व और पश्चिम दिशा के चढ़ाई/उतराई मार्ग तथा रेलवे क्षेत्र का कार्य शामिल है। पश्चिम की ओर सेंट जोसेफ स्कूल के पास पुल के तीन स्पैन का कार्य बाकी है जहां डेक स्लैब डाला जाना है। यह कार्य अभियांत्रिकी दृष्टि से चुनौतीपूर्ण है। यह सभी कार्य भी 31 मई तक पूर्ण करने के निर्देश अतिरिक्त आयुक्त ने ठेकेदार को दिया।

# लाखों रुपए एमडी ड्रग्स के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**नालासोपारा।** एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा नालासोपारा पूर्व क्षेत्र से एक 25 वर्षीय ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आचोले पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करवाया है। जानकारी के अनुसार, एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने मुखबिर के माध्यम से 23 अप्रैल को रात्रि लगभग 10 बजे के आसपास नालासोपारा पूर्व के आचोले तालाब,पंचम व्हयू बिल्डिंग के पास एक 25 वर्षीय शख्स को एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा,पुलिस ने बताया कि शख्स (आकाश विष्णुदेव तिवारी ) के पास 30.3 ग्राम वजन एमडी ड्रग्स बरामद किया गया है,जिसकी कुल 6,06,000 रुपए आकी गई है। पुलिस ने बताया कि,उक्त शख्स ड्रग्स को बिक्री हेतु रखा था। फिलहाल,उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके ऊपर आचोले पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। ज्ञात हो कि,पिछले कई माह से एमबीवीवी पुलिस विभिन्न क्षेत्रों में ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ युद्धस्तर पर कार्रवाई कर रही है। इसी माह में पुलिस ने करोड़ों रुपए के ड्रग्स और कई विदेशी नागरिक पकड़ चुकी है।

# प्रगति पर नाला सफाई का कार्य

**महानगर संवाददाता**
**वसई**

### विधायक स्नेहा दुबे-पंडित ने किया निरीक्षण



आगामी मानसून के दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने और जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए वसई-विरार शहर महानगरपालिका और स्थानीय प्रशासन युद्धस्तर पर काम कर रहा है। इसी क्रम में,वसई की विधायक श्रीमती स्नेहा दुबे-पंडित ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे नाला सफाई कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण दौरे की शुरुआत करते हुए,विधायक दुबे-पंडित ने जुचंद्र स्थित कर्मवीर भाऊराव पाटिल स्कूल के पास के नाले से लेकर पंचवटी ब्रिज से मधुबन नाला,नवघर ईस्ट श्मशान घाट से राजावली ब्रिज, सन सिटी के टोकपाड़ा टी पॉइंट नाला, पापड़ी इंडस्ट्रियल एस्टेट नाला और अंत में जी.जी.कॉलेज नाले का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान, विधायक ने प्रत्येक नाले पर आसपास के नागरिकों से बातचीत की और मानसून के समय आने वाली बाढ़ की स्थिति और अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने महानगरपालिका के अधिकारियों के साथ चर्चा की और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सफाई कार्य पूरा होने के बाद इन क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। दुबे-पंडित ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे चल रहे कार्य को जल्द से जल्द और गुणवत्ता के साथ पूरा करें।इस अवसर पर विधायक स्नेहा दुबे-पंडित ने कहा, "नाली सफाई का काम समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा हो, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। नागरिकों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।"निरीक्षण दौरे में वसई-विरार शहर महानगरपालिका के उपायुक्त नानासाहेब कामठे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित थे और उन्होंने विधायक को चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान, संबंधित तीन वार्डों के सहायक आयुक्त नीलेश म्हात्रे, संगीता घाडीगांवकर और अलका खैरे, उनके कर्मचारी विकास पाटिल, नीलेश जाधव, प्रभाकर धूमल, जितेंद्र नाइक के साथ-साथ वसई शहर मंडल अध्यक्ष महेश सरवणकर, वसई पूर्व दक्षिण मंडल अध्यक्ष उदय शेट्टी, प्रवीण गावड़े, अपर्णा पाटिल, हर्षाली गावड़े, धरेंद्र कुलकर्णी, नितिन भोईर, श्रीकांत चन्याल, सी.बी. मिश्रा, देवराम भाऊ, अक्षय कदम, राजेश नायर, हरीश बेदी, मनोज शर्मा और बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# मुंब्रा में नए रेलवे पुल का अंतिम चरण में काम

- दो माह में शुरू होंगी दो लेनें
- यातायात जाम से मिलेगी राहत

**ठाणे।** ठाणे जिले के मुंब्रा क्षेत्र में पुराने रेलवे पुल के समानांतर बनाए जा रहे नए चार लेन वाले पुल का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। मुंबई रेलवे विकास निगम (एमआरवीसी) द्वारा निर्मित इस नए पुल की दो लेनें अगले दो महीनों में आम जनता के लिए खोल दी जाएंगी,जबकि शेष दो लेनें दिसंबर 2025 से पहले चालू करने की योजना है। पुल के चालू होने से मुंब्रा की पुरानी पुल पर होने वाली भीड़भाड़ और मुंब्रा बायपास मार्ग की यातायात समस्याओं में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बता दें कि मुंब्रा,कलवा और ठाणे को जोड़ने वाले इस मार्ग पर भारी और हल्के वाहनों की संख्या हजारों में है। मौजूदा पुराना रेलवे पुल अत्यधिक जर्जर अवस्था में होने के कारण वर्षों से इसे मरम्मत के सहारे चालू रखा गया था। पुराने पुल के पास से गुजरने वाली सीमेंट की रेलिंग भी पहले खतरनाक ढंग से झुक गई थी, जिसके बाद रेलवे प्रशासन ने उसकी अस्थायी मरम्मत की थी।

# आज स्व .चंद्रशेखर आर शुक्ल की शोक सभा



**मुंबई।** श्री रामलीला उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व. चन्द्रशेखर आर शुक्ल का गत दिनों आकस्मिक निधन हो गया था, जिनकी शोक सभा (श्रद्धांजलि) दिनांक 26 अप्रैल (शनिवार) को लायंस क्लब ऑफ घाटकोपर प्लॉट न.ई 93 गरोडीया नगर घाटकोपर पूर्व में शाम 4. बजे से 6 बजे तक आयोजित किया गया है। समिति के सचिव दिवाकर मिश्र,कोषाध्यक्ष एस पी सिंह और समिति के आदेश मिश्र ने समस्त शुभचिंतको, समर्थकों तथा समिति के सभी पदाधिकारियों से विनम्र अपील कि है कि आप सब शोक सभा में उपस्थित होकर शुक्ल जी को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

# आपला दवाखाना का लोकार्पण

**महानगर संवाददाता**
**मीरारोड**



मीरारोड स्थित पेणकरपाड़ा में आपला दवाखाना का लोकार्पण मनपा के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. संभाजी पानपटे के हाथों सम्पन्न हुआ। महाराष्ट्र शासन के आपला दवाखाना आरोग्य उपक्रम के अंतर्गत हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे आपला दवाखाना की शुरुआत की गयी हैं। महाराष्ट्र शासन ने शहरी नागरिकों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत यह उपक्रम शुरू किया है। इस दवाखाने में सामान्य लोगों को निशुल्क जांच के अलावा डॉक्टरों द्वारा उपचार एवं दवा मिलेगी। मिरा - भायंदर शहर में अभी तक 3 आपला दवाखाना की शुरुआत हो चुकी है , इसके अलावा जल्द ही पांच और दवाखाना शुरू किया जाएंगा।

# वरिष्ठ नागरिकों के साथ धोखाधड़ी करने वाले गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

साइबर पुलिस,पश्चिम विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है,जो दिल्ली से ऑपरेट हो रहा था। आरोपी खुद को बजाज फाइनेंस के कर्मचारी बताकर शून्य ब्याज दर पर लोन देने का झांसा देकर वरिष्ठ नागरिकों से ठगी कर रहे थे।

इस मामले में शिकायत करने वाले 70 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक से आरोपियों ने बजाज फाइनेंस और यस बैंक के नाम पर नकली दस्तावेज भेजकर विश्वास में लिया और धीरे-धीरे 1.14 करोड़ रुपये की राशि विभिन्न खातों में जमा करवाने पर मजबूर किया।

घटना 28 अक्टूबर 2023 से 2 सितंबर 2024 के बीच हुई और मामले की शिकायत 4 मार्च 2024 को दर्ज की गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि दिल्ली के आनंद विहार, हरी नगर स्थित मेक्सिमाइजर मार्केटिंग (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड नामक कॉल सेंटर से यह फर्जीवाड़ा चलाया जा रहा था। पुलिस ने मामले में तीन आरोपी शहजाद लाल मोह. खान उर्फ रहमान (30), अनुज उत्तमसिंग रावत उर्फ अनिल कुमार यादव (30) और मोह. आमिर हुसैन (34) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 105 मोबाइल फोन और 1 लैपटॉप जब्त किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इन मोबाइल फोनों का उपयोग देशभर में दर्ज 132 साइबर अपराधों में हुआ था। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि जल्द लाभ देने वाले किसी भी स्कीम पर भरोसा न करें। सोशल मीडिया पर बिना दस्तावेज लोन देने वाली कंपनियों से सावधान रहें। किसी अजनबी के कहने पर कोई ऐप डाउनलोड न करें।

# चन्द्रमणि मिश्रा ने संभाला भांडुप सर्कल के मुख्य अभियंता का पद

**महानगर संवाददाता**
**भांडुप**



महावितरण के भांडुप शहरी सर्कल में वर्ष 2022 से मुख्य अभियंता पद पर कार्यरत सुनील काकड़े को गुरुवार 24 अप्रैल को पुणे सर्कल में समकक्ष पद पर स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने बिजली बिल वसूलने, बिजली लीकेज और बिजली चोरी रोकने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। इसके अलावा, उन्होंने विभिन्न चुनौतियों को बहुत कुशलतापूर्वक और सफलतापूर्वक पार किया है। सुनील काकड़े के स्थानांतरण के कारण मुख्य अभियंता का पद वर्तमान में कल्याण सर्किल के मुख्य अभियंता चंद्रमणि मिश्रा को प्रभार सौंपा गया है। मुख्य अभियंता चंद्रमणि मिश्रा मूल रूप से मुंबई के रहने वाले हैं। उन्होंने एनआईटी जयपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री विशिष्टता के साथ पूरी की है। जुलाई 2003 में वह अलीबाग में जूनियर इंजीनियर के रूप में तत्कालीन महाराष्ट्र राज्य विद्युत बोर्ड में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने सीधी भर्ती के माध्यम से उप कार्यकारी अभियंता के रूप में काम किया। वर्ष 2009 में सीधी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से उनका चयन कार्यकारी अभियंता के पद पर हुआ था। इस दौरान उन्होंने वाशी, औरंगाबाद और मुख्यालय में काम किया है। उसके बाद उन्हें मुख्यालय में विशेष परियोजना विभाग में अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नत किया गया और उन्होंने उल्लेखनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। उनके नेतृत्व में, 2019 से 2022 तक मुख्यमंत्री सौर कृषि पंप योजना के तहत राज्य में किसानों के लिए एक लाख सौर कृषि पंप चालू किए गए। साथ ही, महावितरण को उनके नेतृत्व में सौर छतों और ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने में अपनी विशेष उपलब्धियों के लिए विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। जून 2024 में उन्हें कल्याण प्रभाग के मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नत किया गया।


# स्पा की आड़ में देह व्यापार

### ठाणे में तीन दलाल गिरफ्तार, सात महिलाएं मुक्त

**ठाणे।** घोड़बंदर रोड स्थित कासारवडवली इलाके में एक स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ हुआ है। 'अमारा वेलनेस एंड हेल्थ स्पा' नामक इस सेंटर पर अनैतिक मानवी तस्करी विरोधी प्रकोष्ठ ने छापेमारी कर दो महिला दलाल और एक पुरुष दलाल को गिरफ्तार किया है, जबकि सात पीड़ित महिलाओं को उनकी चंगुल से मुक्त कराया गया। बता दें कि अपराध शाखा को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त स्पा में स्पा और मसाज के नाम पर असहाय महिलाओं से जबरन वेश्यावृत्ति कराई जा रही है। इस आधार पर 24 अप्रैल को पुराणिक कैपिटल स्थित दुकान नंबर 310 पर छापा मारा गया। पुलिस जांच में सामने आया कि चालक और मालिक की मिलीभगत से यह अवैध गतिविधि लंबे समय से संचालित हो रही थी। कार्रवाई के बाद कासारवडवली पुलिस स्टेशन में आरोपियों के खिलाफ अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम, 1956 की धारा 3, 4 और 5 के साथ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# आपली चिकित्सा महीने भर में दोबारा होगी शुरू

- दिसंबर से बंद है योजना, गरीब मरीजों को हो रही परेशानी
- लाइफिनिटी हेल्थ लिमिटेड नामक कंपनी को दिया ठेका



**मुंबई।** मनपा प्रशासन गरीब मरीजों को मुफ्त में होने वाली खून के जांच के लिए शुरू की गई आपली चिकित्सा योजना जो कि दिसंबर महीने से बंद हुई थी। मनपा ने यह अब योजना दोबारा शुरू कर रही है। मनपा अधिकारियों ने जानकारी दी कि आपली चिकित्सा योजना एक महीने में दोबारा शुरू हो जाएगी। मनपा द्वारा शुरू की गई निविदा प्रक्रिया में लाइफिनिटी हेल्थ लिमिटेड को ठेका मिलने की संभावना अधिकारियों ने व्यक्त की। मनपा अधिकारियों ने जानकारी दी कि फिलहाल ठेकेदार की नियुक्ति की निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अधिकारी का कहना है कि यह सेवा अत्यंत आवश्यक है इसलिए अगले एक महीने के भीतर इसे दोबारा शुरू किया जा सकता है।मनपा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस योजना के लिए दो कंपनियों – लाइफिनिटी हेल्थ लिमिटेड और थायरोकेयर ने निविदा जमा की है। इनमें से लाइफिनिटी हेल्थ ने सबसे कम दर की बोली लगाई है। 'आपली चिकित्सा' योजना के तहत नागरिकों को मनपा अस्पतालों और दवाखाने में मुफ्त दरों पर जांच कराने की सुविधा मिलती है। जांच की वास्तविक लागत और प्रस्तावित दर के बीच का अंतर मनपा द्वारा वहन किया जाता है। न्यूनतम बोली के अनुसार एक सामान्य जांच के लिए 90 रुपये की दर प्रस्तावित की गई है जबकि अनुमानित लागत 100 रुपये थी। अधिकारियों ने बताया कि 15 दिसंबर को पुराना अनुबंध समाप्त हो गया था और इसके बाद मनपा ने एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के तहत टेस्टिंग की इन-हाउस व्यवस्था शुरू की। मनपा ने दो कंपनियों से निविदाएं प्राप्त की है लेकिन कम कीमत पर समझौता न हो पाने के कारण अनुबंध नहीं हो पाया। पिछली बार मनपा ने चार वर्षों के लिए कृष्णा डायग्नोस्टिक को ठेका दिया गया था। लेकिन उसमें जांच की कुल संख्या सीमित थी जो पूरी होने पर अनुबंध स्वतः समाप्त हो गया।


**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER**
**MAHANADI PROJECT, RAIPUR (C.G.)**
**(CHHATTISGARH)**

**e- PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**CORRIGENDUM NO. I**

**NIT No.: 01/SAC/25-26** **Dated: 01-04-2025**
**system Tender No. 166439 (2nd Call)**

Whose G No. 252600167 due to including Chhattisgarh Government WRD Mantralaya Mahanadi Bhavan, Nava Raipur, Atal Nagar Letter No. Letter No. 1664/F-7-7/S-2/ 31/2001 dated 09-04-2025 and letter 1751 /F-7-7/S-2/31/2001 Dated 21-04-2025 in tender document from B (Envelope C) following amendments are made :-

| S.No. | Particulars | Previous Published | Amendments as |
|---|---|---|---|
| 1 | Bid due date and time | **Date 21.04.2025 (Time 17.30 Hours)** | **Date 05.05.2025 (Time 17.30 Hours)** |
| 2 | Bid Open Start date and time | **Date 22.04.2025 (Time 11:30 Hours)** | **Date 06.05.2025 (Time 11:30 Hours)** |

**Note :-** All other terms and conditions of NIT will remainunchanged and the detailsamendment can be seen in Chhattisgarh **https://eproc.cgstate.gov.in** website

Sd/-
Excutive Engineer
Water Resources Division, Kondagaon
For, Chief Engineer, Mahanadi Project
Raipur (C.G.)

G-252600498/2


# पश्चिम रेलवे चलाएगी बांद्रा टर्मिनस और भावनगर टर्मिनस के बीच स्पेशल ट्रेन

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**




पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा आखातीज त्योहार के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए बांद्रा टर्मिनस और भावनगर टर्मिनस स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है। ट्रेन संख्या 09013/09014 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल (02 फेरे) ट्रेन संख्या 09013 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल मंगलवार, 29 अप्रैल, को बांद्रा टर्मिनस से 19:25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09:00 बजे भावनगर टर्मिनस पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09014 भावनगर टर्मिनस-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल बुधवार, 30 अप्रैल को भावनगर टर्मिनस से 17:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 07:25 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद, सुरेंद्रनगर गेट, बोटाद जं., धोला जं., सोनगढ़ और सिहोर (गुजरात) स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 3 टियर और एसी चेयर कार कोच होंगे। ट्रेन संख्या 09013 एवं 09014 की बुकिंग 26 अप्रैल से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# सीबीआई की देशभर में छापेमारी

**आयकर विभागकर्मी और प्राइवेट व्यक्ति हुआ गिरफ्तार**




महानगर संवाददाता

मुंबई

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पूरे भारत में आयकर विभाग में छापेमारी की है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। जिसमें एक प्राइवेट व्यक्ति और एक आयकर कर्मी भी शामिल है। यह गिरफ्तारी जांच में मिले पुख्ता सबूत के आधार पर की गई है।

मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी कुछ और लोगों के साथ मिलकर धोखाधड़ी की इस घटना को अंजाम देते थे। वे ऐसे करदाताओं से संपर्क करते थे,जिन्होंने बड़े पैमाने पर अपना टैक्स बकाया रखा है। ये उन्हें अनुकूल आदेश दिलाने के लिए पैसों की मांग करते थे। दरअसल भारत सरकार ने फेसल्स मूल्यांकन योजना लागू करने पर जोर दिया है, जिससे मामले में अधिकारी कौन है और फाइल किसके पास है इसका पता न चल सके। दोनों के बीच कोई भी प्रत्यक्ष संपर्क नहीं होता है। इसके बावजूद आरोपी अधिकारियों का नाम और दूसरी जानकारी हांसिल कर उसका गलत तरीके से इस्तेमाल करते थे।

दरअसल सीबीआई को आयकर विभाग से शिकायत मिली थी, जिसके बाद जांच की यह प्रक्रिया शुरू की गई है। सीबीआई ने मुंबई समेत ठाणे और दूसरे राज्यों में कुल 18 जगह पर छापेमारी की थी। जिसमें सीबीआई के हाथ महत्वपूर्ण दस्तावेज लगे हैं।

जानकारी के मुताबिक मामले में एक आयकर उपायुक्त, दो आयकर निरीक्षक, पांच चार्टर्ड अकाउंटेंट, एक निजी व्यक्ति और अज्ञात अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है।

# पाकिस्तानी नागरिक 48 घंटे में छोड़ें देशः सीएम फडणवीस

**पुलिस की तरफ से मॉनिटरिंग, रूके तो होगी कार्रवाई**

महानगर संवाददाता

मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द करने का निर्णय लिया है। महाराष्ट्र में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने को कहा गया है, यदि वे इसके बाद भी रूके तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द करने का निर्णय लिया है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में 28 मासूम पर्यटकों की मौत हो गई है। इसमें सबसे अधिक 6 पर्यटक महाराष्ट्र के हैं।

**पाकिस्तानी अभिनेताओं से कोई सहानुभूति नहीं**

उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तानी नागरिकों की लिस्ट तैयार की है। यह लिस्ट पुलिस स्टेशनों को दे दी गई है। कोई भी पाकिस्तानी वीजा लेकर 48 घंटे ये ज्यादा यहां नहीं रुके, इसकी निगरानी की जाएगी। इसके बाद



भी लोग रूकेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी इस बारे में गृह मंत्री अमित शाह से चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पाकिस्तानी अभिनेताओं और खिलाड़ियों को लेकर हमारे मन में कोई सहानुभूति नहीं है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जो भी बोलते हैं, वे करते हैं। जब-जब हमला हुआ है, पीएम मोदी ने करारा जवाब दिया है।

**राहुल गांधी को शीर्ष अदालत ने मारा झन्नाटेदार चांटा**

सुप्रीम कोर्ट ने विनायक दामोदर सावरकर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को कड़ी फटकार लगाई है। शीर्ष न्यायालय ने राहुल गांधी की वीर सावरकर पर टिप्पणी को गैरजिम्मेदाराना बताया। कोर्ट ने कहा कि उन्होंने हमें आजादी दिलाई, लेकिन आप उनके साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि वीर सावरकर का अपमान करने वाले राहुल गांधी को जिस प्रकार ने अदालत ने झन्नाटेदार चांटा मारा है, मैं इसके लिए सुप्रीम कोर्ट का बहुत आभार प्रकट करता हूं।

**शिवसेना यूबीटी पर साधा निशाना**

मुख्यमंत्री फडणवीस ने पहलगाम हमले को लेकर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के न शामिल होने पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस देश का इतिहास रहा है कि जब भी बात देश की आती है, तब सभी राजनीतिक दल एक साथ खड़े होते हैं। जब दुश्मन हमला करता है तो हमारे देश का हर राजनीतिक दल मतभेद नहीं देखते हैं, लेकिन जिस तरह छोटे मन का काम हो रहा है, उसे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

# अब तक 800 टूरिस्ट पहुंचे महाराष्ट्र

- 232 यात्रियों को लेकर विमान पहुंचा मुंबई
- अकोला,जलगांव के अधिकांश यात्री



महानगर संवाददाता

मुंबई

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अब तक 800 पर्यटक वापस महाराष्ट्र पहुंच चुके हैं। गुरुवार तक 500 पर्यटक वापस लौटे थे, शुक्रवार शाम को 232 यात्रियों को लेकर विशेष विमान मुंबई पहुंचा। इस दौरान एयरपोर्ट पर सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने पर्यटकों का स्वागत किया। इनमें से अधिकांश पर्यटक अकोला जलगांव,अमरावती के हैं,उनकी आगे की यात्रा के लिए बसों की व्यवस्था की गई है।

गुरुवार को दो विशेष उड़ान से 184 यात्री वापस महाराष्ट्र लौटे थे। शुक्रवार को तीसरी विशेष उड़ान से 232 यात्री मुंबई पहुंचे। इन तीन उड़ानों से महाराष्ट्र से कुल 416 पर्यटक लौटे, जबकि अन्य माध्यमों से अब तक करीब 800 यात्री वापस आ चुके हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 60 से 70 पर्यटकों के अनुरोध प्राप्त हुए हैं तथा उनकी यात्रा की व्यवस्था राज्य सरकार की तरफ से की जा रही है। राज्य सरकार अनुरोध प्राप्त होते ही उन पर्यटकों को वापस लाने की व्यवस्था कर रही है। इधर कश्मीर से वापस लौटे पर्यटकों का मुंबई एयरपोर्ट पर सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने स्वागत किया।

**मृत कश्मीरी युवक को पांच लाख**

पहलगाम में पर्यटकों की जान बचाने वाले 20 वर्षीय युवक सैयद आदिल हुसैन शाह की आतंकी हमले में मौत हो गई। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सैयद के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को पांच लाख रुपए की मदद की है। पहलगाम में मदद के लिए गए शिवसेना कार्यकर्ता व सरहद संस्था के पदाधिकारियों के माध्यम से सैयद के परिजनों को धनादेश दिया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सैयद के परिजनों से बातचीत की। 20 वर्षीय सैयद आदिल पहलगाम में पर्यटकों को घोड़े पर बैठाकर सैर कराने का काम करता था। उसके घोड़े पर जो पर्यटक पहलगाम की सैर कर रहा था, उसने उसे बचाने की कोशिश की। आतंकवादी सामने आने पर सैयद ने साहस दिखाते हुए एक आतंकवादी की राइफल छीनने की कोशिश की। आतंकवादियों ने उसे गोली मार दी, जिसमें उसकी मौत हो गई।

विमान शुक्रवार शाम 6 बजे एयरपोर्ट पहुंचा। ये यात्री अकोला, जलगांव और धुले के रहने वाले हैं। उन्होंने यहां आने पर मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और सरकार के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया।

**पर्यटकों को वापस लाने का खर्च 65 लाख**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद वहां फंसे महाराष्ट्र को वापस लाने के लिए सरकार ने गिरिकंद ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड को तकरीबन 65 लाख रुपए का भुगतान किया हैं। राज्य सरकार ने तीन शासनादेश जारी कर यह राशि राशि गिरिकंद ट्रैवल्स को दी। पहले आदेश में कुल 11,65,24, दूसरे आदेश में 1,74,976 रुपए आर तीसरे में 8,61,040 रुपए दिए गए। इस तरह कुल 64 .01 लाख रुपए अदा किए गए।

# प्रॉपर्टी विवाद में भाई ने की बहन की हत्या

**पिता की प्रॉपर्टी को लेकर दोनों के बीच झगड़ा**

**मुंबई** । जुहू इलाके में पारिवारिक विवाद ने एक दर्दनाक मोड़ ले लिया,जब प्रॉपर्टी के बंटवारे को लेकर हुए झगड़े में भाई ने अपनी बहन की चाकू मारकर हत्या कर दी। यह घटना जुहू के लल्लूबाई पार्क इलाके की है,जहां एक 48 वर्षीय व्यक्ति,आशीष रघुनाथ करंदीकर को मुंबई पुलिस ने हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान 45 वर्षीय नवाया किरण पैंगणकर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, लल्लूबाई पार्क स्थित एक पुरानी चाल का रिडेवलपमेंट होने जा रहा था। इसी दौरान, परिवार के भीतर प्रॉपर्टी को लेकर मतभेद गहराते गए। रिडेवलपमेंट की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही पिता का देहांत हो गया था,जबकि मां अभी जीवित हैं। लेकिन पिता की संपत्ति के बंटवारे को लेकर भाई और बहन के बीच विवाद बढ़ता गया।

# गणपति मूर्तिकारों की बैठक में हुई मार पीट

**पीओपी और मिट्टी की मूर्ति बनाने वालों में विवाद**
**बैठक में पानी की बोतले फेक कर हुई मारपीट**

महानगर संवाददाता

मुंबई

मनपा प्रशासन द्वारा पर्यावरण के अनुकूल गणेशोत्सव मनाने के लिए आयोजित की गई एक बैठक में मारामारी हुई। बैठक में पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) मूर्ति निर्माताओं और मिट्टी के मूर्तिकारों के बीच जबरदस्त विवाद हुआ। इस विवाद ने इतना तूल पकड़ा कि पानी की बोतलें और कुर्सियां एक-दूसरे पर फेंकी गईं। बैठक के बाद पीओपी मूर्तियों के खिलाफ बोलने वाले वसंत राजे पर हमला हुआ और उन्हें गंभीर चोटें आईं। राजे ने भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। बता दें कि मुंबई हाईकोर्ट द्वारा पीओपी मूर्तियों पर प्रतिबंध लगाने के आदेश के बाद,मुंबई महापालिका और पुलिस ने माघी गणेशोत्सव में इस प्रतिबंध को लागू किया। यह प्रतिबंध आगामी गणेशोत्सव में भी लागू रहेगा, जिसके लिए महापालिका ने मूर्तिकारों से बातचीत करने के लिए बैठक आयोजित की थी। बैठक परेल स्थित एफ दक्षिण कार्यालय में आयोजित की गई थी,जिसमें केवल शाडू माती के मूर्तिकारों और पीओपी मूर्तियों के निर्माताओं को बुलाया गया था। बैठक के दौरान मिट्टी के मूर्तिकार और पीओपी के कारीगरों के बीच बहस बढ़ते हुए हिंसक रूप में बदल गई। जो मारपीट का रूप धारण कर लिया पानी की बोतलें,माइक और कुर्सियां एक-दूसरे पर फेंकी गईं। बैठक के बाद जब मूर्तिकारों के प्रतिनिधि बाहर जा रहे थे,तब पीओपी मूर्तियों के खिलाफ बोलने वाले वसंत राजे पर दो हमलावरों ने हमला किया।

# शिर्डी एयरपोर्ट पर दो हेलीपैड निर्माण को मंजूरी

**अमरावती एयरपोर्ट की रनवे विस्तार की योजना पेश करने का निर्देश**

महानगर संवाददाता

मुंबई

आगामी नाशिक-त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेले के मद्देनजर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिर्डी हवाई अड्डे पर दो हेलीपैड और आठ वाहन पार्किंग स्थल का निर्माण,साथ ही हवाई अड्डे के विस्तार एवं आधुनिकीकरण को महाराष्ट्र हवाई अड्डा प्राधिकरण की बैठक में मंजूरी दी। साथ ही अमरावती एयरपोर्ट की रनवे विस्तार योजना प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

महाराष्ट्र हवाई अड्डा प्राधिकरण के संचालक मंडल की बैठक सह्याद्री अतिथि गृह के सभागार में आयोजित की गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी उपस्थित थे। प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक स्वाति पांडे ने प्रस्तुति के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरावती में औद्योगिक क्षेत्र का तीव्र गति से विस्तार हो रहा है, इसलिए वहां के रनवे का




विस्तार आवश्यक है। साथ ही एयरपोर्ट से राजस्व अर्जित करने के लिए एक योजना भी तैयार की जाए। उन्होंने यह भी बताया कि शिर्डी हवाई अड्डे पर कार्गो टर्मिनल का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। चूंकि शिर्डी एयरपोर्ट, नाशिक के निकट है, अतः कुंभ मेले के दौरान हवाई मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह सुविधाजनक रहेगा। संभावित भीड़ और नासिक एयरपोर्ट की सीमित क्षमता को ध्यान में रखते हुए शिर्डी एयरपोर्ट के विस्तार की योजना को मंजूरी दी गई है। इसमें 8 वाहन पार्किंग स्थल, 2 हेलीपैड और टर्मिनल का आधुनिकीकरण शामिल है। इसका लाभ कुंभ मेले के दौरान विमानों एवं हेलीकॉप्टर सेवाओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि लातूर जिले का विविध क्षेत्रों में तीव्र विकास हो रहा है, जिससे लातूर एयरपोर्ट का महत्व और भी बढ़ गया है। अतः इस एयरपोर्ट का शीघ्र विकास किया जाना चाहिए, जिससे लातूर के साथ-साथ बीड़ और धाराशिव जिलों को भी लाभ मिलेगा। चंद्रपुर हवाई अड्डे पर चार्टर्ड विमानों के उतरने की सुविधा हेतु रनवे का विस्तार किया जाए। वहीं, गडचिरोली के एयरपोर्ट के लिए दो-तीन वैकल्पिक स्थलों पर विचार करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर रत्नागिरी, अकोला, कोल्हापुर, नांदेड और धुले हवाई अड्डों के कार्यों की भी समीक्षा की गई। क्षेत्रीय संपर्क योजना के अंतर्गत वर्तमान में राज्य में 16 मार्गों पर विमान सेवाएं संचालित हो रही हैं, और उड़ान योजना के तहत राज्य के 8 प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे गए हैं।

# लोकल के सामने कूदकर युवक ने की आत्महत्या

**मुंबई।** माहिम रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार रात एक दर्दनाक घटना सामने आई,जब एक 40 वर्षीय युवक ने लोकल ट्रेन के नीचे आकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान संदीप सखाराम सुर्वे के रूप में की गई है,जो ठाणे के कोपर इलाके का रहने वाला था। मुंबई सेंट्रल रेलवे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,यह घटना शुक्रवार रात लगभग 12:45 बजे घटी। प्लेटफॉर्म पर मौजूद कुछ लोगों ने एक शख्स को लोकल ट्रेन की पटरियों के पास देखा, लेकिन इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, वह ट्रेन के नीचे आ गया। पुलिस को सूचना मिलने के बाद तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और संदीप को नायर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**आत्महत्या की वजह का पता लगाने में जुटी पुलिस**



पुलिस ने मौके पर पंचनामा किया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद शव को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसकी पत्नी को सौंप दिया गया है। प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन आत्महत्या के पीछे की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है।

# संकट के समय यूरोप में छुट्टियां मना रहे वापस लौटे : म्हस्के

**मुंबई।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले की घटना के बाद देश में संकट का माहौल है। महाराष्ट्र से कश्मीर गये हजारों पर्यटकों की सही-सलामत लाने के लिए शिवसेना के मुख्य नेता और राज्य के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे खुद श्रीनगर में डेरा डाले हुए हैं। परंतु ऐसे राष्ट्रीय संकत के माहौल में ठाकरे परिवार विदेश में छुट्टियां एन्जॉय कर रहा है। इस प्रकार का जोरदार हमला शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने बोला है। वे बालासाहेब भवन में आयोजित पत्रकार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सांसद म्हस्के ने कहा कि प्रधानमंत्री विदेश दौरा अधूरा छोड़कर स्वदेश लौटेस अमित शाह स्वयं पहलगाम पहुंचे। श्रीनगर में मदद की राह देख रहे मराठी पर्यटकों के लिए उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे वहां पहुंचे तो उबाठा गुट को मिर्ची क्यों लग रही है? यहां के पर्यटकों के लिए तुमने पानी की बोतल भी भेजी है क्या? इस प्रकार का दो टूक सवाल सांसद म्हस्के ने संजय राऊत से पूछा है। मराठी अस्मिता, मराठी हित की डींग हांकने वाले क्यों नहीं अपना विदेश दौरा छोड़कर देश में लौटे, इस प्रकार का तीखा तंज भी उन्होंने उबाठा को लगाया है।


**जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण**
(पत्तन योजना एवं विकास विभाग)
INDIA'S BEST PERFORMING PORT | जनेप प्राधिकरण JNPA

**लघु ई-निविदा सूचना**

**निविदा क्रमांक: पीपीडी/डीजीएम-1/आरसीसी ड्रेन/टी-19/2025 दिनांक 24.04.2025**

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण केद्वारा प्रतिशत दर आधार पर निविदाएँ **"ऑनलाइन"** आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक **28.04.2025 से 26.05.2025** तक दो भागों में प्राप्त की जाएंगी। यह निविदा उन अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है जो इस निविदा में उल्लिखित "न्यूनतम पात्रता मापदंड" को पूरा करते हैं। कार्य का नाम है: **"जेएन पोर्ट पर रेलवे बैलेंसर कल्वर्ट क्रमांक 08, 09 और 10 से जोड़ने के लिए जसखार गांव के साथ आरसीसी ड्रेन का निर्माण कार्य।"** कार्य की अनुमानित लागत **₹3,64,58,200/- (जीएसटी को छोड़कर)** है। **कार्य पूर्ण करने की समय सीमा 08 माह है, जिसमें मानसून अवधि शामिल है और 15 दिन की मोबिलाइज़ेशन अवधि को छोड़कर।** निविदा शुल्क **₹11,800/- (गैर-वापसी योग्य)** आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से देय है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना सहित निविदा दस्तावेज जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण की वेबसाइट "www.jnport.gov.in" या "https://eprocure.gov.in" पर उपलब्ध है।

**मुख्य महाप्रबंधक**
**पत्तन योजना एवं विकास विभाग**



Nippon india Mutual Fund
Wealth sets you free

Mutual Fund Investor Awareness Program

To increase awareness about Mutual Funds, we conduct Investor Awareness Programmes (IAPs) across the country. Schedule of upcoming IAP is as mentioned below:

| Date | Time | Location |
| --- | --- | --- |
| 26th April, 2025 | 06:30 PM | Pune |

**Venue:** Atlantis Events & Party Venue, Sacred World Mall, Vitthal Rao Shivarkar Rd, Wanwadi, Pune, Maharashtra - 411040.

**Name:** Shubhangi Gupta | **Mob. No.:** 9136007135

Nippon Life India Asset Management Limited | CIN : L65910MH1995PLC220793

Good gets better

Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.



**भारतीय थल सेना**
**JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER**
**www.joinindianarmy.nic.in**

सत्यमेव जयते

**अधिकारी प्रविष्टि**

तकनीकी स्नातक कोर्स (टी जी सी-142) (जनवरी 2026 में निर्धारित) के लिए ऑनलाइन आवदेन आमंत्रित किए जाते हैं।

आवदेन 30 अप्रैल 2025 से 29 मई 2025 तक खुले रहेगें।

**OFFICER ENTRY**

Online applications are invited for Technical Graduate Course (TGC-142) (scheduled in Jan 2026).

Applications open from **30 Apr 2025** to **29 May 2025.**

नोट :-
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

**Note:-**
1. **Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.**
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.

CBC 10601/11/0012/2526


# मनपा ने 10 दिनों में पेड़ों से निकाली 50 किलो कील

**मुंबई।** वृक्ष संजीवनी अभियान 2.0 के तहत मनपा प्रशासन पिछले 10 दिनों में पेड़ों से 50 किलो लोहे की कील निकाल चुकी है। इसी तरह पेड़ों पर टांगे 1213 पोस्ट बैनर भी हटाए गए। इस दौरान 3945 पेड़ों से पोस्ट,बैनर और कील सहित केबल हटाए गए हैं। मनपा गार्डन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले 10 दिनों में 808 पेड़ों को जड़ों में मिट्टी भरी गई है। अधिकारी ने बताया कि इन कामों में कुल 10 स्वयंसेवी संस्था के 213 लोगों ने भाग लिया है। जबकि कॉलेज के स्टूडेंट्स भी शामिल हैं। महानगर में तेजी से बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर और पेड़ों की कटाई के कारण मुंबई हरियाली पर उसका प्रभाव पड़ रहा है।मनपा अब पेड़ों के रखरखाव के प्रति बढ़ती उदासीनता बड़ी समस्या बन गई है। मुंबई में 29.75 लाख से अधिक पेड़ हैं,लेकिन उनके रखरखाव एवं देखभाल के लिए मनपा के पास कोई खास उपाय योजना नहीं है। लोग पेड़ों में कील ठोंक देते हैं, पोस्टर, बैनर लगाते हैं,इससे पेड़ों को काफी नुकसान होता है। इससे पहले वर्ष वर्ष 2022 में मनपा ने पेड़ों की सुरक्षा के लिए अभियान चलाया था। तब पेड़ों से कील निकाली गई थी, पोस्टर बैनर हटाए गए थे।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

**1. निविदा सूचना सं.:** ई-आर-टी-17-25-26 दिनांक: 22.04.2025 **कार्य का नाम:** एडीईएन/II/भिलाई के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दुर्ग-अंतागढ़ खंड के बीच LHS/RUB पर ऊंचाई गेज का प्रावधान। (DD-14, DD-60, DD-62, RUB-256, 260, 262, 263, 266, 273 और 275) | **निविदा मूल्य:** ₹ 99,25,786/- | **ईएमडी:** ₹ 1,98,500/-

**2. निविदा सूचना सं.:** ई-आर-टी-18-25-26 दिनांक: 22.04.2025 **कार्य का नाम:** मेमू कार शेड भिलाई, पीपी यार्ड व डब्ल्यूआरएस/रायपुर के मौजूदा कवर्ड शेड में क्षतिग्रस्त गटर व यूवी शीट का प्रतिस्थापन। | **निविदा मूल्य:** ₹ 1,25,14,408/- | **ईएमडी:** ₹ 2,12,600/-

**3. निविदा सूचना सं.:** ई-आर-टी-19-25-26 दिनांक: 22.04.2025 **कार्य का नाम:** एडीईएन/II/भिलाई के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अंतागढ़ से गुदुम के बीच LHS की पहुंच सड़क में सुधार। (LHS क्रमांक 199, 230, 247, 263, 266, 273, 279 और 281)। | **निविदा मूल्य:** ₹ 1,31,92,953/- | **ईएमडी:** ₹ 2,16,000/-

**4. निविदा सूचना सं.:** ई-आर-टी-22-25-26 दिनांक: 22.04.2025 **कार्य का नाम:** रायपुर मंडल के अयस्क लोड यार्ड के एमएक्सए छोर पर वैगन टिपलर-5 और वैगन टिपलर-6 के लिए सिग्नलिंग एंट्री के साथ-साथ भिलाई स्टील प्लांट की MGR (मेरी गो राउंड) साइडिंग को जोड़ने के कार्य का निष्पादन।| **निविदा मूल्य:** ₹ 3,47,20,983/- | **ईएमडी:** ₹ 3,23,600/-

**निविदा प्रस्तुति:** दिनांक **20.05.2025** के **11:00** बजे तक। | **निविदा खोला जाना:** दिनांक **20.05.2025** को **11:00** बजे।

विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं कार्य के पूर्ण विवरण हेतु वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय), एस.ई.सी रेलवे, रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन / डाउनलोड करें।

**वरिष्ठ मंडल अभियंता (II),**
PR/R/ENGG/PC/15 **द.पू.म. रेलवे, रायपुर**
South East Central Railway @secrail



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**पंडित मदन मोहन मालवीय शताब्दी मनपा सर्वसाधारण अस्पताल, गोवंडी (पू.), मुंबई - 400 088**

**क्र. एचओ/714/सीएचजी, दिनांक 25.04.2025**

**सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका, शताब्दी मनपा सर्वसाधारण अस्पताल, गोवंडी (पू.) (एमजीसी/एच/5810/ मनपा आयुक्त की 20 मार्च 2025 की मंजूरी अनुसार) तथा 22 माह (179 दिवसों के पश्चात एक दिवसीय ब्रेक के साथ) हेतु 01 प्लंबर की सेवा स्थानीय पंजीकृत एनजीओ (मुंबई पब्लिक ट्रस्टी प्रणाली) से अस्थायी संविदा आधार पर सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है.

इच्छुक एनजीओ के लिए आवेदन पत्र शताब्दी मनपा सर्वसाधारण अस्पताल, गोवंडी (पू.) से 01 प्लंबर हेतु रु. 726/- तथा वस्तु एवं सेवा कर सहित, "बृहन्मुंबई महानगरपालिका " के नाम पर नकद या बैंक डीडी द्वारा शुल्क भुगतान कर मनपा नागरी सुविधा केंद्र (सीएफसी) से दिनांक 26.04.2025 से 07.05.2025 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक (जीएसी अवकाश एवं साप्ताहिक अवकाश को छोड़कर) प्राप्त किया जा सकता है. पात्र संस्थाओं की सूची में से लॉटरी प्रक्रिया द्वारा सफल संस्थाओं को कार्य आवंटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया जाएगा, जो निर्धारित नियम व शर्तों के अनुसार होगा.

इच्छुक संस्थाएं अधिक जानकारी, आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए संबंधित अस्पताल के प्रशासनिक कार्यालय से प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक संपर्क कर सकती हैं.

संस्था के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 08.05.2025 को दोपहर 01:00 बजे तक है. इस संदर्भ में प्राप्त दस्तावेजों को 09.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे खोला जाएगा.

**हस्ता./-**
**मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी)**
शताब्दी महानगरपालिका सर्वसाधारण अस्पताल, गोवंडी (पू.)

पीआरओ/245/विज्ञा./2025-26

**कहीं भी पानी जमा ना होने दें, मच्छरों को आमंत्रित ना करें.**

## बर्बाद होते चीनी ड्रैगन


90% चर्चा इस बात पर होती है कि चीन ने विश्व अर्थव्यवस्था को कैसे हाईजैक किया और कैसे वे ऐसा करने के लायक नहीं हैं, कैसे सभी राजनेताओं ने हमें निराश किया है और कैसे वे सभी बौद्धिक संपदा चुरा रहे हैं और कैसे हम बर्बाद हो जाएँगे यदि हम टिकटॉक डाउनलोड करना बंद नहीं करते हैं। यह सत्य है या नहीं, यह लेख इस कथन से असहमत होने के बारे में नहीं है। इसका आशय इस तथ्य के बारे में नहीं है कि अमेरिका में एक औसत चीनी छात्र अपने काम के घंटों के मामले में अन्य सभी छात्रों (भारतीयों सहित) से बेहतर है और उसका एकमात्र नुकसान यह है कि उसकी अंग्रेजी अच्छी नहीं है लेकिन वह उस स्तर पर पहुँच रहा है। यह लेख इस तथ्य के बारे में नहीं है कि चीन के लोग कड़ी मेहनत करते हैं जबकि इतालवी लोग छुट्टियाँ मनाते हैं और फ्रांसीसी लोग 4 दिन का सप्ताह चाहते हैं अथवा आप भारत में एक अच्छे मशीनिस्ट या जालसाज को काम पर नहीं रख सकते क्योंकि वे सभी कॉल सेंटर में बैठे हैं और तकनीकी रूप से चुनौती प्राप्त अमेरिकियों के सवालों का जवाब दे रहे हैं। ये सत्य है कि चीन और उसके लोग उस स्थान के लायक नहीं हैं जहाँ वे पहुँचे हैं। यह लेख एक ऐसे उद्योग के बारे में है, जिसमें चीन को भारत ने मात दी है। सरकार ही नहीं, वास्तव में कंपनियां ही प्रतिस्पर्धा करती हैं और जहां तक भारत का सवाल है, विनिर्माण के पतन के लिए जिम्मेदार लोग ये कंपनियां हैं। मुंबई में इंजीनियरिंग कॉलेज जिसे सर्वश्रेष्ठ में से एक माना जाता है, से किसी ने जिस भी शाखा में अध्ययन किया है- मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल, प्रोडक्शन, टेक्सटाइल, 80% सॉफ्टवेयर उद्योग के लिए कोडर बन जाते हैं। उन कॉलेजों में प्लेसमेंट के लिए, साक्षात्कार के वक्त कैंपस आयोजित करने के लिए हर कॉलेज में प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अधिकारी (टीपीओ) द्वारा बताया जाता है कि प्रौद्योगिकी कंपनियों को प्राथमिकता दी जाती है। लेकिन यह समझ में नहीं आता, क्या इंजन बनाना तकनीक नहीं है? भारत में इसे तकनीक नहीं, विनिर्माण के रूप में लिया जाता है। TCS के किसी कर्मचारी द्वारा न्यूयॉर्क में बैंक के लिए कोबोल कोड लिखना तकनीक माना जाता है। हो सकता है कि चीनियों ने हमें ऐसा करने के लिए मजबूर किया हो। भारतीय कंपनी बजाज ऑटो ने अपना R&D बनाया। बैच दर बैच मोटरसाइकिलों की डिजाइनिंग और निर्माण को आकर्षक बनाना और इसके लिए भुगतान करना। चयन अनुपात 1:15 था। अधिकांश IIT, REC और VJTI में टॉपर थे जो बिल्कुल बेकार थे। वे कार्नोट साइकिल नहीं बना सकते थे, डीजल और पेट्रोल इंजन के बीच अंतर नहीं बता सकते थे, उन्हें ऊंचाई और योजना दें, वे साइड व्यू नहीं बना सकते थे। उनमें से अधिकांश कोड लिखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे, जैसा कि भारत में प्रचलन चल रहा है लेकिन ऐसे रत्न भी हैं, जो भावुक और जानकार हैं लेकिन अंग्रेजी में व्यक्त नहीं कर सकते हैं। जब हिंदी, मराठी, तेलुगु, तमिल और इसी तरह के अन्य भाषाओं में साक्षात्कार आयोजित किया जाय तो ऐसे रत्न मिलते हैं। ये भारतीय, सरकार, अंग्रेजी बोलने, लिखने वाले एलीट क्लास अपने को समझने वाले से लाख गुना बेहतर हैं। वर्ष 2005 में, चीनी मोटरसाइकिलों ने 30% सस्ते उत्पादों के साथ भारत पर हमला किया। कई डीलरों ने उन्हें बेचना शुरू कर दिया। प्रेस ने भारतीय निर्माताओं के खत्म होने की भविष्यवाणी की। 6 महीने के भीतर वे दिवालिया हो गए। उनकी गुणवत्ता भारतीय मोटरसाइकिलों के बराबर नहीं थी। वे फिर कभी वापस नहीं आए। बजाज ने फिर अफ्रीका में उन पर हमला करना शुरू कर दिया। अफ्रीकियों के पास दो विकल्प थे; महंगी जापानी मोटरसाइकिलें खरीदें या सस्ती चीनी मोटरसाइकिलें। चीनी मोटरसाइकिलें एक बॉक्स में आती थीं। आप बॉक्स खरीदते हैं और उसे मैकेनिक के पास ले जाते हैं और वह उसे असेंबल कर देता है। नाइजीरिया में मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल टैक्सी के रूप में किया जाता है। इसलिए कोई भी आपको एक पैसा भी ज़्यादा नहीं देगा। ऐसे ही बाजार में बजाज ने अपनी पूरी तरह से असेंबल की गई मोटरसाइकिल लॉन्च की और कड़ी मेहनत की। कीमत चीनी से ज़्यादा और जापानी से कम। आज बजाज मार्केट लीडर है। टीवीएस दूसरे नंबर पर है। चीनियों को बाहर कर दिया गया है। आप ओकाडा (टैक्सी ड्राइवर) के बजाज बाइक के प्रति प्रेम को बखूबी देख सकते हैं। अफ्रीका में देश दर देश, दक्षिण अमेरिका में भारतीयों ने बाजार पर कब्जा कर लिया और चीनियों को बाहर कर दिया है। 2018 में भारत दुनिया में दोपहिया वाहनों का सबसे बड़ा निर्माता बन गया (चीन से दोगुना)। भारतीय कंपनियों ने यूरोपीय ब्रांड खरीदना शुरू कर दिया है। यूरोप में मोटरसाइकिलों का मार्केट लीडर बीएमडब्ल्यू नहीं, बजाज के स्वामित्व वाली केटीएम है। चीन न केवल बाइक के निर्माण में बल्कि घटकों के निर्माण में भी तेजी से पिछड़ रहा है। भारतीय आपूर्तिकर्ता उन्हें पछाड़ रहे हैं। तीन भारतीय कंपनियों हीरो, बजाज और टीवीएस के बीच आज भारत दुनिया के बाजार पर हावी है। होंडा एक जापानी कंपनी ने अपने अधिकांश आरएंडडी को भारत में स्थानांतरित कर दिया है। ऐसा टीवी, कंप्यूटर, मोबाइल फोन, फार्मास्यूटिकल्स और अन्य उद्योगों में क्यों नहीं किया गया? वही देश, वही श्रम कानून, वही बुनियादी ढांचा लेकिन वही उद्यमी नहीं। भारतीय व्यापारियों की विशेषता है कि वे अदूरदर्शी हैं - यह अल्पकालिक भी है और भौगोलिक रूप से सीमित भी। बेशक, सरकार भी मदद नहीं करती। अब, चीनी प्रभुत्व के लिए कौन जिम्मेदार है - सरकार, लोग या कॉर्पोरेट? यह तीनों ही बातें हैं। जब आईटीआई प्रशिक्षित टर्नर और फिटर भी दुकान में काम करने से मना कर देते हैं, जब स्टॉक ब्रोकर को इंजीनियर से ज़्यादा भुगतान किया जाता है, जब टाइपिंग कोड को तकनीक समझ लिया जाता है, जब सरकारें पुराने श्रम और भूमि कानूनों में संशोधन करने से मना कर देती हैं, जब कॉर्पोरेट स्थानीय सोचते हैं न कि वैश्विक और अंत में जब कोई अपने बेटे को दुकान में काम करने के लिए नहीं भेजते हैं, तो इनमें से हर एक कारक चीनी प्रभुत्व के लिए उतना ही ज़िम्मेदार है जितना कि उनका "नैतिक भ्रष्टाचार"। हमें लूटा गया क्योंकि हमने अपने दरवाज़े और खिड़कियाँ खुली छोड़ दीं।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*दुनिया वाले साथ हैं, भारत वाले साथ*
*यही समय है सही अब, रिपु को करो अनाथ*
*रिपु को करो अनाथ, बनाओ खल को कीमा*
*छूट दीजिए सेना को भी तोड़े सीमा*
*कह सुरेश जो भौंके अपने अंदर वाले*
*ऐसा कुटवाओ, डर जाएं दुनिया वाले*

# बिहार की धरती से आतंकियों को मोदी का संदेश

> पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। बिहार में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा ''मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं, जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को, और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, सजा मिल करके रहेगी।''



पहलगांव हमले के जख्में के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बिहार दौरा रहा। पूरे देश से आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उठ रही है। देश को मिले इन गहरे जख्मों के बीच प्रधानमंत्री ने बिहार के मधुवनी के लोहना पंचायत में सभा को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम आंतरिक हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा 22 अप्रैल को, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में, आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है, कोटि-कोटि देशवासी दुखी है। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जिन परिवारजनों का अभी इलाज चल रहा है, वे जल्द स्वस्थ हों, इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है। इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई खोया, किसी ने अपना जीवन-साथी खोया है। उनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था, कोई यहां बिहार का लाल था। आज उन सभी की मृत्यु पर करगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुख एक जैसा है, हमारा आक्रोश एक जैसा है। ये हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं, जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को, और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, सजा मिल करके रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छा-शक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा पहले से निर्धारित थी। इस बीच 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ और उसमें 25 बेगुनाह लोग मारे गए। यही वजह है कि पूरा देश इस समय शोक में डूबा है। वहीं इस घटना के बाद प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को भी सादे तरीके से किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान और उसके आतंकियों को सबक सिखाने की बात कही। प्रधानमंत्री ने बिहार के मधुबनी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को मान्यता प्रदान करते हुए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान किए। वहीं प्रधानमंत्री ने बिहार के गोपालगंज जिले के हथुआ में लगभग 340 करोड़ रुपये की लागत से रेल अनलोडिंग सुविधा वाले एलपीजी बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला रखी। इससे आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित करने और थोक एलपीजी परिवहन की दक्षता में सुधार करने में मदद मिलेगी। क्षेत्र में बिजली के आधारभूत संरचना को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री ने 1,170 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी और पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत बिहार में बिजली क्षेत्र में 5,030 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्‌घाटन भी किया।देश भर में रेल संपर्क बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री ने सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस, जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल और पिपरा और सहरसा तथा सहरसा और समस्तीपुर के बीच ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने सुपौल पिपरा रेल लाइन, हसनपुर बिथान रेल लाइन और छपरा और बगहा में 2-लेन वाले दो रेल ओवर ब्रिज का भी उद्‌घाटन किया। उन्होंने खगड़िया-अलौली रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित किया। इन परियोजनाओं से संपर्क में सुधार होगा और क्षेत्र का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास होगा।प्रधानमंत्री ने दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के अंतर्गत बिहार के 2 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के अंतर्गत लगभग 930 करोड़ रुपये का लाभ वितरित किया। प्रधानमंत्री ने पीएमएवाई-ग्रामीण के 15 लाख नए लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपे और देश भर के 10 लाख पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को किस्तें जारी कीं। उन्होंने बिहार में 1 लाख पीएमएवाई-जी और 54,000 पीएमएवाई-यू घरों में गृह प्रवेश के अवसर पर कुछ लाभार्थियों को चाबियां भी सौंपीं। पंचायती राज दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार वो धरती है जहां से पूज्य बापू ने सत्याग्रह के मंत्र का विस्तार किया था। पूज्य बापू का दृढ़ विश्वास था कि जब तक भारत के गांव मजबूत नहीं होंगे, तब तक भारत का तेज विकास नहीं हो पाएगा। देश में पंचायती राज की परिकल्पना के पीछे यही भावना है। बीते दशक में पंचायतों को सशक्त करने के लिए एक के बाद एक कदम उठाए गए हैं। टेक्नोलॉजी के माध्यम से भी पंचायतों को मजबूत किया गया है। बीते दशक में 2 लाख से ज्यादा ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा गया है। साढ़े 5 लाख से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर गांवों में बने हैं। पंचायतों के डिजिटल होने से एक और फायदा हुआ है। जीवन-मृत्यु प्रमाण पत्र, भूमि धारण प्रमाण पत्र, ऐसे कई दस्तावेज़ आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आज़ादी के अनेक दशकों बाद जहां देश को संसद की नई इमारत मिली, वहीं देश में 30 हज़ार नए पंचायत भवन भी बनाए गए। पंचायतों को पर्याप्त फंड मिले, ये भी सरकार की प्राथमिकता रही है। बीते 10 साल में दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का फंड पंचायतों को मिला है। ये सारा पैसा गांव के विकास में लगा है।ग्राम पंचायतों की एक और बड़ी समस्या, भूमि विवाद से जुड़ी रही है। कौन-सी जमीन आबादी की है, कौन-सी खेती की है, पंचायत की जमीन कौन-सी है, सरकारी जमीन कौन-सी है, और इन सारे विषयों पर अक्सर विवाद रहता था। इसके समाधान के लिए जमीनों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। ज़मीनों के रिकॉर्ड का डिजीटलीकरण से, अनावश्यक विवादों को सुलझाने में मदद मिली है। चुनावी साल में प्रधानमंत्री ने बताया कि पंचायतों ने कैसे सामाजिक भागीदारी को सशक्त किया है। बिहार, देश का पहला राज्य था, जहां महिलाओं को इनमें 50 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा दी गई और इसलिए मैं नीतीश जी का अभिनंदन करता हूं। आज बहुत बड़ी संख्या में, गरीब, दलित, महादलित, पिछड़े, अतिपिछड़े समाज की बहनें-बेटियां बिहार में जनप्रतिनिधि बनकर सेवाएं दे रही हैं, और यही सच्चा सामाजिक न्याय है, यही सच्ची सामाजिक भागीदारी है।

**- कुमार कृष्णन**

## हमले की 'टाइमिंग' से उठ रहे कई सवाल?

आखिर पहलगाम आतंकी हमले की 'टाइमिंग' पर गौर कीजिए। सीधा सवाल है कि जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार (22 अप्रैल, 2025) को ही सऊदी अरब के जेद्दाह पहुँचे थे, जहाँ उनका भव्य स्वागत हुआ। उस दिन उनके एयरक्राफ्ट को एस्कॉर्ट करने के लिए सऊदी अरब ने अपने जेट्स भेजे जो अपने-आप में पीएम मोदी के प्रति खाड़ी मुल्क़ों के सम्मान को दिखाता है। वहीं जेद्दाह का एक वीडियो भी सामने आया जिसमें एक शेख 'राजी' (2018) फिल्म का गाना 'ऐ वतन, वतन मेरे आबाद रहे तू' गाना गाते हुए दिखा। तब तमाम मुस्लिम शख्स भी पीएम मोदी के सामने इसे गुनगुनाते हुए दिखे। लेकिन तभी अचानक से, ऐसी चौंकाऊ खबर! पहलगाम आतंकी हमला, 26 पर्यटकों की मौत, से मोदी हिल गए क्योंकि चीनी पिल्ले पाकिस्तान की शह पर हुई एक और नापाक हरकत थी यह। वैसे तो जब भारत सरकार पूर्वी पाकिस्तान यानी बंगलादेश में हुए तख्तापलट और फिर हिन्दुओं के उत्पीडन पर तत्काल सैन्य कार्रवाई करने के बजाय खामोश हो गई तो यह तभी तय हो गया था कि भारत सरकार ने अपनी कमजोरी जाहिर कर दी है और अब फिर से कश्मीर भी सुलगेगा। ऐसा इसलिए कि हमारे विदेश मंत्री एस जयशंकर चीन से डरते हैं, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगलादेश के खिलाफ सीधी कार्रवाई से बचते हैं और पाकिस्तान को दो टूक सबक सिखाने से भयभीत रहते हैं! लिहाजा पाकिस्तान-पूर्वी पाकिस्तान यानी बंगलादेश के सैन्य व राजनीतिक हुक्मरानों का मन बढ़ना ही था। पाकिस्तानी जनरल मुनीर के बयान और बंगलादेशी यूसुफ के मिजाज से भी इस बात की तस्दीक होती है लेकिन भारत द्वारा स्पष्ट पलटवार करने की जगह कूटनीतिक हमले यानी विधवा विलाप! सवाल यह भी है कि अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जे डी वेंस जब जयपुर के दौरे पर थे, जहाँ वो पत्नी और बच्चों समेत आमेर के किले में घूमे, वहीं 1 दिन पहले ही उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बेहद ही सौहार्दपूर्ण माहौल में बैठक हुई थी। तब इस घटना को जानबूझकर अंजाम दिया गया। वहीं याद कीजिए, फरवरी 2020 के



अंत में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जब दिल्ली आए थे, तब दिल्ली में रणनीतिक पूर्वक दंगा किया गया था। तब शाहीन बाग़ सज़ा हुआ था पड़ोसी मुल्क़ों के पीड़ित हिन्दुओं को नागरिकता देने वाले क़ानून सीएए के विरुद्ध। इसलिए अब अमेरिकी उप-राष्ट्रपति के दौरे के दौरान ये सब होना स्पष्ट करता है कि चीनी शह पर पाकिस्तान यह सबकुछ करता रहता है ताकि अमेरिका, भारत के करीब आने से भयभीत हो। कहने का तात्पर्य यह कि भीतर के दंगाइयों और कश्मीर के आतंकियों की विचारधारा को अलग-अलग करके मत देखिए क्योंकि इनके भीतर भी गहरा कनेक्शन है। सवाल है कि जब केंद्रीय मंत्री अमित शाह का पूरा ध्यान मार्च 2026 तक देश को नक्सल-मुक्त करने पर है, छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर में हाल ही में 33 नक्सलियों के आत्म-समर्पण की ख़बर आई, जिनपर कुल 50 लाख रुपए का इनाम था। ऐसे सरेंडर लगातार हो रहे हैं। इसप्रकार हमने इन नक्सलियों का उत्पात देखा है, और फिर इनका बचाव करने वाले फादर स्टेन स्वामी, सुधा भारद्वाज, वरवरा राव और गौतम नवलखा जैसों को समाज के भीतर से इन्हें समर्थन देते हुए देखा है। अब जब ये सब जेल गए, तभी नक्सलियों की कमर टूटी। इससे बौखलाए चीन ने अपने पिल्ले पाकिस्तान से यह नई हरकत करवा डाली। यह हमें समझना होगा और उसकी इस टुच्ची सोच के खिलाफ व्यापक प्रतिरक्षात्मक रणनीति बनानी होगी। आपने यह भी देखा होगा कि कुछ ही दिनों पहले जमीन पर जमीन हड़पते जा रहे भारत के वक्फ़ बोर्ड में सुधार के लिए जब वक्फ़ क़ानून बना संसद से पास होकर, तो इसके विरोध के नाम पर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियाँ बनाने वाले हरगोविंद दास और उनके बेटे चंदन को घर में घुसकर काट डाला गया। वहां पर मुस्लिम भीड़ के उत्पात के कारण लगभग 400 हिन्दुओं को मालदा पलायन करना पड़ा लेकिन कहीं से इस्लामी कट्टरपंथ के विरुद्ध एक शब्द भी नहीं निकला। न गद्दार विपक्ष की ओर से, न समझदार कोर्ट की ओर से क्योंकि ये तथाकथित भारतीय रंगरूप वाले 'विदेशी' लोग धर्मनिरपेक्षता की भांग पीकर मस्त रहते हैं और अपनों को जहाँ तहां मरते हुए देखने के लिए अभिशप्त रहते हैं। अब जरा एक और बात गौर कीजिये। एक ओर राहुल गाँधी अमेरिका में जाकर भारत के चुनाव आयोग पर हमला कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर यहाँ पर पाकिस्तानी आतंकवादी पर्यटकों पर गोलियां बरसा रहे हैं। खास बात ये है कि निशाना बनाए गए पर्यटकों में महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, ओडिशा और तमिलनाडु जैसे ग़ैर-हिन्दीभाषी राज्यों के भी लोग हैं। इससे साफ है कि पूरे देश में कश्मीरी आतंक का एक सख्त सन्देश भेजा गया है जिसका प्रति उत्तर भारत सरकार द्वारा दिया जाना अभी बाकी है। सिर्फ कूटनीतिक सर्जिकल स्ट्राइक से काम नहीं चलेगा, यह मोदी-शाह को पता है, क्योंकि शोक संतप्त भारतीय उनसे बड़ी कार्रवाई चाह रहे हैं ताकि रोज रोज के इस झंझट पर पूर्ण विराम लगे। यह मुश्किल भी नहीं है मजबूत इरादे होने पर। इस हमले के पीछे एक बड़ा कारण ये भी है कि जम्मू कश्मीर से लद्दाख को अलग किए जाने और शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव के बाद सरकार बनने के कारण आतंकी बेचैन थे क्योंकि अब घाटी में पर्यटन फल-फूल रहा था। 2024 में लगभग 35 लाख, 2023 में 27 लाख और 2022 में 26 लाख पर्यटक कश्मीर घाटी पहुँचे थे (आँकड़े जम्मू को हटाकर)। इनमें हजारों की संख्या में विदेशी पर्यटक भी शामिल थे। जैसा कि हमें पता है, भारत ने 2023 में जी-20 अध्यक्षता की और इस दौरान देशभर में तमाम बैठकें हुईं। जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में मई 2023 में जी-20 की टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की बैठकें हुईं।

**- कमलेश पांडेय**

## पाक, आतंक, दुनियां और हम

जब भी भारत की ज़मीन पर खून बहता है—चाहे वह उरी का सैन्य अड्डा हो, पुलवामा का कारवां या हाल ही में पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या—हर बार एक नाम, एक मुल्क उभर कर सामने आता हैः पाकिस्तान। पाकिस्तान पिछले कई दशकों से आतंकवाद को अपनी रणनीतिक गहराई का एक अभिन्न हिस्सा मानता आया है। जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों को उसकी सेना और खुफिया एजेंसी ISI खुले या छुपे तौर पर पालती-पोसती रही हैं। ये संगठन सिर्फ बंदूकें नहीं चलाते, ये पूरे उपमहाद्वीप की शांति और स्थिरता के खिलाफ योजनाबद्ध जंग छेड़े हुए हैं। लोकतंत्र की सतही झलकियों के पीछे पाकिस्तान की असल सत्ता सेना और आतंक के गठजोड़ के पास है, जिसकी विदेश नीति भारत के खिलाफ 'प्रॉक्सी वॉर' पर केंद्रित रही है। एक समय था जब अमेरिका और पश्चिमी देश पाकिस्तान को "स्ट्रैटेजिक एली" मानते थे लेकिन अब वैश्विक मंचों पर हवा का रुख बदल चुका है। FATF की ग्रे लिस्ट से लेकर आर्थिक सहायता की शर्तें, अब पाकिस्तान पर वैश्विक दबाव पहले से कहीं ज़्यादा है। भारत ने अपनी दृढ़ कूटनीति के ज़रिए आतंक को अंतरराष्ट्रीय एजेंडा बना दिया है। चाहे वो संयुक्त राष्ट्र में साक्ष्य प्रस्तुत करना हो या मसूद अजहर को वैश्विक आतंकी घोषित कराना—भारत की बात अब गंभीरता से सुनी जाती है। अब नरमी नहीं, निर्णायक कार्रवाई का दौर है। उरी हमले के बाद की सर्जिकल स्ट्राइक हो या पुलवामा के बाद बालाकोट एयर स्ट्राइक—भारत ने साफ कर दिया कि अब आतंक का जवाब सीमा के भीतर नहीं, सीमा के पार दिया जाएगा। भारत की सुरक्षा नीति अब 'रणनीतिक संयम' नहीं, बल्कि 'आक्रामक रक्षा' (Offensive Defence) पर आधारित है। अब भारत आतंकवाद का मुकाबला केवल सैन्य बल से नहीं, आर्थिक, साइबर, कूटनीतिक और वैचारिक स्तर पर भी करता है। भारत ने "नरम शक्ति" से आगे बढ़ते हुए वैश्विक सुरक्षा मामलों में नेतृत्व की भूमिका संभालनी शुरू कर दी है। UN, G20, SCO जैसे मंचों पर भारत की स्पष्टवादिता अब नीति-निर्धारण को प्रभावित कर रही है। कभी कश्मीर को आतंकियों की प्रयोगशाला बनाया गया था लेकिन अनुच्छेद 370 हटने के बाद वहां जो "आग" की कल्पना की जा रही थी, वह रोज़गार, निवेश और पर्यटन के रूप में सामने आई है। कश्मीरी युवा अब बंदूक नहीं, किताब और कीबोर्ड उठा रहे हैं। सेना और सिविल सेवाओं में उनकी भागीदारी बढ़ी है। ये बदलाव आतंक की विचारधारा पर करारा प्रहार है। आतंकी घटनाओं की रिपोर्टिंग करते समय मीडिया को याद रखना चाहिए कि प्रसारण, प्रचार नहीं बन जाए। किसी भी आतंकी का चेहरा, नाम या उसका मकसद बार-बार दिखाना, कहीं न कहीं उसके एजेंडे को हवा देना है। अब भारत हथियारों के लिए सिर्फ रूस, अमेरिका या इज़रायल की तरफ नहीं देखता। तेजस, अग्नि, आकाश, स्वदेशी ड्रोन—ये केवल रक्षा नहीं, आत्मनिर्भर भारत की पहचान हैं।

**- अशोक कुमार झा**

आज का कार्टून




साभार

# क्या सिंधु जल समझौता निरस्त करना चाहिए!

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौते को निलंबित कर दिया है। यह समझौता भारत और पाकिस्तान के बीच कई युद्ध होने के बाद भी बना हुआ था। भारत के इस कदम को कई एक्सपर्ट पहले वाटर युद्ध की शुरुआत बता रहे हैं। इस बीच भारतीय एक्सपर्ट ने मोदी सरकार को अमेरिका से सीख लेने के लिए कहा है। सामरिक मामलों के विशेषज्ञ ब्रह्मा चेलानी ने कहा कि सिंधु जल समझौता भारत के लिए एक गलती की तरह से है। इस समझौते से पाकिस्तान को 6 नदियों का ज्यादातर पानी मिल गया। उन्होंने बताया कि साल 2016 में पीएम मोदी ने उरी आतंकी हमले के बाद कहा था कि ''खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते हैं।'' मोदी सरकार को यह सिंधु जल समझौता सस्पेंड करने का फैसला लेने में 8 साल लग गये। ब्रह्मा चेलानी के अनुसार मोदी सरकार यह फैसला लेने में बहुत धीमी रही। अब एक और बड़ा आतंकवादी हमला होने के 8 साल बाद सरकार को सिंधु जल समझौते को निलंबित करने के लिए बाध्य होना पड़ा है जबकि इस समझोते को बहुत पहले ही खतम कर देना चाहिए था। चेलानी ने कहा कि भारत के इस रवैये की तुलना अमेरिका से की जानी चाहिए। अमेरिका एकतरफा तरीके से रूस के साथ दो समझौतों इंटरमीडिएट रेंज न्यूक्लियर फोर्सेस (आईएनएफ) और एंटी बलिस्टिक मिसाइल समझौते से अचानक ही बाहर हो गया। पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर भारत ने एक्शन लेना चालू कर दिया है। पाकिस्तान प्रायोजित इस आतंकी हमले के बाद भारत ने कूटनीतिक कदम उठाए हैं। भारत ने सिंधु जल समझौते को निलंबित करने के अलावा पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने, अटारी सीमा बंद करने और पाकिस्तानियों को देश निकाला देने का फैसला लिया है। इन सबमें सबसे बड़ी चोट सिंधु जल समझौते को रद्द करके की ही गई है। इसकी माँग भी लम्बे समय से हो रही थी। भारत और पाकिस्तान, एक ही भूभाग का हिस्सा है। भारत से कई नदियाँ बह कर पाकिस्तान जाती हैं। सिंधु नदी तंत्र की नदियाँ पाकिस्तान के पानी का सबसे बड़ा स्रोत हैं। इन्हीं के पानी के बँटवारे को लेकर किया गया समझौता सिंधु जल समझौता कहलाता है। यह समझौता वर्ष 1960 में हुआ था। इसके लिए लगभग एक दशक तक बातचीत पाकिस्तान और भारत के बीच चली थी। तब प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के तानाशाह अयूब खान ने इसको मंजूरी दी थी। सिंधु जल समझौते के तहत सिंधु नदी तंत्र की 6 नदियों (व्यास, रावी, सतलुज, सिन्धु, चेनाब और झेलम) के पानी का बँटवारा होता है। इस जल समझौते के अनुसार, पूर्वी नदियाँ (व्यास, रावी और सतलुज) के पानी पर पूरा अधिकार भारत का है, यानी इनमें बहने वाले पानी का वह किसी भी तरह से इस्तेमाल कर सकता है। भारत इन नदियों पर बाँध बना सकता है, उनकी जलधाराएँ मोड़ सकता है, उनसे नहरें निकाल सकता है और पूरा उपयोग कर सकता है। सिंधु जल समझौते के अनुच्छेद 2 का खंड (1) कहता है, "पूर्वी नदियों का पूरा पानी भारत के अप्रतिबंधित उपयोग के लिए उपलब्ध रहेगा, सिवाय इसके कि इस अनुच्छेद में अन्यथा अलग से उसके लिए कोई प्रावधान किया गया हो।' पूर्वी नदियों को लेकर पाकिस्तान को दखलअंदाजी करने का कोई अधिकार नहीं है। इसको लेकर भी अनुच्छेद 2 के खंड (2) में प्रावधान है। इसमें लिखा है, "घरेलू उपयोग को छोड़कर, पाकिस्तान सतलुज और रावी नदियों के पानी को बहने देने के लिए बाध्य होगा और उन स्थानों पर इनके पानी में किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं होने देगा, जहाँ ये पाकिस्तान में बहती हैं और अभी तक पूरी तरह से पाकिस्तान में प्रवेश नहीं कर पाई हैं। दरअसल, यह नदियाँ पाकिस्तान में अंतिम रूप से घुसने से पहले कई बार दोनों सीमाओं के इधर-उधर बहती हैं। पूर्वी नदियों के अलावा बाक़ी पश्चिमी नदियों (सिंधु, झेलम, चेनाब) के पानी पर पूरा अधिकार पाकिस्तान का है। समझौता के अनुसार, भारत इन नदियों को लेकर कोई भी रोक नहीं लगा सकता। समझौते का अनुच्छेद 3 का भाग (2) कहता है, "भारत पश्चिमी नदियों के जल को बहने देने के लिए बाध्य होगा, और इसमें किसी भी तरह के हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देगा, कुछ परिस्थितियों को छोड़ कर।'

**- रामस्वरूप रावतसरे**

# बिहार के 6 शहरों में एयरपोर्ट का सर्वे होगा

## नीतीश कैबिनेट की 34 एजेंडों पर मुहर

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**



बिहार के 6 शहरों में विमान सेवा शुरू करने के लिए अध्ययन किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में मधुबनी, भागलपुर, मुंगेर, वीरपुर (सुपौल), वाल्मीकि नगर (पश्चिम चंपारण) और सहरसा में एयरपोर्ट के सर्वे को मंजूरी दी गई। इसके लिए 2.43 करोड़ रुपये की राशि की भी स्वीकृति दी गई है। नीतीश कैबिनेट की बैठक में कुल 34 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। राज्य के उपभोक्ताओं को बिजली बिल पर सब्सिडी देने के लिए 15995 करोड़ रुपये के अनुदान पर मुहर लगाई गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए यह मंजूरी दी गई। नीतीश कैबिनेट की बैठक में शुक्रवार को कई अहम फैसले लिए गए। विभिन्न विभागों में 3684 नए पद सृजित किए गए हैं। इससे सरकारी नौकरियों के अवसर बढ़ेंगे। इसके अलावा दो रैयत अब जमीन का बदलेन कर सकते हैं। मंत्रिमंडल ने इस प्रस्ताव को मंजूर कर दिया है। इसके अलावा सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में मां सीता का भव्य मंदिर बनाने का संकल्प लिया गया है।

# पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

## चप्पे चप्पे की तलाश जारी

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

बिहार में पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ई-मेल के जरिए धमकी मिलने से कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही मौके पर बम स्क्वायड और पुलिस बल पहुंच गया है। पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे चुके हैं,कोर्ट परिसर की तलाशी ली जा रही है। धमकी उस वक्त मिली जब कोर्ट में जज, वकील और लोगों से भरा हुआ था। कोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था बड़ा दी गई है। राजधानी में उस वक्त तब सनसनी फैल गयी,जब सिविल कोर्ट को बम से उडाने की धमकी मिली। धमकी की बात सामने आने पर पूरे प्रशासन में हडकंप मच गया।

पुलिस ने तत्काल सिविल कोर्ट को खाली करा कर चप्पे चप्पे की जांच शुरू कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार,पुलिस को ई-मेल के माध्यम से पटना सिविल कोर्ट को उड़ाने की धमकी मिली. इसके बाद पुलिस ने तुरंत डॉग स्क्वॉयड और बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया।





### कोर्ट में की गई सभी की जांच

धमकी मिलने के तुरंत कोर्ट में उपस्थित वकीलों की बारीकी से जांच शुरू की गई। साथ ही कोर्ट में आने और जाने वाले सभी लोगों की भी जांच की गई. इतनी बडी सूचना मिलने के बाद पुलिस के आला अधिकारी, स्थानीय थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि यह धमकी तब मिली जब कोर्ट रूम जज और वकीलों से भरा हुआ था। वकीलों का भी कहना था कि उन्हें यह सूचना मिली कि कोर्ट में बम है, इसके बाद से पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

### एंट्री की गई बंद



धमकी की सूचना मिलने के बाद से ही कोर्ट में एंट्री को बंद कर दिया गया। इसके अलावा पार्किंग में खडे वाहनों की भी तलाशी लेनी शुरू कर दी,पहलगाम में हुए आतंकी घटना के बाद से पूरे बिहार में पुलिस अलर्ट पर है। ऐसे में कोर्ट को बम से उडाने की धमकी मिलने के बाद से ही पुलिस पूरी मुस्तैदी से मामले की जांच में जुटी हुई है। बता दें कि इससे पहले गत पांच जनवरी को भी पटना हाइकोर्ट को बम से उड़ा दिए जाने की धमकी मिली।

# नीट पेपर लीक का मास्टरमाइंड संजीव मुखिया गिरफ्तार

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**





नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया आखिरकार पकड़ा गया। बिहार पुलिस की एसटीएफ ने उसे पटना से गुरुवार देर रात गिरफ्तार किया। वह बीते कई महीनों से फरार चल रहा था। उस पर बिहार पुलिस ने पिछले दिनों 3 लाख रुपये का इनाम भी रखा था। इससे पहले पेपर लीक केस में मुखिया के बेटे समेत 36 अन्य लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। बिहार एसटीएफ और ईओयू की टीम संजीव मुखिया से पूछताछ कर रही है। वह पेपर लीक की मुख्य कड़ी है, इससे पूछताछ के बाद कई अहम खुलासे हो सकते हैं। देश के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए 5 मई 2024 को आयोजित की गई नीट पीजी का पेपर परीक्षा से पहले ही लीक हो गया था।

पटना के एक निजी स्कूल में में सॉल्वर गैंग द्वारा कुछ नीट अभ्यर्थियों को परीक्षा से एक दिन पहले पेपर रटवाते हुए पकड़ा गया था। इसके बाद अन्य राज्यों में भी पेपर लीक के मामले सामने आए। बिहार पुलिस की ईओयू ने इस मामले की जांच शुरू की। इसमें कई सॉल्वर और बिचौलियों को गिरफ्तार किया गया।

जांच में सामने आया कि संजीव मुखिया नीट पेपर लीक का मुख्य साजिशकर्ता है। मामला उजागर होने के बाद वह फरार हो गया। इस केस की जांच बाद में सीबीआई को सौंप दी गई। सीबीआई ने कई लोगों को गिरफ्तार किया, लेकिन मास्टरमाइंड संजीव मुखिया का पता नहीं चल पाया।

# राज्यपाल की सुरक्षा में चूक : मंच तक पहुंचा प्रदर्शनकारी छात्र

## गवर्नर को टागरेट कर पर्चियां उड़ाई

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**



राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की सुरक्षा में उस समय बड़ी चूक उजागर हुई जब वे भागलपुर स्थित तिलका मांझी विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में भाग लेने गए थे। कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलन के समय भारी सुरक्षा चूक देखने को मिली। पीजी आईआरपीएम विभाग के छात्र आलोक कुमार अचानक राज्यपाल की ओर मंच पर दौड़ पड़ा। जब तक सुरक्षा कर्मी समझ पाते उसने कागज का कई पर्चा राज्यपाल की ओर फेंका, लेकिन संयोगवश राज्यपाल की दूरी के कारण किसी तरह की अनहोनी नहीं हुई।

एक छात्र को नारेबाजी करते राज्यपाल की ओर बढ़ते देख सुरक्षा बलों में हड़कंप मच गया। आननफानन में ट्रैफिक डीएसपी आशीष कुमार सिंह सहित अन्य ने आलोक को दबोच विद्यालय से जुड़ी मूलभूत समस्याओं को पूरा करने संबंधी मांग थी। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। इस घटना से समारोह स्थल पर कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। पुलिस कर्मियों की मदद से थोड़ी देर में स्थिति को शांत करा लिया गया। हालांकि इसे लापरवाही के रूप में देखा जा रहा है। छात्र संगठनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उन पर्चियों में विश्वविद्यालय की अनियमितताएं, परीक्षा परिणाम में देरी और छात्र हितों की अनदेखी जैसे मुद्दे लिखे गए थे। छात्र ने अपनी आवाज़ शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिए यह कदम उठाया। लेकिन राज्यपाल तक पहुंचने से पहले मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए छात्र को हिरासत में लिया। उससे पूछताछ की जा रही है कि वह किस संगठन से जुड़ा है और उसकी मंशा क्या थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद राज्यपाल सुरक्षित रूप से पटना के लिए रवाना हो गए।

राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में 150 से ज्यादा पीएचडी और विभिन्न संकायों, विषयों के टॉपर को कुलाधिपति ने अपने हाथों से उपाधि, स्मृति और गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। इसके अलावा 4500 से ज्यादा प्रशाल में मौजूद स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री धारियों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर मंच पर राज्यपाल के प्रधान सचिव राबर्ट एल चोंग्थू, वरीय शिक्षक डॉ. अशोक कुमार ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

# नीतीश सरकार के मंत्रियों के जिलों का प्रभार बदला

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**



बिहार में चुनावी साल में नीतीश सरकार के प्रभारी मंत्रियों की जिम्मेदारी में फेरबदल किया गया है। बीते फरवरी में हुए कैबिनेट विस्तार के बाद बने नए मंत्रियों को जिलों का प्रभार सौंपा गया है। वहीं, कुछ पुराने प्रभारी मंत्रियों के प्रभार वाले जिले बदले गए हैं। प्रभारी मंत्री 20 सूत्री कार्यान्वयन के अध्यक्ष होते हैं और संबंधित जिलों के डीएम उसके सचिव। फेरबदल के बाद डिप्टी सीएम विजय सिन्हा मुजफ्फरपुर के ही प्रभारी मंत्री होंगे। उनसे भोजपुर जिला लेकर केदार प्रसाद गुप्ता को दे दिया गया है। केदार गुप्ता के प्रभार वाले मुंगेर जिले की जिम्मेदारी कृष्ण कुमार मंटू को सौंपी गई है। इसी तरह बेगूसराय के प्रभारी मंत्री मंगल पांडेय की जगह अब संजय सरावगी होंगे। गया की जिम्मेदारी नीतीश मिश्रा की जगह, सुनील कुमार को सौंपी गई है। कैमूर जिले के प्रभारी मंत्री नितिन नवीन की जगह प्रेम कुमार होंगे। प्रेम कुमार अब तक नवादा के प्रभारी मंत्री थे। अब नवादा का प्रभार जीवेश मिश्रा को सौंपा गया है। इसी तरह, सहरसा के प्रभारी मंत्री विजय मंडल होंगे, पहले इसकी जिम्मेदारी पूर्व मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल के पास थी। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद जायसवाल ने नीतीश कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।

# प्रेमी ने लगाई फांसी प्रेमिका हिरासत में

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में एक किराए के लॉज में रह रहे राजस्थान के रहने वाले राजन उर्फ सेठ भारती (28) ने बुधवार देर रात फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। वह ललमटिया चौक पर राजस्थानी जलेबी बेचने का काम करता था। घटना ललमटिया थाना क्षेत्र की है। मामला प्रेम प्रसंग का है। पुलिस ने प्रेमिका को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है। प्रेमी दो बच्चों का बाप होते हुए उस युवती से शादी की जिद पर अड़ा था।मृतक का पैतृक घर राजस्थान पाली बताया जाता है। शादीशुदा व्यक्ति के आत्महत्या करने की सूचना सबसे पहले शाहकुंड की रहने वाली उसकी प्रेमिका ने पुलिस को दी। मृतक शादी की जिद को लेकर उसे वीडियो कॉल पर जान देने की धमकी दे रहा था। पुलिस के मुताबिक लड़की मृतक के कमरे के पास टमटम चौक से होकर गुजर रही थी।

# घास काटने गई युवती की हत्या कर खेत में फेंका शव

## दुष्कर्म के विरोध में मर्डर की आशंका



**अररिया।** अररिया जिले के बांसबाड़ी वार्ड संख्या- 9 में 18 वर्षीय युवती की संदिग्ध अवस्था में मक्का खेत में शव मिलने से सनसनी फैल गई। दुष्कर्म का विरोध करने पर गला दबाकर युवती की गला घोंट कर हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि युवती के शरीर पर एक भी जख्म के निशान नहीं हैं। घटना गुरुवार शाम की बताई जा रही है। घटना के संबंध में मृतक युवती की बड़ी बहन सोनी खातून ने बताया, कि गुरुवार की दोपहर करीब दो बजे उनकी बहन घर से एक किलोमीटर दूर जागीर बधार में मक्का खेत में घास काटने गई थी। देर शाम तक जब वो नहीं लौटी, तो काफी खोजबीन करने के बाद मक्के के खेत में जाकर देखा गया तो उनकी बहन मृत पड़ी हुई थी। लाश देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि किसी ने उसकी गला घोंट कर हत्या की है। इसके बाद घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई।

# बेटी का तिलक चढ़ाने जा रहा था पिता

## तभी हुआ कुछ ऐसा कि यूं खींच ले गई मौत

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**



बिहार की राजधानी पटना से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है,जहां पर ट्रक और टेंपो की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में टेंपो सवार एक शख्स की मौत हो गई, जबकि टेंपो सवार अन्य 6 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृत शख्स अपनी बेटी का तिलक चढ़ाने के लिए जा रहे थे, तभी ये हादसा हुआ। जानकारी के मुताबिक, घटना जिले के बिहटा के दिलावरपुर गांव की है। मृतक की पहचान दिलावरपुर गांव निवासी सुरेंद्र कहार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र कहार टेंपो से अपनी बेटी का तिलक चढ़ाने के लिए लई गांव जा रहे थे तभी दिलावरपुर गांव के पास बालू लदे ट्रक और टेंपो की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुरेंद्र सड़क पर गिर गए और ट्रक ने उन्हें रौंद दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में टेंपो सवार अन्य 6 लोग घायल हो गए।

### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक चालक को भीड़ से बचाकर अस्पताल में भर्ती करवाया है, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, सुरेंद्र की मौत के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस घर में शादी की खुशियों का माहौल था, अचानक वहां खुशियां मातम में बदल गईं।

# भाभी पर आया देवर का दिल, भाई ने लिया खौफनाक इंतकाम

**महानगर नेटवर्क**

**गया**



बिहार के गया में एक युवक को भाभी के प्यार में अपनी जान गंवानी पड़ गई। मृतक की पहचान सोनू कुमार के रूप में की गयी है। मामला डुमरिया थाना क्षेत्र के सिंघपुर गांव का है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मुख्य आरोपी भाई समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस कस्टडी में सबसे पूछताछ की जा रही है। प्रेम प्रसंग में हत्या की खबर पर तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार,सोनू कुमार को अपने फुफेरे भाई अजय ठाकुर की पत्नी के साथ एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिस बात को जानकारी अजय को मिलने के बाद वह सहन नहीं कर सका और वह अपराधियों के साथ मिलकर 21 अप्रैल को गांव में ही चाकू से गोदकर हत्या कर दी। इमामगंज एसडीपीओ अमित कुमार ने प्रेस वार्ता कर मामला की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अजय ठाकुर और सोनू कुमार दोनों रिश्ते में फुफेरे भाई है। जिस वजह से सोनू को अजय के घर आते जाते।

# अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत

**बेगूसराय।** सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद सड़क हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा है, जहां अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना तेघरा थाना क्षेत्र की NH-28 गौड़ा गांव के पास की है, जहां अज्ञात वाहन की ठोकर से साइकिल सवार 26 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान तेघरा थाना क्षेत्र के पकठैल गांव निवासी गांगो पासवान के 26 वर्षीय पुत्र अजय कुमार के रूप में हुई है तो वहीं दूसरी घटना चेरिया-बरियारपुर थाना क्षेत्र के SH-55 पर बसौना मोड़ के समीप की है।

**व्यापार**

# ट्रेड वॉर के बीच एप्पल ने बदली रणनीति, चीन को बड़ा झटका

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**



अमेरिका और चीन के बीच चल रहे ट्रेड वॉर के बीच टेक दिग्गज एप्पल ने बड़ा फैसला लिया है। कंपनी की योजना है कि अगले साल तक अमेरिका में बिकने वाले सभी iPhone भारत में ही बनाए जाएं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी अमेरिका द्वारा चीनी आयात पर बढ़े टैरिफ को देखते हुए भारत को एक प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग हब में बदलने पर विचार कर रही है। एप्पल फिलहाल चीन और भारत में अपने iPhone का उत्पादन करवाती है लेकिन अमेरिका-चीन व्यापारिक तनाव और टैरिफ की वजह से चीन से आयात महंगा हो गया है। इसके चलते एप्पल भारत में अपनी उत्पादन क्षमता को तेजी से बढ़ा रही है।

कंपनी के प्रमुख कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर्स जैसे फॉक्सकॉन, बेंगलुरु में अपने प्लांट की क्षमता बढ़ा रहे हैं। फॉक्सकॉन का नया प्लांट इस महीने के भीतर शुरू होने की उम्मीद है, जिसकी अधिकतम वार्षिक क्षमता 20 मिलियन iPhone तक हो सकती है।

### 2026 तक भारत से होगा 60 मिलियन iPhone का उत्पादन

सूत्रों के अनुसार, यदि यह रणनीति सफल रहती है, तो 2026 तक भारत में सालाना iPhone उत्पादन 60 मिलियन यूनिट तक पहुंच सकता है, जो कि मौजूदा उत्पादन का लगभग दोगुना होगा। एप्पल की ग्लोबल बिक्री में अमेरिका का हिस्सा लगभग 28% है, जिससे यह कदम कंपनी की लॉजिस्टिक्स रणनीति और प्रॉफिट मार्जिन पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ हुआ बंद



**मुंबई।** शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ है। सेंसेक्स 588.90 अंक या फिर 0.74 प्रतिशत की गिरावट के बाद 79,212.53 पर अंक पर बंद हुआ है। वहीं, निफ्टी 0.86 प्रतिशत या फिर 207.35 अंक की गिरावट के साथ 24,039.35 पर बंद हुआ है। निफ्टी का इंट्रा-डे लो लेवल 23,847.85 अंक और सेंसेक्स का इंट्रा-डे लो लेवल 78,605.81 अंक रहा है। आज अडानी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, इटरनल के शेयरों में 3-3 प्रतिशत की गिरावट मार्केट क्लोजिंग के टाइम पर देखने को मिला है।

# LIC ने आतंकी हमले के पीड़ितों के लिए उठाया कदम, क्लेम प्रोसेस को बनाया आसान

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**





देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) ने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए बीमा दावा प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाने का ऐलान किया है. यह हमला मंगलवार को कश्मीर के पहलगाम में हुआ था, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे. इस दर्दनाक घटना पर शोक जताते हुए LIC ने कहा कि वह पीड़ित परिवारों को आर्थिक रूप से राहत देने के लिए हर संभव प्रयास करेगी. LIC के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि हमने क्लेम प्रक्रिया में कई छूट दी हैं ताकि पीड़ित परिवारों को कठिनाइयों से राहत मिल सके. उन्होंने बताया कि यदि किसी मृतक का सरकारी रिकॉर्ड या केंद्र/राज्य सरकार द्वारा मुआवज़ा भुगतान उपलब्ध है, तो वह डेथ सर्टिफिकेट के स्थान पर मान्य सबूत माना जाएगा। इसका उद्देश्य है कि जिन परिवारों के पास अभी औपचारिक प्रमाणपत्र नहीं हैं, वे भी बिना देरी के क्लेम प्राप्त कर सकें।

### सीधे संपर्क करेगी LIC

LIC ने कहा है कि हम अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं कि सभी प्रभावित परिवारों से सीधे संपर्क किया जाए और उनके क्लेम बिना देरी के निपटाए जाएं। इस उद्देश्य से सभी स्थानीय शाखाओं, मंडलों और ग्राहक सेवा केंद्रों को अलर्ट कर दिया गया है।

# चौथी तिमाही में मारुति सुजुकी की मुनाफा 1% घटा

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

ऑटोमोबाईल कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 42,431 करोड़ रुपए की कुल कमाई की है। यह पिछले साल के मुकाबले 7% ज्यादा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 39,655 करोड़ रुपए की कमाई की थी। कुल कमाई में से कर्मचारियों की सैलरी, टैक्स, कच्चे माल की कीमत जैसे खर्चे निकाल दें तो कंपनी के पास 3,911 करोड़ रुपए शुद्ध मुनाफे (कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट) के रूप में बचे। यह 2024 के जनवरी-मार्च तिमाही से 1% कम है। पिछले साल कंपनी के 3,952 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। चौथी तिमाही में मारुति सुजुकी का प्रोडक्ट और सर्विस बेचकर 40,920 करोड़ रुपए का राजस्व यानी रेवेन्यू रहा। सालाना आधार पर यह 6.37% बढ़ा है। जनवरी-मार्च 2024 में कंपनी ने 38,471 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था।

# छोटे व्यवसायों के लिए बैंकिंग हुई आसान

**ठाणे।** देश की प्रमुख बिजनेस ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर कंपनी टैली सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने अपने फ्लैगशिप प्रोडक्ट टैलीप्राइम का नया संस्करण 6.0 लॉन्च किया है। यह नया वर्जन विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए तैयार किया गया है, ताकि वे अपने वित्तीय कामकाज को पहले से कहीं ज्यादा आसान, तेज़ और सुरक्षित बना सकें। टैलीप्राइम 6.0 की सबसे खास बात इसकी कनेक्टेड बैंकिंग सुविधा है, जो एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के साथ साझेदारी के तहत उपलब्ध कराई गई है। इस सुविधा के ज़रिए कारोबारी टैली सॉफ्टवेयर के भीतर ही अपने बैंक बैलेंस, लेनदेन और भुगतान की जानकारी रीयल-टाइम में देख सकते हैं। इस नए संस्करण में स्मार्ट बैंक रिकॉन्सिलेशन, ई-इनवॉइसिंग, ई-वे बिल जनरेशन, जीएसटी अनुपालन, यूपीआई पेमेंट लिंक और व्हाट्सएप अलर्ट जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं। इसके अलावा, टैलीप्राइम 6.0 में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है जिसमें एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन और मल्टी-लेवल एक्सेस कंट्रोल शामिल है।

# डीएस ग्रुप ने 10,000 करोड़ रुपए का ऐतिहासिक राजस्व हासिल किया

**मुंबई।** अग्रणी एफएमसीजी समूह और बहुव्यवसायी कॉर्पोरेशन, धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) ने वित्त वर्ष 2024-25 में 10,000 करोड़ रुपये के ऐतिहासिक राजस्व को पार कर लिया है, जिससे यह भारत की शीर्ष 15 एफएमसीजी कंपनियों में शामिल हो गया है। इस उपलब्धि में सबसे बड़ा योगदान खाद्य एवं पेय सेगमेंट का रहा, जो कुल राजस्व का 42% है। इसके बाद माउथ फ्रेशनर सेगमेंट 38%, हॉस्पिटैलिटी 3% और अन्य व्यवसायों का संयुक्त योगदान रहा, जिसमें तंबाकू सेगमेंट का हिस्सा 10% से भी कम है। पिछले तीन वर्षों में डीएस ग्रुप ने 16% की सीएजीआर दर से सतत विकास किया है, जबकि खाद्य एवं पेय सेगमेंट ने 19% की सीएजीआर के साथ उल्लेखनीय प्रगति की है। यह वृद्धि पूरी तरह से ऑर्गेनिक रही है और इससे समूह की बाज़ार में नेतृत्वकारी स्थिति और विस्तार की प्रतिबद्धता प्रमाणित होती है। डीएस ग्रुप की लगातार सफलता के पीछे उसका स्वाद और खुशबू के क्षेत्र में दशकों का अनुभव, उपभोक्ता व्यवहार की गहरी समझ और देशभर में फैला मजबूत वितरण नेटवर्क है। समूह के पास 150 से अधिक सुपर स्टॉकिस्ट, 5000+ वितरक, और 15 लाख से अधिक रिटेल दुकानों तक सीधी और 35 लाख से अधिक तक अप्रत्यक्ष पहुंच है। ई-कॉमर्स, क्विक कॉमर्स और आधुनिक ट्रेड को अपनाकर डीएस ग्रुप ने उपभोक्ता की बदलती जरूरतों को बखूबी समझा और अपनाया है।

## कैंडेरे के संस्थापक रुपेश जैन ने डायमंड ज्वेलरी ब्रांड 'लुसिरा' लॉन्च किया

**मुंबई।** कल्याण ज्वेलर्स द्वारा अधिग्रहण से पहले कैंडेरे को भारत के सबसे सफल ऑनलाइन फाइन ज्वेलरी प्लेटफॉर्म्स में से एक बनाने वाले डिजिटल ज्वेलरी पायोनियर रुपेश जैन अब एक नए साहसी उद्यम लुसिरा, की वजह से एक बार फिर चर्चा में हैं। यह एक आधुनिक लैब में विकसित डायमंड ज्वेलरी ब्रांड है, जो आज के जागरूक, डिज़ाइन-फॉरवर्ड कंज्यूमर के लिए तैयार किया गया है और फाइन ज्वेलरी के साथ जुड़ने के तरीके को बदलने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। लुसिरा के संस्थापक, रुपेश जैन ने कहा, "हमारा विज़न एक ऐसा प्रीमियम, डिज़ाइन-आधारित फाइन ज्वेलरी डेस्टिनेशन बनाना है जो ऑनलाइन शुरू हो और खूबसूरती से क्यूरेट किए गए फिजिकल स्पेस तक विस्तार करें। एआई-आधारित कस्टमाइज़ेशन, वर्चुअल ट्राई-ऑन और सहज ई-कॉमर्स के ज़रिए हम डिजिटल रूप से खरीदारी के अभ्यस्त,मूल्य को महत्व देने वाले और अनुभव-केंद्रित उपभोक्ताओं तक पहुंच रहे हैं।

# MEIL को NPCIL से 12,800 करोड़ का परमाणु ऊर्जा प्रोजेक्ट मिला



**मुंबई।** NPCIL ने कर्नाटक के कैगा में दो 700 मेगावाट क्षमता वाले परमाणु रिएक्टर बनाने के लिए MEIL को 12,800 करोड़ का ऑर्डर दिया है। यह NPCIL का अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है और MEIL के लिए परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा कदम है। ऑर्डर औपचारिक रूप से NPCIL के मुंबई मुख्यालय में MEIL के निदेशक (परियोजनाएं) सीएच पी सुब्बैया और उनकी टीम को दिया गया। पहली बार, NPCIL ने गुणवत्ता-सह-लागत-आधारित चयन प्रक्रिया अपनाई। MEIL ने समय पर प्रोजेक्ट पूरा करने और गुणवत्ता व सुरक्षा के उच्च मानकों को बनाए रखने का भरोसा दिया है। यह प्रोजेक्ट भारत के ऊर्जा क्षेत्र को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने में मदद करेगा।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में लड़कियों ने मारी बाजी

- महज 43 दिनों में घोषित हुए परिणाम
- हाईस्कूल में 90.11% और इंटर 81.15% परीक्षार्थी उत्तीर्ण




महानगर संवाददाता

लखनऊ

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शुक्रवार को वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया। योगी सरकार की सक्रियता और पारदर्शी व्यवस्था के चलते इस बार सिर्फ 43 दिनों में परीक्षा परिणाम घोषित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। हाईस्कूल के समस्त परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 90.11 रहा, जबकि इंटरमीडिएट का उत्तीर्ण प्रतिशत 81.15 रहा। इंटरमीडिएट में महक जायसवाल, बच्चा राम यादव इंटर कॉलेज, भुलाई का पूरा (प्रयागराज) ने 97.20% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, हाई स्कूल में यश प्रताप सिंह, स्व० श्रीमती रसकेंद्री देवी इंटर कॉलेज, उमरी (जालौन) ने 97.83% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर बार की तरह इस बार भी लड़कियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। हाई स्कूल में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.21 अधिक है। वहीं, इंटरमीडिएट में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 9.77 अधिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को बधाई दी हैं और उनको बेहतर भविष्य के लिए शुभकामना दी है।

रिकॉर्ड समय में घोषित हुआ रिजल्ट शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) महेंद्र देव एवं सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद भगवती सिंह ने रिजल्ट की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी 2025 से 12 मार्च 2025 के मध्यम संपन्न हुईं। मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर यूपी बोर्ड द्वारा कुल 8140 परीक्षा केंद्रों पर 13 कार्यदिवसों में परीक्षाएं नकलविहीन और शुचितापूर्ण के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कराई गईं। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 19 मार्च से 2 अप्रैल के मध्य निर्धारित कुल 261 मूल्यांकन केंद्रों पर संपन्न हुआ। हाईस्कूल के मूल्यांकन में 92,594 परीक्षकों की भागीदारी रही, जबकि इंटर के मूल्यांकन में 56,066 परीक्षकों की भूमिका रही। इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं दो चरणों में 1 से 21 फरवरी के मध्य संपन्न हुईं। उन्होंने बताया कि सीएम के नेतृत्व में यूपी बोर्ड ने तकनीकी और प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया है।

| हाईस्कूल परीक्षा परिणाम | इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम |
|---|---|
| कुल परीक्षार्थी: 25,45,815 (1327024 बालक, 1218791 बालिकाएं) | कुल परीक्षार्थी: 25,98,560 (1387263 बालक, 1211297 बालिकाएं) |
| उत्तीर्ण परीक्षार्थी: 22,94,122 | उत्तीर्ण परीक्षार्थी: 21,08,774 |
| कुल उत्तीर्ण प्रतिशत: 90.11% | कुल उत्तीर्ण प्रतिशत: 81.15% |
| बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत: 86.66% | बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत: 76.60% |
| बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत: 93.87% | बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत: 86.37% |
| बालिकाओं का प्रदर्शन बालकों से 7.21% अधिक | बालिकाओं ने बालकों को 9.77% से पछाड़ा |

### जेल में निरुद्ध बंदी परीक्षार्थी भी हुए उत्तीर्ण

विभिन्न जेलों में निरुद्ध बंदी परीक्षार्थी भी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए। हाईस्कूल में कुल मिलाकर ऐसे 94 परीक्षार्थियों ने बोर्ड एग्जाम दिए, जिनमें से 91 उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण प्रतिशत 96.81 प्रतिशत रहा। इसी तरह, इंटरमीडिएट में कुल 105 बंदी परीक्षार्थी एग्जाम में बैठे, जिनमें 91 उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण छात्रों का कुल प्रतिशत 86.67 प्रतिशत रहा।

# आउटसोर्स कर्मचारियों को योगी सरकार का तोहफा

'उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम' के गठन के निर्देश

महानगर संवाददाता

लखनऊ

उत्तर प्रदेश में काम कर रहे लाखों आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए योगी सरकार ने ऐतिहासिक फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 'उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम' के गठन के निर्देश दिए। इस निगम के माध्यम से न सिर्फ कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलेगा, बल्कि उन्हें मेडिकल सुविधा, मातृत्व अवकाश, दुर्घटना बीमा, पेंशन और पारिवारिक पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं भी दी जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कोई भी आउटसोर्सिंग कर्मचारी तभी सेवा से हटाया जाए जब संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी की संस्तुति हो। साथ ही, हर महीने की 5 तारीख तक सभी कर्मचारियों के बैंक खातों में वेतन पहुंच जाए और उनके ईपीएफ व ईएसआई की रकम समय से जमा हो। सीएम योगी ने यह भी कहा कि अक्सर शिकायत मिलती है कि कई एजेंसियां कर्मचारियों का शोषण करती हैं, वेतन में कटौती करती हैं, समय पर भुगतान नहीं करतीं और ईपीएफ-ईएसआई नहीं देतीं।



### जेम पोर्टल और मेरिट के जरिए होगा चयन

मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में आरक्षण नियमों का पूरा पालन हो और चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो। चयन जेम पोर्टल के जरिए होगा और मेरिट आधारित होगा। उन्होंने कहा कि यह निगम कर्मचारियों की गरिमा और अधिकारों की रक्षा करेगा और सरकारी व्यवस्था में पारदर्शिता लाएगा। इस निगम में विभाग, एजेंसी और कर्मचारी तीनों के बीच त्रिपक्षीय समझौते के तहत काम होगा।

# प्लास्टिक दाना फैक्ट्री में आग, कोई जनहानि नहीं



**लखनऊ।** लखनऊ में चिनहट के पपनामऊ में गुरुवार देर रात प्लास्टिक दाना फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग की विकराल लपटें देखकर अफरा-तफरी मच गई। चीख पुकार मच गई। लोगों ने पुलिस और दमकल को सूचना दी। मौके पहुंचे अग्निशमनकर्मियों ने तीन दमकल की मदद से दो घंटे में आग पर काबू पा लिया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। चिनहट अयोध्या रोड पर अमीनाबाद निवासी पुनीत रस्तोगी व हरिश्चंद्र राठौर प्लास्टिक दाना बनाने की फैक्ट्री चलाते हैं। गुरुवार रात फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग की लपटें देख अफरा तफरी मच गई। वहां मौजूद लोगों में चीख पुकार मच गई। लोगों ने आग बुझाना शुरू कर पुलिस और दमकल को सूचना दी। कुछ ही देर में एफएसओ गोमतीनगर सुशील यादव दो दमकल के साथ मौके पर पहुंच गए। आग की लपटें देख उन्होंने इंदिरानगर फायर स्टेशन से एक दमकल और बुला ली। एफएसओ के मुताबिक दो घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। इससे पहले लखनऊ केसरी खेड़ा में झुग्गी-झोपड़ियों में आग लग गई।

# आतंकी हमले के विरोध में मुसलमानों ने फूंका पाकिस्तान का झंडा

महानगर संवाददाता

लखनऊ

पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद मुसलमानों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पाकिस्तान का झंडा जलाकर गुस्से और गम का इजहार किया गया। शहर की तमाम मस्जिदों में कश्मीर सहित देश भर से आतंकवाद के खात्मे और अमन व शांति की दुआ मांगी गई। साथ ही पाकिस्तान की साजिश को नाकाम करने के लिए आपसी मोहब्बत और एकता को मजबूत करने का आहवान किया गया। प्रदर्शन के बाद दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि देने के साथ ही पाकिस्तान और इसराइल को आतंकी देश घोषित करने की मांग भी उठाई गई।

बड़ा इमामबाड़ा स्थित आसिफी मस्जिद में जुमा की नमाज के बाद प्रदर्शन की अगुवाई करते हुए मजलिसे उलमा ए हिन्द के महासचिव मौलाना सैयद कल्बे जवाद नकवी ने पाकिस्तान को पापिस्तान बताते हुए कहा कि पाकिस्तान से जिस तरह के बयान आए हैं उससे जाहिर होता है वो हिन्दू और मुसलमानों को आपस मे लड़ना चाहता है। लिहाजा हमें उसकी साजिश को नाकाम करने के लिए आपस मे मिलजुल कर मोहब्बत और एकता को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि जो भी लोग हिंदू और मुसलमानों के बीच नफरत फैलाना चाहते हैं वो चाहे हिंदू हो या मुसलमान वो पाकिस्तान के एजेंट हैं।



उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि भारत से अलग हुए देशों को मिलाया जाए। उन्होंने कहा कि मारने वाले आतंकी मुसलमान नही है बल्कि पर्यटकों को बचाने वाले कश्मीरी नौजवान मुसलमान हैं। उन्होंने पहलगाम में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कुछ कट्टरपंथी गाजा में महिलाओ और बच्चों की हत्या पर खुशी मना रहे थे। उनको समझना होगा कि मौत का दर्द सबका बराबर होता है। उन्होंने पाकिस्तान और इसराइल को आतंकी देश घोषित करने की मांग की। इस मौके पर मौलाना सरताज हैदर, मौलाना रजा हुसैन, मौलाना आदिल फराज मुख्य रूप से मौजूद रहे। टीले वाली मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाजी काली पट्टी बांधकर शामिल हुए। नमाज के बाद पाक और आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन हुआ।

# फर्जी डिग्री आरोप के मामले में बढ़ सकती डिप्टी सीएम मौर्य की मुश्किलें



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उनके खिलाफ फर्जी डिग्री के आरोप के मामले को लेकर याचिका दाखिल की गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुनरीक्षण याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। कोर्ट ने याचिका दाखिले में देरी को माफ कर दिया है। कोर्ट ने महानिबंधक कार्यालय को नियमित याचिका नंबर आवंटित कर पेश करने का निर्देश दिया है। इससे पहले याचिका दाखिल करने में देरी के आधार पर निरस्त की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने वापस सुनवाई करने का आदेश दिया था जिस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यह आदेश पारित किया है। याची आरटीआई कार्यकर्ता दिवाकर नाथ त्रिपाठी की ओर से पुनरीक्षण याचिका दाखिल की गई है। कोर्ट दाखिले में हुए विलंब माफी की अर्जी स्वीकार करते हुए 6 मई को सुनवाई करेगी. जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच में सुनवाई हुई। याचिका में आरोप लगाया गया है कि केशव प्रसाद मौर्य की हिंदी साहित्य सम्मेलन से अर्जित डिग्री फर्जी है। इस आधार पर इन्होंने चुनाव भी लड़ा और पेट्रोल पंप भी हासिल किया है।

# रेलवे ट्रैक पर दरवाजा रखने वाले तीन गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

लखनऊ

लखनऊ में रेलवे ट्रैक पर लोहे का मजबूत दरवाजा रखने वाले तीन युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। एक हफ्ते में दूसरे बार रेलवे ट्रैक पर इस तरह से किसी चीज के पाए जाने के बाद इसे ट्रेन पलटाने की बड़ी साजिश बताया गया था। हालांकि गिरफ्तार किए गए तीनों युवकों से पूछताछ में पुलिस ने दावा किया कि ट्रेन पलटाने की कोशिश जैसा कोई इरादा इन लोगों का नजर नहीं आया है। तीनों ने पुलिस को बताया कि निर्माणाधीन मकान से दरवाजा उखाड़कर बेचने के इरादे से लेकर जा रहे थे। रेलवे ट्रैक पार करते वक्त ट्रेन के हार्न की आवाज सुनकर दरवाजा ट्रैक पर ही छोड़कर भाग गए। ट्रेन से दरवाजा टकराया और उसकी




तेज आवाज सुनने के बाद तीनों वापस भी नहीं आए।

इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी मिश्र के मुताबिक बुधवार को लखनऊ-सुलतानपुर रूट पर रहीमाबाद के कैथुलिया गांव के बाद बक्कास से उतरेठिया स्टेशन के बीच ट्रैक पर दरवाजा रखा मिला था। मुकदमा दर्ज करने के साथ सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इसकी मदद से चौधरीखेड़ा निवासी चेतराम रावत, गुलाब चंद्र और लवकुश रावत को गिरफ्तार किया गया। आरोपितों ने बताया कि नशे की लत पूरी करने के लिए वह निर्माणाधीन मकान से लोहे का दरवाजा उखाड़ कर लाए थे। इसे काटने की नियत से ले जा रहे थे। ट्रैक पार करते वक्त मालगाड़ी ने हार्न दिया। इसके बाद आरोपित दरवाजा ट्रैक पर ही छोड़कर भाग गए थे। बुधवार तड़के करीब 3:42 बजे बक्कास-उतरेटिया स्टेशन के बीच एक मालगाड़ी पटरी पर रखे लोहे के दरवाजे को रौंदते हुए पार हो गई। इंजन से गेट टकराने के बाद तेज आवाज से लोको पायलट को घटना की जानकारी हुई। मालगाड़ी के ड्राइवर ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी तो रेलवे अधिकारी हरकत में आए। रात में ही सीनियर सेक्शन इंजीनियर मौके पर पहुंचे। पेंड्राल क्लिप ठीक कराई।

# लिवर ट्रांसप्लांट के दो दिन बाद मरीज की मौत

परिजनों ने लापरवाही का लगाया आरोप

**लखनऊ।** केजीएमयू में लिवर प्रत्यारोपण के दो दिन बाद बुधवार रात मरीज की मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। उधर, डॉक्टरों का कहना है कि मरीज लिवर की गंभीर बीमारी से पीड़ित था। प्रत्यारोपण के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। तमाम कोशिशों के बाद भी उसे नहीं बचाया जा सका। लिवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे मोहनलालगंज के धर्मावत खेड़ा निवासी जितेंद्र रावत का गोमतीनगर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। जांच के बाद डॉक्टरों ने लिवर खराब होने की पुष्टि करते हुए ट्रांसप्लांट की सलाह दी। परिजनों ने इसके लिए केजीएमयू में



संपर्क किया। 21 अप्रैल को केजीएमयू में अंगदान हुआ। डॉक्टरों ने जितेंद्र के परिवारीजनों को फोन कर कैडवरिक लिवर प्रत्यारोपण की बात कही, जिस पर वे राजी हो गए। सोमवार को लिवर प्रत्यारोपण हुआ। हालांकि, इसके बाद मरीज की हालत बिगड़ गई। भाई उमेश का आरोप है कि जितेंद्र को रक्तस्राव होने लगा था। डॉक्टरों ने इसे रोकने के लिए ऑपरेशन किया फिर वेंटिलेटर पर रखा गया। बुधवार रात जितेंद्र की मौत हो गई।

# राजा भैया के दोनों बेटों की राजनीति में एंट्री

महानगर संवाददाता

प्रतापगढ़

यूपी बाहुबली कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को दोनों बेटों की भी राजनीति में एंट्री हो गई है। राजा भैया के चचेरे भाई अक्षय प्रताप सिंह की मौजूदगी में दोनों बेटों शिवराज प्रताप सिंह उर्फ बड़े राजा और बृजराज प्रताप सिंह उर्फ छोटे राजा को जनसत्ता दल की सदस्यता दिलाई गई। कुंडा के बाबूगंज स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर केएन ओझा और प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष राम अचल वर्मा ने बड़े और छोटे राजा को पार्टी की सदस्यता का कूपन भरवाने के



बाद प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई।

राजा भैया के दो बेटियां और दो बेटे हैं। दोनों बेटियां और दोनों बेटे जुड़वा हैं। पत्नी भानवी सिंह से विवाद के बाद दोनों बेटियां मां के साथ रहती हैं। दोनों बेटे राजा भैया के साथ रहते हैं। जनसत्ता दल में शामिल होने से पहले भी राजनीति आयोजनों में दोनों बेटे राजा भैया के साथ अक्सर दिखाई देते रहते थे। कुंडा से लखनऊ भी राजा भैया के साथ आना जाना लगा रहता था। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान तो दोनों पिता के प्रचार के लिए काफी सक्रिय भी दिखाई दिए थे। दोनों बेटों शिवराज प्रताप और बृजराज प्रताप का जन्म 2003 में तब हुआ था जब राजा भैया को गिरफ्तार कर जेल में डाला था।

## लॉरेंस गैंग के सदस्यों से यूपी एसटीएफ की मुठभेड़

**मेरठ।** लॉरेंस बिश्नोई और मेरठ के जीतू गैंग के के चार बदमाशों को एसटीएफ ने बड़ौत में बवाली गांव के बाहर जंगल में घेर लिया। फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से 32 बोर की चार पिस्टल, तमंचे और कारतूस बरामद किए गए हैं। पकड़ा गया सनी मेरठ के मुंडाली निवासी जीतू गैंग से जुड़ा है। यह गिरोह लॉरेंस बिश्नोई के लिए काम करता है। बड़ौत कोतवाली में आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। एसटीएफ मेरठ यूनिट को लॉरेंस बिश्नोई और जीतू गैंग के बदमाशों की लोकेशन गुरुवार दोपहर बड़ौत में मिली थी।

# साइबर ठगों के जाल में फंसकर युवती ने गंवाए 1.88 करोड़ रुपए

महानगर संवाददाता

वाराणसी

वाराणसी में साइबर ठगों ने सिगरा निवासी महिला चिकित्सक को शेयर मार्केट में निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर 1.88 करोड़ की ठगी कर ली। साइबर थाना में गुरुवार को मुकदमा दर्ज किया गया। डीसीपी क्राइम प्रमोद कुमार ने बताया कि जालसाजों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगीं हैं। महिला डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि बीते 2 मार्च को इंस्टाग्राम पर आस्क इनवेस्टमेंट का विज्ञापन देखा। उसके लिंक पर जाकर उन्होंने आस्क हेल्प डेस्क नामक व्हाट्सएप ग्रुप जॉइन किया।



ग्रुप एडमिन ने एएसके नामक ऐप प्ले स्टोर से डाउनलोड करने को कहा। ग्रुप की कोआर्डिनेटर प्रिया शर्मा नामक लड़की थी, जिससे बात होती थी। ने बताया कि ऐप पर उनके निवेश की राशि का लाभांश दिखता था। एक बार प्रॉफिट के कुछ पैसे भी उन्होंने निकाले। इसके बाद उन्हें विश्वास हो गया कि निवेश के लिए यह ऐप सही है। ऐप पर भरोसा कर को-आर्डिनेटर प्रिया शर्मा के बताए गए अलग-अलग खातों में 1 करोड़ 88 लाख 32 हजार रुपये भेज दिए। इसके बाद वे अपने रुपये नहीं निकाल सकीं। तब उन्हें ठगी की जानकारी हुई। महिला चिकित्सक ने साइबर पुलिस को बताया कि किस तरह से उनको झांसे में लिया गया, कैसे 1.88 करोड़ की ठगी की गई। जब भी अपने पैसे वापस पाने की कोशिश करतीं, उनसे कहा जाता था कि आईपीओ में और निवेश करने पर ही रुपये वापस मिलेंगे। अपने पैसे वापस पाने की उम्मीद में वह जालसाजों के चंगुल में फंसती चली गईं।

## यूपी के कई जिलों में बारिश और आंधी का अलर्ट

**लखनऊ।** उत्तर भारत में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। इस बीच, आने वाले दिनों में यूपी में मौसम का मिजाज बदलने वाला है और कल से 29-30 अप्रैल तक बारिश, आंधी तूफान का अलर्ट है। हालांकि, कुछ राज्यों में 29 अप्रैल और पूर्वी व मध्य भारत के राज्यों में 26 अप्रैल हीटवेव की स्थिति देखने को मिलेगी। यूपी की बात करें तो अकबरपुर में 28 अप्रैल को हल्की बारिश, आंधी के आसार हैं। इसके अलावा, एक दो दिनों तक बादल छाए रह सकते हैं। अयोध्या जिले में 27 अप्रैल को बारिश हो सकती है और आंधी का भी अलर्ट है। इसके अगले चार दिनों तक बादल छाए रह सकते हैं। आजमगढ़ में भी 27, 28 अप्रैल को आंधी पानी का अलर्ट जारी किया गया है। बागपत में 30 अप्रैल और एक मई को बारिश हो सकती है। बहराइच जिले में भी 27 अप्रैल, 29 अप्रैल को बारिश और आंधी तूफान का अलर्ट है। बिजनौर में 29 अप्रैल को बारिश, आंधी की चेतावनी जारी की गई है। गाजियाबाद में 30 अप्रैल और एक मई को बारिश का अनुमान जताया गया है।

# शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को उतारा मौत के घाट




**सिद्धार्थनगर।** यूपी के सिद्धार्थनगर स्थित गुलहरिया निवासी सलाहुद्दीन हत्याकांड का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। शादीशुदा प्रेमिका से मिलने के दौरान देख लेने पर महिला के गांव के ही युवकों ने लाठी डंडे से पीटकर मार डाला। इस कांड में शामिल दो आरोपियों को जोगिया पुलिस और एसओजी ने चौरासी से चोरवर जाने वाले मार्ग से गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद न्यायालय रवाना कर दिया। पुलिस के मुताबिक कांड में शामिल तीन अन्य की तलाश की जा रही है। इंस्टाग्राम पर प्यार हुआ था और मिलने के लिए गया था। एसओ जोगिया अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के तुरकौलिया गांव के पास खेत में सलाहुद्दीन पुत्र साहबुद्दीन निवासी गुलहरिया थाना खेसरहा की लाश मिली थी। इस मामले में मृतक के चचेरे भाई की तहरीर पर एक नामजद सहित अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज करके मामले की जांच शुरु की गई। एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी के साथ टीम मामले की जांच में जुटी तो पता चला कि प्रेम प्रसंग से जुड़ा। तार-तार जुड़े तो आरोपियों के नाम सामने आ गए। इसके बाद उनकी गिरफ्तार के लिए टीम लग गई। मुखबिर की सूचना पर गुरुवार सुबह चौरासी से चोरवर जाने वाले मार्ग पर घटना में शामिल दो लोगों को पकड़ा गया। उनकी पहचान धीरज, सनी देओल निवासी सियरापार थाना उसका बाजार के रूप में की गई। पूछताछ में उन्होंने पीटकर मारने की बात स्वीकार की है।

# आईपीएल में सट्टा लगाने वाले गिरोह के छह आरोपी गिरफ्तार



**प्रयागराज।** आईपीएल में सट्टा लगाने वालों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। थाना कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने गुरुवार की रात जीरो रोड स्थित एक मकान में छापेमारी कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान 3.69 लाख रुपये और सात मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। वेब पेज के माध्यम से सट्टेबाजी का खेल चल रहा था। पुलिस अब तक शहर में चार सट्टेबाजी गिरोह की धरपकड़ कर चुकी है। डीसीपी नगर अभिषेक भारती ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जीरो रोड स्थित हटकेश्वर मंदिर के निकट स्वरूपरानी पार्क के पास एक मकान में छापेमारी कर हर्षित जायसवाल निवासी चाहचंद जीरो रोड, सुनील कुमार केशरवानी निवासी खोवा मंडी थाना कोतवाली, मोहम्मद इश्तियाक निवासी पूरा फते मोहम्मद नैनी, टोनी यादव निवासी मोहत्सिमगंज थाना कोतवाली, सचिन कपूर निवासी मीरापुर थाना अतरसुइया व अरुण कुमार निवासी अलोपीबाग पंजाबी कॉलोनी थाना दारागंज को गिरफ्तार किया गया। आरोपी सट्टेबाजी का यूपीआई के माध्यम भी लेनदेन करते थे।

रॉबर्ट वाड्रा के बयान पर रामगोपाल, बोले-

# मैं रॉबर्ट वाड्रा के बयान से सहमत नहीं हूं

महानगर संवाददाता

लखनऊ

समाजवादी पार्टी (सपा) के राज्यसभा सदस्य रामगोपाल यादव ने पहलगाम आतंकी हमले पर दुख जताया। उन्होंने आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर जो हमला हुआ है, वह बहुत ही निंदनीय और दुखद है.

सपा सांसद रामगोपाल यादव ने कहा, "अमरनाथ यात्रा शुरू होने वाली है और इस यात्रा पर हमेशा ही आतंक का साया रहा है, क्योंकि पहलगाम इस यात्रा का पहला बेस कैंप होता है और एजेंसियां पता नहीं कर पाती हैं कि यहां लोगों पर इतना



बड़ा हमला हो जाएगा, तो मैं मानता हूं कि यह एक इंटेलिजेंस फेलियर है. सीमा पार से भारत में भेजे जा रहे आतंकियों के मन में कोई खौफ नहीं है. ऐसे में सरकार को सबसे पहला काम यह करना चाहिए कि पीओके के रूट को नष्ट करे. मगर, ऐसा लगता है कि सरकार में इच्छाशक्ति नहीं है। अभी तक सरकार को एक्शन ले लेना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।"

पाकिस्तान से बात करने के सवाल पर सपा नेता ने कहा, "बातचीत से कोई रास्ता नहीं निकलेगा और इस हमले का आर्टिकल 370 से कोई मतलब नहीं है, क्योंकि आतंकवाद को पैदा करने वाला देश पाकिस्तान है और ये बात सभी जानते हैं।" रामगोपाल यादव ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के बयान पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मैं रॉबर्ट वाड्रा के बयान से सहमत नहीं हूं, इस तरह की टिप्पणी तो लोग सोशल मीडिया पर करते रहते हैं। सपा सांसद ने कहा कि हमारी पार्टी का पहलगाम हमले पर यही रुख है कि सरकार कड़ी कार्रवाई करे और अगर जरूरत पड़ती है तो भारतीय सेना को पीओके में भेजें।

### रॉबर्ट पर क्या बोले रामगोपाल?

पहलगाम में आतंकियों द्वारा धर्म पूछकर गोली मारे जाने के सवाल पर रामगोपाल यादव ने कहा, "इस हमले में हिंदुओं के अलावा मुस्लिम भी मारे गए हैं। इस तरह की घटनाओं को भी राजनीति से जोड़ने की कोशिश की जा रही है और ये दुखद बात है। अगर, ये न होता तो देश से आतंकवाद खत्म हो गया होता, लेकिन सरकार की आतंकवाद को समाप्त करने की कोई इच्छा शक्ति नहीं है. ये बात सरकार को सूट करती है और हमारी जगह कोई और देश होता तो अभी तक हमला करके आतंकवाद को नष्ट कर देता."

# अयोध्या राम मंदिर में भक्तों को रोज मिलेगा भोजन प्रसाद


**अयोध्या।** तिरुपति बालाजी देवस्थानम की तर्ज पर अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने रामलला के दर्शनार्थियों के नियमित रूप से भोजन प्रसाद उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से यह व्यवस्था चल रही है लेकिन व्यवस्था स्थाई नहीं है जिसके कारण अब तक चैत्र रामनवमी, सावन झूला व कार्तिक परिक्रमा व पूर्णिमा स्नान मेला के दौरान ही व्यवस्था चलती आ रही है। फिलहाल तीर्थ क्षेत्र ने यहां प्रसाद वितरण के लिए काउंटर व भंडारा संचालन के स्थाई पंडाल के प्रबंध का निर्देश दे दिया है।



तीर्थ क्षेत्र के निर्देश पर ही एलएण्डटी ने स्थाई पंडाल के निर्माण का ले-आउट तैयार किया है। इसके लिए अंगद टीला के प्रांगण का चयन किया गया है। यहां मल्टीपरपज पंडाल का निर्माण होगा। यह पंडाल एक सौ गुणा डेढ़ सौ फिट का होगा। इस पंडाल को कालमों पर खड़ा किया जाएगा और इसकी छत पर प्री फैब्रीकेटेड स्ट्रक्चर लगाया जाएगा। इस पंडाल के लिए एलएण्डटी की ओर से तैयार किए गए आगमन को फिलहाल तीर्थ क्षेत्र के बोर्ड आफ ट्रस्टीज की हरीझंडी मिलनी बाकी है।

# हम कभी सिंधु जल संधि के पक्ष में नहीं रहे : CM अब्दुल्ला

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली



सिंधु जल संधि को निलंबित करने के केंद्र सरकार के फैसले पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा, भारत सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं। जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, हम कभी भी सिंधु जल संधि के पक्ष में नहीं रहे हैं। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि सिंधु जल संधि जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे गलत है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने 1960 की सिंधु जल संधि पर तत्काल रोक लगाने का फैसला लिया है। 65 साल पहले की इस संधि पर रोक के बाद पाकिस्तान में जल संकट पैदा हो सकता है। ताजा घटनाक्रम में जल शक्ति मंत्री की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने पाकिस्तानी जल संसाधन मंत्रालय के सचिव को पत्र लिखा है। भारत ने पाकिस्तान को लिखे पत्र में 1960 की जल संधि पर तत्काल रोक लगाने का फैसला लिया है। पहलगाम हमले की जवाबी कार्रवाई के तहत भारत ने पाकिस्तान को सिंधु जल समझौता स्थगित करने का औपचारिक पत्र भेज दिया है।

पत्र में सख्त भाषा में कहा गया है, सच्ची भावना से किसी संधि का सम्मान करने का उत्तरदायित्व ही उस संधि की बुनियाद होती है। मगर पाकिस्तान लगातार भारत के संघ शासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से आतंकवाद को जारी रखे हुए है। पाकिस्तान की इन कार्रवाइयों ने सुरक्षा अनिश्चितताएं पैदा की हैं।

### हिमाचल राजभवन से पाक का झंडा हटाया गया

शिमला में हिमाचल राजभवन से पाकिस्तान का झंडा हटाया गया। शिमला समझौते के स्मृति चिन्ह के रूप में ये झंडा रखा गया था। हालांकि, राजभवन सूत्रों का दावा है कि डेढ़ साल पहले ही राजभवन से पाकिस्तान का ये झंडा हटा दिया गया था। शिमला राजभवन का यही टेबल समझौते का गवाह है। 3 जुलाई 1972 को शिमला समझौता हुआ था।

## आतंकियों को चुन-चुनकर मारे भारत, हम साथ देंगे : तुलसी गबार्ड

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले पर अमेरिकी सहित ज्यादातर देशों ने चिंता जाहिर की है। दुनिया के ज्यादातर देशों ने इस हमले के बाद भारत के प्रति सहानुभूति जाहिर की। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने पहलगाम हमले की निंदा करते हुए भारत की मदद करने की बात कही है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "हम पहलगाम में 26 हिंदुओं को निशाना बनाकर किए गए भीषण इस्लामी आतंकवादी हमले के खिलाफ भारत के साथ एकजुटता से खड़े हैं। उन्होंने आगे कहा कि मेरी प्रार्थनाएं और गहरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के सभी लोगों के साथ हैं। हम आपके साथ हैं और इस जघन्य



हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने में आपका समर्थन करते हैं। बता दें कि दुनिया के ज्यादातर देशों ने इस घटना पर चिंता जाहिर की है। कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की और हमले पर चिंता जाहिर की।

## भारत के एक्शन से पाक सेना में खौफ

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के एक्शन से पाकिस्तान की सेना दहशत में है। पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने परिवार को विदेश भेज दिया है। सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान सेना के कई ऑफिसर ने अपने परिवारों को प्राइवेट एयरक्राफ्ट से ब्रिटेन और न्यू जर्सी भेजा है। पहलगाम आतंकी हमले के 48 घंटे के भीतर भारत ने अरब सागर में दुश्मनों को कड़ा संदेश देते हुए गुरुवार को जंगी जहाज आईएनएस सूरत से मिसाइल परीक्षण किया। भारतीय नौसेना के युद्धपोत ने मिसाइल से समंदर पर एक टारगेट को तबाह किया। पाक ने अरब सागर में फायरिंग ड्रिल शुरू की तो जवाब में भारतीय नौसेना ने एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत को समंदर में उतार दिया। आईएनएस विक्रांत पर मिग-29के फाइटर जेट और अटैक करने वाले हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को पहलगाम स्थिति की समीक्षा करने के लिए श्रीनगर पहुंचे।

# पाक के हवाई क्षेत्र बंद होने से हो रही देरी

## इंडिगो ने उड़ानों को 10 दिनों के लिए किया रद्द

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली



भारतीय विमानन कंपनियों पर पाकिस्तान द्वारा अपने एयर स्पेस के इस्तेमाल को लेकर लगाए गए प्रतिबंध का असर अब साफ साफ नजर आ रहा है। अंतरराष्ट्रीय मार्गों की उड़ानों को को रद करना शुरू कर दिया गया है। इंडिगो ने प्रतिबंधों और सीमित वैकल्पिक मार्गों के कारण अलमाटी और ताशकंद इंडिगो के वर्तमान विमान बेड़े की परिचालन सीमा से बाहर हैं। अलमाटी के लिए 27 अप्रैल से 7 मई और ताशकंद के लिए 28 अप्रैल से 7 मई तक की उड़ानें रद कर दी गई हैं। इंडिगो प्रवक्ता ने कहा कि हम अपने ग्राहकों से अपेक्षा करते हैं कि वे इस स्थिति को समझेंगे।

यूरोप, खाड़ी देशों, मध्य एशिया व अमेरिका से आने वाली उड़ानें अब विलंब की चपेट में आ रही हैं। शुक्रवार को कई उड़ानें तो छह छह घंटे विलंब से पहुंची। एअर इंडिया की न्यूयार्क से नई दिल्ली आ रही उड़ान संख्या एआइ 102 चार घंटे विलंबित रही। शिकागो से नई दिल्ली पहुंची एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआइ 126 के आगमन में पांच घंटे का विलंब हुआ। वहीं सेन फ्रांसिस्को से नई दिल्ली आ रही उड़ान के आगमन में छह घंटे का विलंब हुआ। लंदन से एअर इंडिया की जिस उड़ान संख्या एआई 112 आइजीआई एयरपोर्ट पर बृहस्पतिवार देर रात 3.10 बजे लैंडिंग करनी थी, वह सुबह करीब पौने सात बजे पहुंची। पेरिस से आ रही एअर इंडिया की उड़ान संख्या 142 को शुक्रवार सुबह 8.35 बजे लैंडिंग करनी थी, यह करीब 10 बजे पहुंची।

# पहलगाम आतंकी हमला: संदिग्ध खच्चर वाला अयाज गिरफ्तार


महानगर नेटवर्क
गांदरबल



जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले की पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक फोटो के मामले में तुरंत एक्शन लेते हुए संदिग्ध खच्चर वाले की पहचान कर उसे हिरासत में ले लिया है। ये मामला तब सामने आया जब एक महिला पर्यटक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने एक संदिग्ध की फोटो दिखाते हुए उस पर धर्म संबंधी सवाल पूछने का आरोप लगाया था। गांदरबल पुलिस ने मामले की तेजी से जांच की और संदिग्ध को हिरासत में लिया। संदिग्ध की पहचान अयाज अहमद जंगल निवासी गोहिपोरा रैजन, गांदरबल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि संदिग्ध सोनमर्ग के थाजवास ग्लेशियर पर खच्चर चालक का काम करता है। पुलिस ने संदिग्ध से गहन पूछताछ की है और इस मामले में कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बता दें कि महिला पर्यटक ने दावा किया कि हमले से ठीक पहले 20 अप्रैल को वह बैसरन वैली घूमने गई थीं, तब स्केच में दिख रहे संदिग्ध ने उन्हें खच्चर राइड कराई थी। संदिग्ध ने उस दौरान उनसे कई अजीब सवाल किए, जिनमें धर्म, धार्मिक स्थलों की यात्रा और दोस्तों की धार्मिक पहचान से जुड़े प्रश्न शामिल थे। महिला पर्यटक ने अपने फोन में मौजूद एक फोटो और व्हाट्सएप ग्रुप के स्क्रीनशॉट भी दिखाए, जिनमें उनके दोस्त भी संदिग्ध की पहचान की. फोटो में एक व्यक्ति मेरून रंग की जैकेट और पजामा पहने हुए नजर आ रहा है।

# इसरो के पूर्व प्रमुख डॉ. के. कस्तूरीरंगन का निधन

महानगर नेटवर्क
बेंगलुरू



इसरो के पूर्व प्रमुख डॉ. के. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार सुबह 10:43 बजे बेंगलुरु में निधन हो गया। डॉ. के. कस्तूरीरंगन एक प्रसिद्ध भारतीय खगोल वैज्ञानिक थे। उनका जन्म 24 अक्टूबर 1940 को हुआ था। उनके पार्थिव शरीर को रविवार 27 अप्रैल को सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक आरआरआई में रखा जाएगा, जहां लोग उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दे सकते हैं। डॉ. कस्तूरीरंगन ने बॉम्बे विश्वविद्यालय से विज्ञान स्नातक और भौतिक विज्ञान में मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 1971 में भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद से प्रायोगिक उच्च ऊर्जा खगोल विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने इसरो में विभिन्न पदों पर काम किया, जिसमें अध्यक्ष और सचिव के रूप में 9 वर्षों से अधिक समय तक भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का नेतृत्व किया। उन्हें पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

# जम्मू-कश्मीर में दिखे चार संदिग्ध दहशतगर्द, हरकत में आई सेना

• राजौरी-पुंछ में भी खोजे जा रहे आतंकी

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली



पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू कश्मीर के अलग-अलग क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को तलाशी अभियान जारी है। कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ा दी गई है और सर्च अभियान चलाया जा रहा है। कठुआ के चन्नी इलाके में एक महिला ने चार संदिग्ध को देखा और पुलिस को सूचित किया, जिससे बाद सुरक्षा बल तुरंत हरकत में आ गए।

इंटरनेशनल बॉर्डर पास दिखे संदिग्ध

जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (SOG) और स्थानीय पुलिस मिलकर इलाके में तलाशी अभियान चला रही है। सुरक्षाबलों ने उस क्षेत्र में घेराबंदी कर दी है। जिस जगह पर यह तलाशी अभियान चलाया जा रहा है वहां से इंटरनेशनल बॉर्डर पास ही है।

### उधमपुर, राजौरी में भी सर्च ऑपरेशन जारी

जम्मू कश्मीर में फरार तीन आतंकवादियों को पकड़ने के लिए रक्षा बल उधमपुर जिले के वन क्षेत्रों में तलाशी अभियान चला रहे हैं। इसके अलावा किश्तवाड़, कठुआ, राजौरी और पुंछ के इलाकों में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने बताया कि सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के विशेष जवानों का डुडु-बसंतगढ़ में तलाशी अभियान जारी है।

# पहलगाम हमले के खिलाफ VHP का देशव्यापी प्रदर्शन

## VHP प्रमुख बोले- पीओके को भारत में मिलाओ...





महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के अध्यक्ष आलोक कुमार ने शुक्रवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को भारत में मिलाने और पड़ोसी देश द्वारा प्रायोजित आतंकवाद को खत्म करने का आह्वान किया। आरएसएस से जुड़ी वीएचपी और इसकी युवा इकाई बजरंग दल ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन किया और 'जिहादी आतंकवाद और पापी पाकिस्तान' के पुतले जलाए।

आतंकवादियों ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया। इस हमले में 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। आलोक कुमार ने जंतर-मंतर पर आयोजित एक विरोध सभा को संबोधित करते हुए कहा, अब समय आ गया है कि दुनिया को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से मुक्त किया जाए और पीओके को जिहादियों के चंगुल से छुड़ाकर भारत में मिलाया जाए। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार की ओर से उठाए गए सख्त राजनयिक कदमों से पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ गया है। उन्होंने कहा, भारत पाकिस्तान समेत दुनियाभर में किसी भी देश विरोधी ढांचे को पूरी तरह तबाह करने में सक्षम है।

# सिक्किम के चुथांग में फंसे टूरिस्टों का लौटना शुरू

महानगर नेटवर्क
गंगटोक



सिक्किम के मंगन जिले में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण चुंगथांग में फंसे सैकड़ों पर्यटकों ने शुक्रवार को जिला प्रशासन की मदद से मंगन की ओर प्रस्थान करना शुरू कर दिया। चुंगथांग, जो राज्य की राजधानी गंगटोक से लगभग 100 किलोमीटर दूर है, में गुरुवार को भूस्खलन के कारण करीब 200 पर्यटक वाहन फंस गए थे। फंसे हुए पर्यटकों ने चुंगथांग के एक गुरुद्वारे में शरण ली थी। अधिकारियों ने बताया कि सांगकालांग में पुनर्निर्मित पुल को यातायात के लिए खोल दिए जाने के बाद पर्यटकों को लेकर वाहन चुंगथांग से मंगन के लिए रवाना हो गए हैं। मंगन पहुंचने के बाद ये पर्यटक गंगटोक की ओर बढ़ेंगे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंगन के जिलाधिकारी अनंत जैन और एसपी सोनम देचू भूटिया ने फंसे पर्यटकों की सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गुरुवार को हुई भारी बारिश के कारण लाचेन और लाचुंग की सड़कें भूस्खलन से बंद हो गई थीं।

### 'प्रेम सिंह तमांग खुद बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे'

बता दें कि लाचुंग और लाचेन अपनी प्राकृतिक सुंदरता, गुरुडोंगमार झील और युमथांग घाटी जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां तक पहुंचने के लिए पर्यटकों को चुंगथांग से होकर गुजरना पड़ता है। इस हिमालयी राज्य के उत्तरी हिस्सों में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण लगभग एक हजार पर्यटक फंस गए थे।

लाचेन-चुंगथांग मार्ग पर मुंशीथांग और लाचुंग-चुंगथांग मार्ग पर लेमा/बॉब में भारी भूस्खलन हुआ।

# भारत ने किया हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।** भारत ने लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। स्क्रैमजेट इंजन के एक्टिव कूल्ड कम्बस्टर का जमीन पर 100 सेकंड तक सफल परीक्षण किया है। हाइपरसोनिक मिसाइलें ध्वनि की गति से पांच गुना ज्यादा तेजी से उड़ती हैं। यानी ये मिसाइलें Mach 5 से भी तेज होती हैं। दुनिया की बड़ी ताकतें इन मिसाइलों को बनाने में जुटी हैं क्योंकि ये मौजूदा मिसाइल और हवाई सुरक्षा प्रणालियों को चकमा दे सकती हैं।

# मुर्शिदाबाद हिंसा: शासन व्यवस्था पूरी तरह चरमराई

## एनसीडब्ल्यू रिपोर्ट में चौंकाने वाले दावे

**मुर्शिदाबाद।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में हाल ही में हुई बड़े पैमाने सांप्रदायिक हिंसा पर अपनी रिपोर्ट दे दी है। आयोग के अनुसार लोगों का राज्य की पुलिस पर से विश्वास खत्म हो गया है। इसमें कहा गया है कि मुर्शिदाबाद में शासन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। हिंसा के बाद से महिलाएं गंभीर सदमे में हैं। हिंसा के दौरान महिलाओं को लक्ष्य बनाया गया है, उन्हें घरों से जबरन घसीटकर लाया गया। आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य सरकार ने अभी तक इस मामले में कोई कदम नहीं उठाया गया है।


## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) शहर जौनपुर
वाद सं0 319 सन् 2024

अखिलेश चौबे वयस्क पुत्र जयनरायन चौबे सा.मौजा चमाँवा (फूलपुर) पोस्ट, परगना व तहसील फूलपुर जिला आजमगढ़ - वादी

बनाम

विमल कुमार उ.त. 35साल वयस्क पुत्र स्व.राजेन्द्र उपाध्याय सा.मौजा त्रिलोचनपुर पोस्ट औरही पर.हवेली तह.सदर जिला जौनपुर। वर्तमान पता गली नं.-1 गणपत पाटिल नगर, मिश्रा कम्पाउण्ड आयसी कालोनी खाड़ी मण्डपेश्वर मुम्बई (महाराष्ट्र) -प्रतिवादी

हरगाह उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश बाबत दायर की हैं लेहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख माह सन् ई0 बवक्त बजे अदालत या मारफत अपने वकील के जो मुकदमा के हालात के करार वाकई वाकिफ हो और कुल उमराह अहम मुतलिका मुकदमा का कागज देखके या जिनके साथ कोई शख्स हो जो ऐसे सवालात का जबाब दे सके हाजिर हो और जबाब देही दावा की करें और हरगाह वही तारीख को आप इजहार के लिए हाजिर हो जो बावत इनफिसाल कत्तई मुकदमा मजकूर हुई हैं और आपको लाजिम हैं उस रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती हैं कि नालिश मजकूर में हाजिर न होंगे तो आपकी गैर हाजिरी में आपके खिलाफ फैसला सादिर कर दिया जायेगा।

तारीख पेशी 09-05-2025
जवाब/तनकीह

बदस्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के बतारीख माह सन् को जारी किया गया। (न्यायालय)



## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### मु. अभि. (एस.ओ.) विभाग

क्र. ई.ई.एम./सीव./585/शहर-1, दि. 25 अप्रैल 2025

### ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा निम्नलिखित निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं. निविदा प्रति, महाटेंडर पोर्टल (https://mahatenders.gov.in/nicgep/app) अंतर्गत ई-प्रोक्योरमेंट अनुभाग से डाउनलोड किए जा सकते हैं.

| अ. क्र. | कार्य का विवरण | निविदा संदर्भ क्र. | ईएमडी रु. में | निविदा शुल्क रु. में | निविदा की निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1 वर्ष की अवधि हेतु दादर पम्पिंग स्टेशन पर 300 सीएमडी क्षमता के एसटीपी के संचालन और अनुरक्षण की सेवाएं प्रदान करना. | 2025_एमसीजीएम_1173970_1 | 20,800/- | 3,630/- + 18% जीएसटी | 08.05.2025 को सायं. 04.00 बजे तक |

अधिक जानकारी के लिए लॉग ऑन करें : https://mahatenders.gov.in/nicgep/app

हस्ता./-
(पी.ए. सालगांवकर)
कार्यकारी अभियंता यांत्रिक (सीव.) शहर-1, प्रभारी

पीआरओ/235/विज्ञा./2025-26

कहीं भी पानी जमा ना होने दें, मच्छरों को आमंत्रित ना करें.


गवर्नर और मुख्यमंत्री के बीच रार पर राज्यपाल का खुलासा

# 'गवर्नर के कार्यक्रम में गए तो लौटकर नहीं जा पाएंगे घर'

महानगर नेटवर्क
चेन्नई



तमिलनाडु में लंबे समय से गवर्नर और मुख्यमंत्री के बीच जारी तकरार में अब नया मोड़ आ गया है। राज्य के राज्यपाल आर एन रवि ने आरोप लगाया है कि राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को शुक्रवार को यहां राजभवन में शुरू हुए दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के खिलाफ चेतावनी दी गई थी। राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मौजूदगी में कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा में सुधार के लिए आयोजित कुलपतियों के सम्मेलन में राज्य विश्वविद्यालयों का कोई भी प्रतिनिधि शामिल नहीं हुआ।

ऊटी स्थित राजभवन परिसर में आयोजित तमिलनाडु के राज्य, केंद्रीय और निजी विश्वविद्यालयों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया। इस दौरान उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कुलपतियों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। रवि की 'विचारशील पहल' की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि राज्यपाल ने 2022 में यह पहल की थी और मौजूदा सम्मेलन वार्षिक सम्मेलनों की श्रृंखला का हिस्सा है। इससे पहले, रवि ने कहा, ''दुर्भाग्य से इस सम्मेलन में राज्य के विश्वविद्यालय भाग नहीं ले रहे हैं क्योंकि उन्होंने मुझे लिखित रूप से सूचित किया है कि उन्हें राज्य सरकार द्वारा भाग नहीं लेने की चेतावनी दी गई है।''राज्यपाल ने कहा, ''अभी तक, हमारे एक कुलपति पुलिस थाने में थे। कुछ कुलपति ऊटी पहुंचे और कुछ के साथ तो अभूतपूर्व हुआ, जो पहले कभी नहीं हुआ। आधी रात को उनके दरवाजे पर दस्तक हुई और पुलिस की एक विशेष शाखा ने जाकर उनसे कहा कि अगर वे गवर्नर के सम्मेलन में भाग लेते हैं, तो घर वापस नहीं जा पाएंगे।''

### कार्यक्रम में एक तिहाई कुलपति ही आ सके

तमिलनाडु राजभवन के शीर्ष सूत्रों के अनुसार, आमंत्रित किए गए 56 उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों में से केवल 18 ही इस सम्मेलन में शामिल हो सके। जिन विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को न्योता भेजा गया था, उनमें पांच केंद्रीय विश्वविद्यालय, 20 राज्य विश्वविद्यालय, चार केंद्रीय संस्थान और 27 निजी विश्वविद्यालय शामिल थे। शामिल होने वालों में 16 लोग केंद्रीय विश्वविद्यालयों और प्राइवेट यूनिवर्सिटी के लोग थे, जबकि दो राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति के प्रतिनिधि थे।


## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने कि सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय जौनपुर उ0प्र0
मु0नं0 1568 सन् 2023
धारा 125 सीआर0पी0सी0
थाना चन्दवक जौनपुर

सुषमा कुमारी बनाम आदित्य प्रजापति बनाम आदित्य प्रजापति उ0त0 40 साल पुत्र मिट्ठूराम प्रजापति ग्राम व पोस्ट उचौरी थाना खानपुर जिला गाजीपुर। हाल पता साई सिद्धि टावर प्लाट नंबर 102 पहला मंजिला लक्ष्मी नगर घाटकोपर पूर्व मुम्बई नं0 75 (विपक्षी)

चुकि उपर नामाकिंत ने इस न्यायलय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती जाति कि आपको आवेदन के खिलाफ संवागित करन के लिये स्वय या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा सज्जात द्वारा ही ऐसा करने से असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षी सुना और अवधारित किया जायेगा।

तारीख पेशी 29-04-2025
आपत्ति/निस्तारण

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित निकाली गयी। (न्यायालय)



**Maharashtra State Police Housing and Welfare Corporation Ltd., Worli, Mumbai – 400030**, inviting online e-tenders (Excluding GST) in 'Lumpsum' form C from eligible contractors for the following work

**e-Tender Notice No, C- 01, Year 2025 – 26**

"Construction of Police Station Buildings at Ansing & Jaulka for S. P. Washim including all infrastructural amenities."

- **Online Tender Form Fees: Rs.3,540/- (Including 18% GST) (Non-refundable)**
- **Online Earnest Money Deposit : Rs.7,63,960/-**
- **Approximate Estimated cost Excluding GST: Rs.763.95 Lakhs.**

The Tender form fee & Earnest Money Deposit to be paid only through the online payment gateway of Maharashtra State Police Housing and Welfare Corporation Limited, Worli, Mumbai.

Detailed tender notice along with Tender Document and Drawings is available on e-tender portal https://mahatenders.gov.in/nicgep/app from 28/04/2025 at 17.00 hours.

Contact: Tel. No. (Help desk no.) 1800-3070-2232 & Mobile No.7878107985, 7878107986

**R. M. Gosavi**
**Chief Engineer**
**M.S.P.H. & W.C. Ltd., Worli, Mumbai**



# ध्वनि प्रदूषण याददाश्त को करता है कमजोर

स्कूल जाते समय बच्चों के स्कूल रूट में ज्यादा ट्रैफिक होने से बच्चों की मेमोरी कमजोर होती है। हेल्थ के शोधकर्ताओं ने 38 स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों पर किए शोध में यह बात सामने आई है। 7 से 10 साल के 2,680 बच्चों पर हुए इस शोध में सामने आया कि बाहरी शोर के स्तर में 5 डेसिबल की भी वृद्धि होती है तो याददाश्त क्षमता 11.5% कम हो जाती है। वहीं, कठिन कामों को करने की क्षमता का विकास भी 23.5% तक प्रभावित होता है।

इसके चलते पढ़ाई पर फोकस 4.8 % तक घट जाता है। भविष्य में ध्वनि प्रदूषण को देखते हुए स्कूलों को ऐसी जगह बनाया जाना चाहिए जहां शोर व ट्रैफिक कम हो। भविष्य में ध्वनि प्रदूषण को देखते हुए स्कूलों को ऐसी जगह बनाया जाना चाहिए जहां शोर व ट्रैफिक कम हो। इस शोध के लेखक ने बताया कि हमारी रिसर्च इस थ्योरी का समर्थन करता है कि बचपन एक कमजोर अवधि है।

ध्वनि प्रदूषण किशोरावस्था से पहले होने वाले याददाश्त क्षमता के विकास की प्रक्रिया को धीमा करता है। भविष्य में इसे देखते हुए स्कूलों को ऐसी जगह बनाया जाना चाहिए जहां शोर व ट्रैफिक कम हो। बाहरी और अंदर के शोर की तुलना में शोधकर्ताओं ने पाया कि शोर वाले खेल के मैदानों वाले स्कूलों में बच्चों ने सभी परीक्षणों में खराब प्रदर्शन किया। हालांकि, शोरगुल वाली कक्षाएं केवल बच्चों के ध्यान को प्रभावित करती हैं, न कि उनकी मेमोरी को।

अध्ययन के प्रमुख ने कहा कि इस खोज से पता चलता है कि कक्षा के अंदर का शोर औसत डेसिबल स्तर से ज्यादा होने पर न्यूरोडेवलपमेंट के लिए खतरा साबित हो सकता है।

हेल्थ के शोधकर्ताओं ने 38 स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों पर किए शोध में यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट फॉर प्राइमरी केयर रिसर्च के शोधकर्ताओं ने 9 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों पर किए शोध में पाया कि ज्यादा वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण और ट्रैफिक वाले क्षेत्र में रहने वाले बच्चों में मोटे होने की संभावना अधिक होती है।

# स्टाइलिश और ट्रेंडी सनग्लासेज़

क्या आप भी सनग्लासेज की शॉपिंग करते वक्त कनफ्यूज रहते हैं कि किस तरह के गॉगल्स चेहरे पर अच्छे लगेंगे और कौन से गॉगल्स ट्रेंड में हैं साथ ही जो धूप से भी बचाएं? तो आज हम आपको ऐसे ही कुछ ट्रेंडिंग सनग्लासेज़ के डिजाइन्स के ऑप्शन्स बताएंगे जो न सिर्फ आपको धूप से बचाएंगे बल्कि आपकी पर्सनैलिटी पर भी जंचेंगे।

### स्टाइलिश एविएटर्स

ये सनग्लासेज ट्रेंड में इन हैं। और हर एक पर्सनैलिटी को सूट करते हैं। दिखने में स्टाइलिश लगने वाले एविएटर्स अलग-अलग कलर्स में मार्केट में अवेलेबल हैं। डार्क ग्रीन, ब्लू, ग्रे और ब्लैक एविएटर्स की डिमांड सबसे ज्यादा है। और गर्मियों के लिए काफी अच्छा ऑप्शन है।

### ओवरसाइज़्ड सनग्लासेज

ओवरसाइज़्ड सनग्लासेस काफी समय से फैशन में इन है। हां इनके फ्रेम्स में एक्सपेरिमेंट्स देखने को मिलते रहते हैं। राउंड की जगह ज्योमिट्रिक, स्क्वॉयर शेप के फ्रेम ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं।

### बोल्ड एंड ब्यूटीफुल वेफेरर्स

वेफेरर्स चश्मे खासतौर पर उन लोगों के लिए बने होते हैं जो ट्रैवल करते हैं। पहले इनका फैशन उतार और चढ़ाव में था, लेकिन अब ये आज के फैशन में फिट होते हैं। इनकी खास बात यह है कि ये हर चेहरे पर अच्छे लगते हैं।

### कलरफुल फ्रेम

इस बार भी चश्मों के कलर्स में कैंडी कलर्स की बहार देखने को मिल रही है। लाल पीले, हरे, नीले पूरी तरह से कैंडी कलर्स का रंग आपके चश्मे के साथ आपको भी कूल लुक देगा। जितना अलग रंग होगा, उतना ही फैशन के करीब माना जाएगा।



### वेलवेट फ्रेम सनग्लासेज

वेलवेट चश्मों पर हर किसी की नजर होती है। ये कई शेड्स में स्टोर पर मौजूद होते हैं। इस तरह का चश्मा आप किसी भी ड्रेस पर पहन सकते हैं।



## हेयर फॉल के लिए फायदेमंद है

# सरसों का तेल

बालों के लिए सरसों के तेल का इस्तेमाल आज से नहीं बल्कि दादी-नानी मां के जमाने से किया जा रहा है। आपने नोटिस किया होगा तो देखा होगा कि बुढ़ापे में भी उनके बालों की चमक, लंबाई, मोटाई वैसी ही नजर आती थी जैसे जवानी में। लेकिन आजकल की लाइफ में देखरेख की कमी के अलावा अनहेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल से भी बालों की क्वॉलिटी पर बहुत असर पड़ा है। तो अगर आप भी हेयर फॉल, डैंड्रफ, रफ एंड डल हेयर जैसी समस्याओं का सामना कर रही हैं तो इनसे छुटकारा पाने के लिए सरसों के तेल में मिलाकर लगाएं ये सारी चीज़ें और फिर देखें इसका जादू।



### सरसों तेल के साथ दही

- बालों की लंबाई के हिसाब से सरसों तेल लेकर उसमें दही मिक्स करें।
- दोनों ही चीज़ों को अच्छी तरह पहले फेंट लें।
- स्कैल्प और बालों की लंबाई तक लगाकर अच्छे से लेकिन हल्का जूड़ा बना लें। टॉवेल से लपेटकर 30-40 मिनट के लिए छोड़ दें।
- इसके बाद इसे किसी माइल्ड शैंपू से धो लें।
- ये पैक लगाने के बाद बालों में अलग ही चमक और सॉफ्टनेस नजर आती है।

### सरसों के तेल के साथ एलोवेरा जेल

- एक बाउल में सरसों का तेल और एलोवेरा जेल मिक्स करें।
- पूरे बालों में इस पेस्ट को अच्छी तरह लगाएं।
- एक घंटे तक इस पेस्ट को बालों मे लगाकर रखें फिर शैंपू और कंडीशनर लगाकर धो लें।
- ये पेस्ट बालों की डैमेजिंग रोकता है।

### सरसों के तेल के साथ नींबू का रस

- एक बाउल में सरसों का तेल, नींबू का रस और मेथी पाउडर की समान मात्रा एक साथ मिक्स करें।
- बालों में इसे लगाकर एक घंटे के लिए छोड़ दें।
- इसके बाद शैंपू कर लें। लगातार इस्तेमाल से बालों की क्वॉलिटी सुधरने लगेगी।
- सेंसिटिव स्कैल्प के लिए तो ये पैक बहुत ही ज्यादा फायदेमंद है।

### सरसों के तेल के साथ केला

- पके हुए केले और सरसों के तेल को एकसाथ मिक्स करें।
- इसमें आप चाहें तो दही भी मिक्स कर सकती है।
- इस पैक को स्कैल्प के साथ ही बालों की पूरी लंबाई में भी लगाना है।
- बेहतर रिजल्ट के लिए हफ्ते में दो बार इस्तेमाल करें।

# ट्राई करें मैंगो रबड़ी कुल्फी



**सामग्री :**
आम का गूदा, कटे हुए आम, केसर, दूध कॉर्नफ्लोर, फुल क्रीम मिल्क, शक्कर, इलायची

**कैसे बनाएं?**
घर पर मैंगो रबड़ी कुल्फी बनाने के लिए सबसे पहले गर्म दूध में केसर को कुछ देर के लिए भिगो कर रख दें और इसे अच्छे से मिक्स करें। अब एक कटोरी में कॉर्न फ्लोर और पानी को अच्छे से मिक्स करें और एक तरफ रख दें। अब एक पैन में दूध गर्म करें और फिर इसे मीडियम आंच पर कम से कम 7 से 8 मिनट के लिए गर्म करें। अब कॉर्न फ्लोर के पानी और शक्कर को मिलाएं और फिर धीमी आंच पर पकने दें। इसे धीमी आंच पर करीब 15 से 20 मिनट के लिए पकाना है। ध्यान रखें की बीच-बीच में इसे चलाते रहें. 20 मिनट के बाद आंच को बंद करें और फिर इसे ठंडा होने दें। जब तक आप रबड़ी तैयार करें। इसे बनाने के लिए आप दूध को गर्म करें और धीमी आंच पर इसे पकने दें। जब दूध गाढ़ा हो जाए तो इसमें शक्कर मिलाएं। और रबड़ी को तैयार करें। अब आपका मिश्रण अच्छे से ठंडा हो गया होगा तो इसमें आम का गूदा, केसर का दूध, और इलायची पाउडर डाल दें और अच्छे से मिक्स करें। अब कुल्फी बनाने के सांचे में आम कुल्फी का गूदा डालें और फिर इसमें रबड़ी डालें फिर दोबारा इसे आम मिश्रण से कवर करें। अब इसे फ्रिज में रात भर के लिए रख दें। अब खाने से पहले सांचे को बाहर निकालें और फिर लकड़ी की स्टिक को इसके सेंटर में डालें और कुल्फी को बाहर निकालें।



# जीवन मंत्र : बच्चे बड़ों से ही सीखते हैं संस्कार

ईश्वरचंद विद्यासागर ज्ञान का भंडार थे और इस वजह से उन्हें विद्यासागर की उपाधि दी गई थी। जब उन्हें अपनी पहली कमाई मिली तो वे सोने के कंगन बनवाकर अपनी मां के पास पहुंचे। उनकी माता भगवती देवी ने कंगन देखे तो विद्यासागर ने कहा, 'मां आपको याद होगा।

जब मैं छोटा था तो अपने घर एक गरीब महिला कुछ मांगने के लिए आई थी। आपने उसे थोड़े से चावल दिए थे। उस समय मैंने आपसे कहा था कि इससे उसका काम नहीं चलेगा। आपने अपने कंगन उतारकर उसे दे दीजिए। वह उस गरीब महिला के लिए ज्यादा काम का रहेगा। आपने कंगन उतारकर मुझे दे दिए थे। मैंने उस समय आपसे कहा था कि जब मैं बड़ा हो जाऊंगा तो आपके लिए नए कंगन बनवा दूंगा। आज मैं आपके लिए कंगन ले आया हूं।'

उस समय मां भगवती देवी ने कहा, 'मुझे भी याद है और तुझे भी याद है, लेकिन एक बात तू भूल रहा है। मैंने ये भी कहा था कि जब समर्थ हो जाओ तो गरीबों के लिए दो काम जरूर करना। शिक्षा केंद्र बनाना और उनके स्वास्थ्य के लिए अस्पताल बनवाना। आज तुम बहुत विद्वान हो, समाज सुधारक हो। लोग तुम्हारी बात सुनते हैं। अब मेरी उम्र कंगन पहनने की नहीं है। इन कंगन की जगह तू कलकत्ता में ये दो काम कर दे।' बाद में ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने ये दोनों काम किए थे।

**सीख**- मां-बेटे की इस बातचीत में हमारे लिए संदेश है। माता-पिता अगर ऐसे अच्छे विचार रखेंगे तो उनकी संतानें समाज में राष्ट्र में अद्भुत काम करेंगे। संस्कार माता-पिता के आचरण से मिलते हैं, किसी स्कूल-कॉलेज से नहीं मिलते।

# जरा-सा काम करने में ही हो जाती है थकान?

## खाने में शामिल करें ये चीजें, बॉडी में दिनभर रहेगी एनर्जी

भागदौड़ भरी लाइफ में आजकल थकान बहुत ही आम सी समस्या हो गई है। अगर आप सुबह उठते ही खुद को थका हुआ महसूस करते हैं, तो आरको अपने खानपान पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। थकान को दूर करने के लिए आप कुछ फूड्स अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। जी हां थकान की वजह थाली में कुछ चीजों की कमी हो सकती है। इसलिए थकान महसूस होने पर अपने खानपान पर जरूर ध्यान दें। चलिए हम यहां आपको बताएंगे कि थकान होने पर आपको किन चीजों को अपनी थाली में शामिल कर लेना चाहिए? थकान होने पर थाली में शामिल करें ये चीजें-



**पालक**- पालक विटामिन बी और आयरन का स्त्रोत होती है। इसका सेवन करने से आपकी बॉडी में फुल एनर्जी आ जाती है जो थकान को कम करने का काम करता है। जी हां गहरे रंग की यह पत्तेदार सब्जी बॉडी की ऊर्जा बढ़ाने में मददगार है। बता दें बॉडी में आयरन की की के कारण थकान महसूस हो सकती है इसलिए अपने खाने की थाली में पालक को जरूर शामिल करें।

**केला**- केला पोटेशियम से भरपूर होता है। अगर आप थका हुआ महसू कर रहे हैं तो आप केले का सेवन करें। ऐसा इसलिए क्योंकि केला खाने से आपकी बॉडी में तुरंत एनर्जी मिलती है। इसलिए केले का सेवन रोजाना जरूर करना चाहिए।

**अंडा**- अंडा एक बेहतरीन स्त्रोत है जो बॉडी को निरंतर ऊर्जा प्रदान करने का काम करता है। अगर आप अंडा खाते हैं तो थकान महसूस होने पर इसका सेवन कर सकते हैं। आप अंडे को उबालकर भी खा सकते हैं।

**दलिया**- तुरंत ऊर्जा बढ़ाने के लिए दलिए का सेवन किया जा सकता है। दलिया में कार्ब्स होते हैं जो बॉडी को एनर्जी देने का काम करते हैं।

# चेहरे का निखार दोगुना कर देती हैं खूबसूरत पलकें



आंखें हमारे चेहरे का सबसे खूबसूरत हिस्सा होती हैं। वहीं यदि आंखों की पलके घनी और लंबी हो, तो आंखे बहुत सुंदर लगती हैं। हालांकि, कई बार धूल, प्रदूषण और केमिकल्स के कारण पलकें कमजोर हो जाती है और ज्यादा टूटने लगती है। वहीं कुछ लोगों की पलकों हमेशा से पतली ही होती है। इस वजह से लोग नकली पलकों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन ये काफी फेक नजर आती हैं। ऐसे में अपनी आंखों की सुंदरता को बनाए रखने के लिए और पलकों को घना करने के लिए कुछ नेचुरल उपायों को अपनाया जा सकता है, जिससे वे हमेशा ही स्वस्थ और घनी बनी रहें।

पलकों को लंबा और घना बनाने के घरेलू उपाय

अरंडी का तेल- अरंडी का तेल पलकों के लिए बेहद फायदेमंद है। इसमें विटामिन-ई और फैटी एसिड होते हैं, जो बालों को बढ़ाने में मदद करते हैं। इसलिए हर रात सोने से पहले पलकों पर हल्के हाथों से अरंडी का तेल लगाएं। इससे पलकों की जड़ें मजबूत होती हैं और उनके विकास की गति तेज होती है।

नारियल तेल- नारियल तेल में एंटीऑक्सीडेंट्स और फैटी एसिड होते हैं, जो पलकों को पोषण देते हैं और उन्हें घना बनाते हैं। इसलिए रोजाना सोने से पहले थोड़ी मात्रा में नारियल तेल को पलकों पर लगाकर धीरे-धीरे मसाज करें। इससे पलकों को नमी मिलती है और उनका बेहतर तरीके से विकास होता है।

# WhatsApp में इस ट्रिक से करें पर्सनल चैट्स को हाइड



WhatsApp काफी पॉपुलर इंस्टैंट मैसेजिंग ऐप है। इससे पर कई लोगों के पर्सनल चैट्स भी होते हैं। लेकिन, जब आप किसी को फोन देते हैं तो आप नहीं चाहते हैं कि वो आपके किसी पर्सनल चैट्स को देखें। ऐसे में आप उसे WhatsApp पर हाइड कर सकते हैं। इसके अलावा आप गैर-जरूरी चैट्स को भी हाइड कर सकते हैं। इससे ऐप की होम-स्क्रीन पर आपको ऐसे चैट्स नहीं दिखेंगे।

इसके लिए आपको Archived Chats फोल्डर फीचर का यूज करना होगा। Archived Chats में नए मैसेज आने के बाद भी ये चैट की मेन लिस्ट में नजर नहीं आएगा। WhatsApp की मेन लिस्ट में ये Archived Chats तभी दिखेंगे जब आप इसे मैन्युअली अनअर्काइव करेंगे। इस फीचर को कंपनी ने कुछ समय पहले जारी किया था। पहले Archived Chats में नया मैसेज आने पर चैट मेन लिस्ट में आ जाता था। यहां पर आपको WhatsApp चैट्स को हाइड करने का पूरा तरीका स्टेप बाय स्टेप बता रहे हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले मोबाइल में WhatsApp को ओपन करना होगा। ऐप ओपन हो जाने के बाद उस चैट को होल्ड करके रखें जिसे आप Archived करना चाहते हैं। चैट होल्ड करके रखने से आपको टॉप बार में Archive का एक बटन दिखाई देगा। इस बटन पर क्लिक करके आप सेलेक्टेड चैट को अर्काइव कर सकते हैं। आप सभी वॉट्सऐप चैट्स को भी Archived कर सकते हैं। इसके लिए चैट पर टैप करके आप More Options पर जाना होगा। इसके बाद आपको सेटिंग में जाना होगा। फिर आपको चैट्स पर टैप करना होगा। यहां से आपको चैट हिस्ट्री में जाना होगा। चैट हिस्ट्री में जाने के बाद Archive all chats पर क्लिक कर दें। आपको बता दें अगर कोई आपको Archived चैट में टैग करता है तो आपको इसका नोटिफिकेशन मिलेगा।



# ऑलिव ऑयल और चीनी के स्क्रब से दूर होंगी त्वचा की कई समस्याएं

ऑलिव ऑयल, चीनी और हल्दी के स्क्रब से आप चेहरे को साफ करने के साथ ही त्वचा को बेदाग बना सकते हैं। इस स्क्रब से दाग धब्बे दूर होते हैं। इसका पेस्ट बनाने के लिए आप आधा कप ऑलिव ऑयल लें और उसमें करीब दो चम्मच चीनी मिला दें। इसके बाद आप इसमें चुटकी हल्दी मिला दें। ध्यान दें कि ज्यादा हल्दी का उपयोग न करें। इससे त्वचा में पीलापन आ सकता है। इस पेस्ट को चेहरे पर मसाज करते हुए हल्के हाथों से लगाएं। करीब 10 से 15 मिनट बाद चेहरे को वॉश कर लें। इस स्क्रब को बनाने के लिए आप करीब आधा कप ऑलिव ऑयल ले लें। इसके बाद इसमें करीब दो चम्मच चीनी मिला लें। इसके मिश्रण को आप अच्छी तरह मिक्स करें। जब ये दोनों चीजें मिल जाए तो इसमें विटामिन ई की दो टैबलेट को घोल दें। इससे बाद आपको स्क्रब तैयार है। इस स्क्रब को चेहरे पर सर्कुलर मोशन पर मसाज करते हुए लगाएं। करीब दस मिनट तक चेहरे पर इससे मसाज करें। कुछ देर बाद चेहरे को साफ पानी से धो लें। ऑलिव ऑयल और चीनी के स्क्रब में आप ग्रीन टी का इस्तेमाल कर सकते हैं। आपने ग्रीन टी के बारे में सुना ही होगा। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों के साथ ही एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल गुण भी होते हैं, जो त्वचा से झांइयां और एक्ने को दूर करने के काम करती हैं। इसे बनाने के लिए आप करीब आधा कप ऑलिव ऑयल में दो बड़े चम्मच चीनी मिलाएं। इसके बाद ऊपर से ग्रीन टी का एक बैग खोलकर इसमें डाल दें। अब इससे आप चेहरे को एक्सफोलिएट कर सकते हैं। चेहरे पर करीब 20 मिनट तक लगाएं।

# कोहनी और घुटने के कालापन को ऐसे करें दूर



शरीर में हार्मोन असंतुलन, तेज धूप, घर्षण यानी फ्रिक्शन, त्वचा संबंधी बीमारी, डेड स्किन के चलते कोहनी और घुटनों और अंडर आर्म्स पर कालापन आ जाता है। विशेषज्ञों की मानें तो शरीर में विटामिन की कमी के चलते भी ऐसी समस्या होती है। इसके लिए हमेशा संतुलित आहार लेना चाहिए। वहीं, जोड़ों के घर्षण यानी जॉइंट्स फ्रिक्शन को कम करने की कोशिश करनी चाहिए। इससे कोहनी, अंडर आर्म्स और घुटनों के कालेपन को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। इसके अलावा, आप कोहनी और घुटनों के कालेपन को दूर करने के लिए इन घरेलू उपायों को जरूर अपनाएं-



### हल्दी

प्राचीन समय से हल्दी को खूबसूरती बढ़ाने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। हल्दी का उपटन लगाने से चेहरे पर निखार आता है। वहीं, घुटनों और कोहनी के कालेपन को दूर करने में भी हल्दी सहायक है। इसके लिए एक चम्मच दूध में एक चुटकी हल्दी मिलाकर घुटने और कोहनी पर लगाएं। इसके बाद हल्के हाथों से मसाज करें। फिर, गर्म पानी से धो लें।

### नारियल तेल

नारियल तेल सेहत के लिए वरदान साबित होता है। यह कोहनी और घुटनों के कालेपन को भी दूर करता है। इसके लिए रोजाना नहाने के बाद नारियल तेल लगाएं। इसके बाद कुछ देर तक मसाज करें। इससे कोहनी और घुटनों का कालापन दूर होता है।

### एलोवेरा

त्वचा के लिए एलोवेरा रामबाण है। इसके इस्तेमाल से त्वचा में एक्स्ट्रा निखार आता है। इसमें एंटी-बैक्टिरियल और एंटी-फंगल के गुण पाए जाते हैं, जो घुटनों और कालेपन को दूर करने में सहायक होते हैं। इसके लिए रोजाना रात में सोने से पहले एलोवेरा और दूध मिलाकर त्वचा पर लगाएं। अगली सुबह को सामान्य पानी से धो लें। इससे घुटनों और कोहनी का कालापन दूर होता है।

### आलू

कोहनी और घुटनों के कालेपन को आलू के रस से दूर किया जा सकता है। इसके लिए आलू को कद्दूकस कर उसका रस निचोड़ लें। अब रस को कोहनी और घुटनों पर लगाएं। कुछ देर बाद धो लें। इसके बाद कोहनी और घुटनों या अंडर आर्म्स पर मॉइश्चराइज़र लगाएं।

### KKR के खिलाफ पंजाब की मोर्चे से अगुवाई करने

# ईडन गार्डंस पर लौटे श्रेयस अय्यर



कोलकाता। एक सत्र पहले कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर अब प्लेआफ क्वालीफिकेशन की उसकी राह में सबसे बड़ी बाधा होंगे जब उनकी कप्तानी में पंजाब किंग्स आईपीएल के अहम मैच में शनिवार को ईडन गार्डंस पर मेजबान के खिलाफ उतरेगी। बारह महीने पहले अय्यर की कप्तानी में केकेआर ने एक दशक में पहला आईपीएल खिताब जीता था। शनिवार को वह विरोधी टीम की जर्सी पहनेंगे और आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब को प्लेआफ में पहुंचाने की दिशा में अगला कदम बढाने के इरादे से उतरेंगे। केकेआर ने उन्हें रिलीज करके सभी को हैरत में डाल दिया था लेकिन पंजाब किंग्स की कप्तानी अय्यर को रास आ रही है। दिल्ली कैपिटल्स के अपने मेंटोर रिकी पोंटिंग के साथ मिलकर अय्यर ने पंजाब को आठ में से पांच मैच जिताकर अंकतालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया। इस साझेदारी ने अय्यर को आत्मविश्वास के साथ कप्तानी की छूट भी दी जिसके दम पर वह अब तक तीन अर्धशतक समेत 263 रन बना चुके हैं। अब उनका इरादा शतक जड़ने का होगा। अब उनके पास अपने बल्ले से जवाब देने का सुनहरा मौका है।

**पंजाब किंग्स**

श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, शशांक सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, मार्को यानसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, यश ठाकुर, सूर्यांश शेडगे, प्रवीण दुबे, विजयकुमार विशक, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, जोश इंग्लिस, जेवियर बार्टलेट, विष्णु विनोद, आरोन हार्डी, कुलदीप सेन। हरनूर सिंह, मुशीर खान, प्याला अविनाश।

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉर्टजे, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकरिया।

# ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के लिए तैयार भारत



पर्थ। एक महीने तक चलने वाले सीनियर राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के बाद, भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से 4 मई तक ऑस्ट्रेलिया के चुनौतीपूर्ण पांच मैचों के दौरे के लिए तैयार है। यह दौरा 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैचों के साथ शुरू होगा, इसके बाद 1, 3 और 4 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में दुनिया की नंबर 5 ऑस्ट्रेलियाई सीनियर महिला टीम के खिलाफ तीन मैच होंगे।

भारतीय टीम ने पिछली बार घरेलू मैदान पर एफआईएच हॉकी प्रो लीग (महिला) में भाग लिया था, जहां उन्होंने मिश्रित अभियान में दो जीत और एक शूटआउट जीत दर्ज की थी। उन्होंने टूर्नामेंट का समापन शानदार तरीके से किया, विश्व की नंबर 1 टीम नीदरलैंड के खिलाफ निर्धारित समय में 2-2 से बराबरी के बाद रोमांचक शूटआउट में बोनस अंक हासिल किया। हॉकी इंडिया ने इस दौरे के लिए 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें सलीमा टेटे कप्तान और नवनीत कौर उप-कप्तान होंगी। उभरती ड्रैग-फ्लिकर दीपिका, जिन्होंने फरवरी में प्रो लीग मैचों के दौरान तीन गोल करके प्रभावित किया था, अपनी फॉर्म को जारी रखने के लिए उत्सुक होंगी। यह दौरा अनुभवी गोलकीपर सविता के लिए भी मील का पत्थर है, जिन्होंने हाल ही में 300 अंतरराष्ट्रीय कैप पूरे किए हैं और डिफेंस की अगुआई करना जारी रखा है। टीम में पांच नए चेहरे शामिल हैं - ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे - जो ऑस्ट्रेलिया में अपनी सीनियर टीम की शुरुआत कर सकती हैं। एक्सपोजर टूर इन युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल करने और शीर्ष स्तर की हॉकी की तीव्रता के अनुकूल होने का अवसर प्रदान करता है। ऑस्ट्रेलिया पारंपरिक रूप से एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी रहा है, दोनों पक्षों के बीच खेले गए 16 मैचों में से 10 में जीत हासिल की है और तीन ड्रॉ रहे हैं। हालांकि, भारत एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में ऑस्ट्रेलिया पर अपनी हालिया 1-0 की जीत से आत्मविश्वास हासिल करेगा और उस लय को बनाए रखने की कोशिश करेगा।

सीरीज से पहले, कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, "हम यहां पर्थ में आकर उत्साहित हैं। यह हमारे लिए मजबूत विरोधियों के खिलाफ मूल्यवान मैच अनुभव हासिल करने का एक शानदार अवसर है। ये मैच हमें अपनी टीम के संयोजनों को बेहतर ढंग से समझने और इस साल के अंत में प्रो लीग के यूरोप चरण और महिला एशिया कप से पहले विभिन्न रणनीतियों का परीक्षण करने में मदद करेंगे। सभी खिलाड़ी, विशेष रूप से नए चेहरे, इस अनुभव का अधिकतम लाभ उठाने के लिए उत्सुक हैं।"

**आज का मैच**

TATA IPL

शाम 7.30 बजे

कोलकाता VS पंजाब

# RCB ने राजस्थान रॉयल्स को चटाई धूल



बेंगलुरु। आईपीएल 2025 के 42वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को 11 रनों से हरा दिया है। इस मैच में बेंगलुरु ने पहले खेलते हुए 5 विकेट खोकर 20 ओवर में 205 रन बनाए और राजस्थान को जीत के लिए 206 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए आरआर की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 194 रन बना पाई और 11 रनों से मैच हार गई। आरसीबी से जीत के लिए मिले 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए आरआर की ओर से यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी क्रीज पर आए। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी की। वैभव भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में 16 रन के निजी स्कोर पर बोल्ड हो गए। नीतीश राणा ने 28 और रियान पराग ने 22 रन बना पाए। राजस्थान रॉयल्स की ओर से सबसे ज्यादा रन यशस्वी जायसवाल ने बनाए। यशस्वी ने 19 बॉल में 7 चौके और 3 छक्कों के साथ 49 रनों की पारी खेली। जायसवाल के अलावा ध्रुव जुरेल ने 34 बॉल में 47 रनों का योगदान दिया। इस दौरान जुरेल ने 3 चौके और 3 छक्के लगाए. इन दोनों के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज कमाल नहीं दिखा पाया और राजस्थान को हार का सामना करना पड़ा, आरसीबी की ओर से जोश हेजलवुड ने सबसे ज्यादा विकेट हासिल किए। उन्होंने 4 ओवर में 33 रन देकर 4 विकेट हासिल किए जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला. उनके अलावा क्रुणाल पांड्या ने 2 और भुवनेश्वर कुमार व यश दयाल ने 1-1 विकेट चटकाए। इससे पहले मैच में राजस्थान ने टॉस जीतकर आरसीबी को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। विराट कोहली ने फिल साल्ट के साथ पारी की शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 61 और दूसरे विकेट के देवदत्त पडिक्कल के साथ 95 रन जोड़े। विराट कोहली ने 82 बॉल में 8 चौके और 2 छक्कों की मदद से 70 रनों की बेहतरीन पारी खेली। देवदत्त पडिक्कल ने 27 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्कों के साथ 50 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे से खुद का आकलन : हरेंद्र सिंह



पर्थ। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कहा कि शनिवार आज से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे से टीम को खुद का आकलन करने में मदद मिलेगी और इस दौरे पर भविष्य को ध्यान में रखकर विभिन्न संयोजन आजमाये जाएंगे। सलीमा टेटे की कप्तानी वाली भारतीय टीम 26 और 27 अप्रैल को यहां ऑस्ट्रेलिया ए से और एक, तीन तथा चार मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से खेलेगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक खेले गए 16 मैचों में से दस ऑस्ट्रेलिया ने जीते जबकि तीन ड्रॉ रहे हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय महिला टीम के क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद यानेके शॉपमैन की जगह कोच बने हरेंद्र ने कहा, 'टीम ने बेंगलुरू में कड़ा अभ्यास किया है और इस दौरे से पता चलेगा कि हम कहां ठहरते हैं।' हरेंद्र ने कहा, 'हमारा फोकस खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का एक्सपोजर देने, और नये संयोजन आजमाने पर है।

### एशियाई महाद्वीपीय चैंपियनशिप में पहली बार भारत ने रचा इतिहास

# उत्तराखंड की बेटी ने जीता कांस्य पदक



हल्द्वानी। चीन में आयोजित एमटीवी एशियन कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप यानी एशियाई महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत ने कमाल किया है। चैंपियनशिप के टीम इवेंट में उत्तराखंड की बेटी अवनी दरियाल ने कांस्य पदक जीता है। खास बात ये थी कि अपनी टीम में अवनी दरियाल सबसे कम उम्र की प्रतिभागी थी। वहीं, अवनी दरियाल के इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। दरअसल, चीन के गुइझोउ में 23 अप्रैल से 27 अप्रैल 2025 तक एमटीवी एशियन कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप टीम इवेंट आयोजित किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में भारतीय टीम की कोच मुक्तेश्वर निवासी पूनम राणा नियुक्त की गई हैं, जिनके नेतृत्व में भारतीय टीम और पिथौरागढ़ की 15 वर्षीय अवनी दरियाल ने कमाल का प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता। बताया जा रहा है कि चीन माउंटेन साइकिलिंग में भारत ने पहली बार इतिहास रचा है। अवनी दरियाल की इस उपलब्धि पर भारतीय साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष, उत्तराखंड साइकिलिंग संघ विमल चौधरी, उत्तराखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव एडवोकेट देवेश पांडेय, संयुक्त सचिव विजय पाठक, कोच मनीष वर्मा ने बधाई दी है। बेटी का सपना पूरा करने के लिए मां ने छोड़ा घरः बाइकिंग की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अवनी दरियाल ने इससे पहले पहली बार रोड साइकिलिंग में हाथ आजमाया और उसे सीधा स्वर्ण पदक मिला. राज्यस्तरीय स्पर्धा में वो इकलौती बालिका खिलाड़ी थी, जिसे सीधे राष्ट्रीय खेल के लिए भी चुना गया। अवनी दरियाल की मां प्रतिभा ने बताया कि वो पिथौरागढ़ की रहने वाली हैं।

# रजत पाटीदार ने गेंदबाजों को दिया घर पर पहली जीत का श्रेय



बेंगलुरु। आईपीएल 2025 में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने घर में पहली जीत दर्ज की। चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले मे आरसीबी ने राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से हरा दिया। जीत के बाद आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने जीत का श्रेय गेंदबाजों को दिया। आरसीबी के लिए जोश हेजलवुड ने 33 रन देकर चार विकेट लिए और बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने आरआर की पारी के 19वें ओवर में दो विकेट लेकर मैच पलट दिया। रजत ने कहा, 'यह जीत हमारे लिए बहुत जरूरी थी। पिच वैसी नहीं थी जिसकी उम्मीद की थी। पर जीत का पूरा श्रेय गेंदबाजों को जाता है। उन्होंने 10वें ओवर के बाद जिस तरह से गेंदबाजी की वो काबिले तारीफ थी। उन्होंने जो जज्बा दिखाया, वो शानदार था। हम विकेट की तलाश में थे। जब आप विकेट हासिल करते हो तो ही आप रन रोक सकते हो। मैं हमेशा अपनी प्रवृत्ति का पहले समर्थन करता हूं, लेकिन हमारे पास कई लीडर्स हैं और उनके इनपुट बहुत मदद करते हैं।' वहीं विराट कोहली भी घर पर जीत से खुश दिखे। उन्होंने कहा, 'बहुत खुश हूं। हमने बल्लेबाजी इकाई के रूप में कुछ चीजों पर चर्चा की थी और बोर्ड पर अच्छा स्कोर हासिल करने के लिए प्लान को अच्छी तरह से लागू किया।

# पाकिस्तान हॉकी टीम पर गिरेगी गाज!



मुंबई। पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद बढ़ते तनाव के मद्देनजर इस साल के अंत में राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिए पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम का भारत दौरा संदेह के घेरे में है। भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों पर किए गए हमले का जवाब देते हुए सभी पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए वीजा रद्द कर दिए हैं। यूरोप स्थित वेबसाइट टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस कदम से अगस्त में एशिया कप के लिए पाकिस्तान हॉकी टीम के भारत दौरे को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है।

पाकिस्तान 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में खेले जाने वाले आठ टीमों के पुरुष एशिया कप का हिस्सा है। हमले से नाराज कई प्रमुख भारतीयों ने सरकार से पाकिस्तान के साथ सभी संबंध खत्म करने को कहा है जिसमें खेल संबंध भी शामिल हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इससे पाकिस्तान में भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान हॉकी टीम को एशिया कप के लिए भारत दौरे की अनुमति दिए जाने पर संदेह पैदा हो गया है।

पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के महासचिव राणा मुजाहिद हाल के घटनाक्रमों के बाद एशिया कप के लिए टीम के भारत दौरे को लेकर बहुत आशावादी नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे हॉकी इंडिया के साथ अच्छे संबंध हैं, लेकिन टीम के दौरे के बारे में यह सरकार-से-सरकार का मामला है। हम अपनी सरकार से अनुरोध करेंगे, और अगर वे अनुमति देते हैं तो हम भाग लेंगे, लेकिन अगर वे हमारे अनुरोध को अस्वीकार करते हैं तो कोई संभावना नहीं है।'

# नदीम को भारत बुलाने पर ट्रोल हुए नीरज चोपड़ा



नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश के लोगों में गुस्सा है। वो पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ बदला चाहते हैं। इसी बीच एथलीट नीरज चोपड़ा सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी एथलीट अरशद नदीम को भारत बुलाने के मुद्दे पर लगातार ट्रोल हो रहे हैं। अब उन्होंने इस पर सफाई दी है और कहा है कि मेरी ईमानदारी पर सवाल उठते देखना दुखद है। अगले महीने 24 तारीख को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक इवेंट का आयोजन होना है। भारत में विश्व एथलेटिक्स ए-लेवल इवेंट के आयोजक के रूप में नीरज ने दुनिया भर के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ियों को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी संभाली। नीरज ने पेरिस ओलंपिक में गोल्ड जीतने वाले अरशद नदीम को भी इवेंट के लिए बुलावा भेजा था। लेकिन 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देशवासी गुस्सा हैं और इस वजह से नीरज चोपड़ा को भी आलोचना का शिकार होना पड़ा। इस हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय की मौत हो गई। अरशद नदीम को भारत में होने वाले इवेंट के लिए आमंत्रित करने के लिए नीरज की आलोचना होने लगी, लोग उनकी देशभक्ति पर भी सवाल उठाने लगे। आलोचना और उनकी देशभक्ति पर सवाल उठने से आहत स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि बेशक मैं कम बोलने वाला व्यक्ति हूं लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि मैं गलत के खिलाफ नहीं बोलूंगा।


# विराट कोहली ने क्रिस गेल और बाबर को छोड़ा पीछे



बंगलूरू। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में अर्धशतकीय पारी खेलकर कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। वह टी20 में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। इसके अलावा कोहली ओपनिंग करते हुए इस प्रारूप में 50 से ज्यादा रनों की पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए। बंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में विराट कोहली का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने 32 गेंदों में मौजूदा सत्र का अपना पांचवां पचासा पूरा किया। यह उनके आईपीएल करियर का 60वां अर्धशतक भी है। इसी के साथ किंग कोहली ने बाबर आजम का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने ओपनिंग करते हुए 62 बार 50 से ज्यादा रनों की पारी खेली। वहीं, बाबर आजम ने 61 बार टी20 में 50 से ज्यादा रनों की पारियां खेली हैं।

राजस्थान के खिलाफ दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 70 रनों की तूफानी पारी खेली। इसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल हैं। कोहली इसी के साथ टी20 प्रारूप में सर्वाधिक 50+ स्कोर बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 110 बार 50+ स्कोर बनाया। विराट कोहली के नाम 111* बार टी20 में 50 से ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है।

# WTC Final में ऑस्ट्रेलिया को बोलैंड की जगह हेजलवुड को चुनना चाहिए : रवि शास्त्री





दुबई। भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच रवि शास्त्री ने कहा कि जून में लॉड्र्स मैदान पर खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को स्कॉट बोलैंड की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को चुनना चाहिए क्योंकि दिग्गज ग्लेन मैकग्रा की तरह गेंदबाजी करने वाला यह लंबे कद का खिलाड़ी इंग्लैंड की परिस्थितियों का बेहतर तरीके से उपयोग कर पाएगा। टीम में तेज गेंदबाजी विभाग में कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की जगह लगभग पक्की है। ये दोनों अगर फिट रहे तो तीसरे तेज गेंदबाज के नाम के लिए चर्चा हो सकती है। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के सामने 11 से 15 जून तक लॉड्र्स में खेले जाने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के तीन तेज गेंदबाजों और नाथन लियोन के रूप में एक स्पिनर के साथ उतरने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया के पास हरफनमौला बीयू वेबस्टर को एकादश में शामिल करने का विकल्प भी है, तीसरे तेज गेंदबाज के लिए हेजलवुड और बोलैंड के बीच चयन होने की संभावना है।

शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' पर कहा, 'यह बहुत कठिन विकल्प होगा, अगर हेजलवुड फिट होते हैं, तो उन्हें बोलैंड के मुकाबले तरजीह मिलनी चाहिए।' हेजलवुड अपने करियर में कई बार चोटिल होने के कारण टीम से बाहर रहे है। वह चोट के कारण भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेली गयी बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला के पांच मैचों में से तीन में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने इस श्रृंखला को 3-1 से जीता था। वह इसके बाद श्रीलंका दौरे और चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम का हिस्सा नहीं थे।

इस 34 साल के खिलाड़ी ने इंडियन प्रीमियर लीग में वापसी की और शानदार लय में है। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ चार विकेट झटक कर टीम को यादगार जीत दिलाई। शास्त्री ने कहा, 'हेजलवुड अगर पूरी तरह से फिट है तो दो वजहों से उन्हें टीम में जगह मिलनी चाहिए। पहला इंग्लैंड की परिस्थितियां उन्हें रास आएंगी और दूसरा उनके पास मैकग्रा की तरह गेंदबाजी (एक ही लाइन लेंथ की गेंद से बल्लेबाजों को परेशान करना) करने की क्षमता है।



# ऋतिक की वजह से मुश्किल में पड़े थे राकेश रोशन

**दांव पर लगा था घर, कार और दफ्तर**

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान राकेश रोशन की बेटी सुनैना रोशन ने अपने परिवार पर आए मुश्किल वक्त के बारे में बताया है। उन्होंने बताया कि उनके पिता ने कैसा मुश्किल दौर गुजारा और परिवार को पता नहीं चलने दिया कि वह किस परेशानी से गुजर रहे हैं।

राकेश रोशन फिल्म निर्माता के अलावा बेहतरीन अभिनेता भी हैं। सुनैना रोशन ने बताया कि 'हम लोग इतने छोटे थे कि इस सबके बारे में नहीं जानते थे। पिता पहले एक्टर थे। जब वह फिल्म निर्माता बने तो उन्होंने 'कल हो न हो' और 'खुदगर्ज' बनाने से पहले अपना घर दो बार गिरवीं रखा था। उन्होंने कार और ऑफिस भी गिरवीं रखे। उन्होंने अपनी जिंदगी से जुआ खेला। यह सब करते हुए वह बहुत निडर थे।' सुनैना के मुताबिक जब पिता ये सब काम कर रह थे तो सुनैना और ऋतिक काफी छोटे थे। वह दबाव में थे लेकिन बच्चों को कुछ भी पता नहीं चलने देते थे। कर्ज में होने के बावजूद राकेश ने कभी घर के खर्च को प्रभावित नहीं होने दिया।

ऋतिक के मुताबिक पिता ने उनकी मां से कहा 'मैं इसके लिए कितना कुछ कर रहा हूं और यह शिकायत कर रहा है।' उस रात ऋतिक की मां ने बताया कि तुम्हारे लिए घर गिरवीं रखा गया है, कारें गिरवीं रखी गई हैं। तब ऋतिक को एहसास हुआ कि कितना कुछ दांव पर लगा था।



# उर्वशी लाइव शो में भूलीं अपना ही वायरल गाना

- उर्वशी रौतेला का गाना 'डाबिडी डिबिडी' सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है
- इंटरव्यू में गाना गाते हुए उर्वशी लिरिक्स भूल गईं, जिससे वो ट्रोल हो गईं
- कुछ फैंस को उर्वशी का वीडियो मजेदार लगा, तो कुछ ने ट्रोल किया

**उर्वशी रौतेला का गाना 'डाबिडी डिबिडी' फिल्म 'डाकू महाराज' से है, जो सोशल मीडिया पर काफी ट्रेंड कर रहा है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उर्वशी गाना गाते हुए इसके लिरिक्स भूल गईं, जिससे वो ट्रोल हो गईं। हालांकि कुछ फैंस को ये पल काफी मजेदार भी लगा।**

अगर आप अब तक नहीं जानते कि 'डाबिडी डिबिडी' क्या है, तो शायद आप इंटरनेट की दुनिया से बहुत दूर हैं। उर्वशी रौतेला ने अपनी फिल्म डाकू महाराज के इस गाने का प्रमोशन इतना जोरशोर से किया है कि ये सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा है।

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब उर्वशी रौतेला ने 'डाबिडी डिबिडी' गाना लाइव गाने की कोशिश की, तो वो बीच में ही गाने के लिरिक्स भूल गईं। Filmygyan द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में देखा गया कि उर्वशी गाना गा रही थीं लेकिन बीच में वो ब्लैंक हो गईं और फिर खुद ही लिरिक्स बदल कर गाना पूरा किया।

**नेटिजन्स का मिला मिला-जुला रिएक्शन**

वीडियो वायरल होते ही नेटिजन्स का रिएक्शन आना शुरू हो गया। कुछ लोगों ने उर्वशी को ट्रोल करते हुए लिखा- 'तू रहने दे बहन', 'सॉन्ग भूल गई पगली, स्टूपिड सॉन्ग', 'सॉन्ग के लिए जस्टिस '। वहीं कुछ फैंस को ये वीडियो बेहद मजेदार लगा।



# 23 साल की इस एक्ट्रेस ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में जमाया सिक्का

**बोल्ड अंदाज पर तो मर-मिटते हैं फैंस**

टीवी से करियर की शुरुआत करने वाली एक एक्ट्रेस ने बॉलीवुड तक अपना सिक्का जमाया है। 23 साल की उम्र में लोगों का अपनी एक्टिंग से ध्यान खींचने वाली ये हसीना अपनी बोल्डनेस से भी दीवाना बनाती हैं। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली ये एक्ट्रेस अक्सर अपनी दिलकश अदाओं से अपने तमाम चाहने वाले फैंस आहें भरने पर मजबूर कर देती है। इस एक्ट्रेस के फैंस भी उनकी एक झलक देखने के लिए बेसब्र रहते हैं। यहां पर इस एक्ट्रेस की कातिलाना तस्वीरें हैं जिन्हें देखकर आप घायल हो जाएंगे।

अवनीत कौर अक्सर अपने बोल्ड फोटोशूट करवाती हैं। इसके बाद अवनीत कौर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। अवनीत कौर रिवीलिंग ड्रेस पहनकर अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हैं। अवनीत कौर का बोल्ड अंदाज देखकर उनके फैंस आहें भरते हैं। अवनीत कौर को इंस्टाग्राम पर करीब 32 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। अवनीत कौर की फैन-फॉलोइंग देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह कितनी पॉपुलर हैं। अवनीत कौर की तस्वीरें आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती हैं। अवनीत कौर के फैंस अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस पर जमकर प्यार लुटाते हैं। अवनीत कौर के फैंस जहां उनकी अदाओं पर फिदा नजर आते हैं। वहीं, अवनीत कौर की बोल्डनेस देखकर तमाम लोग उन्हें निशाना बनाते हैं। अवनीत कौर को ट्रोल्स की बातों से फर्क नहीं पड़ता है। अवनीत कौर ट्रोल्स को इग्नोर कर अपने फैंस को अपने बोल्ड फोटोज और वीडियोज दिखाती रहती हैं। अवनीत कौर ने टीवी इंडस्ट्री से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद अवनीत कौर ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में कदम बढ़ाया था।

# डांसर की मौत के बाद रुकी रितेश की फिल्म 'राजा शिवाजी' की शूटिंग



**अभिनेता रितेश देशमुख की फिल्म 'राजा शिवाजी' की शूटिंग के दौरान एक बड़ा हादसा होने के बाद फिल्म की शूटिंग को फिलहाल रोक दिया गया है। दरअसल, शूटिंग के दौरान कौरियोग्राफी टीम से जुड़े एक सदस्य की मौत हो गई थी। इस दुखद खबर के बाद पूरी टीम सदमे में है। अब फिल्म की शूटिंग भी रोक दी गई है। मौत से पहले डांसर दो दिन पहले सतारा में लापता हो गया था।**

**नदी में बह गया था सौरभ :** मृतक डांसर की पहचान सौरभ शर्मा के रूप में हुई थी। उसका शव गुरुवार सुबह 24 अप्रैल को मिला। यह घटना 2 दिन पहले सतारा जिले में कृष्णा और वेन्ना नदियों के संगम पर स्थित संगम महुली गांव में हुई थी। यहां रितेश की फिल्म 'राजा शिवाजी' की शूटिंग हो रही थी। डेड बॉबी मिलने के बाद अब सतारा पुलिस में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी है।

**रितेश देशमुख के प्रोडक्शन हाउस ने जारी किया था बयान**

इससे पहले रितेश देशमुख के प्रोडक्शन हाउस मुंबई फिल्म कंपनी ने सौरभ शर्मा के डूबने की दुखद घटना के बारे में एक बयान जारी किया था। हालांकि उन्होंने उनकी मौत के बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी, लेकिन पोस्ट में उल्लेख किया गया कि रितेश देशमुख, जेनेलिया देशमुख, रेमो डिसूजा और टीम के अन्य सदस्य खबर मिलते ही नदी के किनारे पहुंचे। मराठी और हिंदी में बन रही फिल्म 'राजा शिवाजी' महान मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। इसका निर्देशन रितेश देशमुख कर रहे हैं, जो इसमें मुख्य भूमिका में भी हैं। फिल्म में भाग्यश्री भी अहम भूमिका में हैं।

# इंटीमेट सीन की शूटिंग में बेकाबू हुआ एक्टर

## एक्ट्रेस बोलीं एक्साइटमेंट में वो...



**समय के सा-साथ अब फिल्मों के कंटेंट में काफी बदलाव आ गया है। अब अधिकतर फिल्मों में बोल्ड इंटीमेट सीन्स शामिल ही होते हैं। इन सीन्स को काफी सावधानी से शूट किया जाता है। लेकिन ऐसा कई बार हुआ जब इंटीमेट सीन्स की शूटिंग के दौरान एक्टर बेकाबू हो गए। आज हम आपको एक एक्ट्रेस के साथ हुई ऐसी घटना के बारे में बता रहे हैं, जिसके बारे में खुद एक्ट्रेस ने खुलकर बातें रखीं। हम बात कर रहे हैं एक्ट्रेस अनुप्रिया गोएंका के साथ हुई जबरदस्ती की। एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में अपनी आपबीती सुनाई।**

अनुप्रिया कमाल की एक्ट्रेस हैं। OTT पर इन्होंने कई वेब सीरीज में काम किया है। अनुप्रिया ने अपने बोल्ड रोल्स से इंडस्ट्री में एक खास पहचान बनाई है। कई फिल्मों में इंटीमेट सीन्स दे चुकी अनुप्रिया ने अब अपना एक्सपीरियंस शेयर किया है। एक्ट्रेस कहती हैं कि उनका इंटीमेट सीन्स की शूटिंग का एक्सपीरियंस काफी बुरा रहा है। सिद्धार्थ कनन को दिए एक इंटरव्यू में खुलासा करते एक्ट्रेस ने बताया कि ऐसा उनके साथ दो बार हो चूका है। उन्हें काफी असहज महसूस हुआ था। अपनी बात रखते हुए एक्ट्रेस कहती हैं कि पहले केस में मैं ऐसा नहीं कह सकती कि उस शख्स ने मेरा फायदा उठाने की कोशिश की। एक्साइटमेंट में वो बेकाबू हो गया था। ऐसे में मई थोड़ा अपमानित और असहज महसूस कर रही थी। मेरे साथ ऐसी घटनाएं किसिंग सीन के दौरान हुई। आगे दूसरी घटना के बारे में बताते हुए अनुप्रिया कहती हैं कि मैंने उनकंफर्टेबल कपड़े पहने थे। जिसकी वजह से इंटीमेट सीन करते हुए को स्टार ने कमर पकड़ने के बजाय बट पर हाथ रखा, फिर एक्ट्रेस ने उन्हें ऊपर हाथ रखने को कहा।

# 50 साल में भी 25 की क्यों लगती हैं प्रीति जिंटा

## बताया फिटनेस का राज




प्रीति जिंटा 50 साल की हैं और 50 की उम्र में वह बेहद फिट है। उन्हें देखकर उनकी उम्र का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। अपने सेहत को लेकर वह खासा एक्टिव रहती हैं। इसके साथ ही वह फैंस को भी बताती रहती हैं कि खुद को फिट या चुस्त-दुरुस्त कैसे रखें। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए लेटेस्ट पोस्ट में एक्ट्रेस ने बताया कि मजबूत और लचीली रीढ़ की हड्डी अच्छी सेहत का आधार है। वीडियो में एक्ट्रेस हैंगिंग बैक एक्सटेंशन समेत स्पाइन की फ्लेक्सिबिलिटी और स्ट्रेंथनिंग एक्सरसाइज करती दिखीं। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए प्रीति जिंटा ने फैंस को बताया कि रीढ़ की हड्डी को मजबूत कैसे बनाएं और उसे फ्लेक्सिबल कैसे रखें। वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, मजबूत रीढ़ की हड्डी अच्छी हेल्थ और कैरेक्टर दोनों का आधार है। यहां पर मैं रीढ़ की हड्डी की स्ट्रेचिंग के लिए हैंगिंग बैक एक्सटेंशन एक्सरसाइज कर रही हूं, यह स्पाइन मोबिलिटी और स्ट्रैंथ के लिए है।

# रिलीज के साथ ही सैफ अली-जयदीप अहलावत की फिल्म को लेकर सामने आई बड़ी अपडेट, फैंस हुए उत्साहित

**सैफ अली खान और जयदीप अहलावत स्टारर सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'ज्वेल थीफ' आज से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। फिल्म के रिलीज होते ही फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह बढ़ गया है। अब इस फिल्म को लेकर एक और बड़ी जानकारी सामने आई है, जिसने दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ा दिया है। दरअसल, 'ज्वेल थीफ' का रोमांच यहीं नहीं खत्म होता है। क्योंकि 'ज्वेल थीफ' फिर लोगों का मनोरंजन करने आएगी। मतलब फिल्म का सेकेंड पार्ट भी बनना तय है।**

**फिल्म के दौरान ही हुआ खुलासा**

'ज्वेल थीफ' के दूसरे पार्ट का खुलासा फिल्म के ही दौरान हुआ है। फिल्म के भीतर ही की गई इस घोषणा ने प्रशंसकों में और भी उत्सुकता बढ़ा दी है। जिससे दर्शक इस एंटरटेनिंग डकैती की कहानी के दूसरे भाग को देखने के लिए रोमांचित हो रहे हैं और बेसब्री से इसका इंतजार कर रहे हैं। दूसरे पार्ट का टाइटल 'ज्वेल थीफः द हीस्ट कंटीन्यूज' है।



**फिल्म को मिली ऐसी प्रतिक्रिया**

आज रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म में चोरी की कहानी को दिखाया गया है। हालांकि, इस फिल्म से जितनी उम्मीदें थीं, फिल्म उतनी बेहतर नजर नहीं आ रही है। फिल्म में कुछ भी नया देखने को नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि फिल्म को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आ रही है।

**चोर की भूमिका में नजर आए हैं सैफ**

फिल्म में सैफ अली खान ने रेहान रॉय की भूमिका निभाई है, जो एक मास्टर चोर है जो प्रतिष्ठित अफ्रीकन रेड सन डायमंड को चुराने के लिए एक बड़े मिशन पर निकलता है। इसके अलावा फिल्म में जयदीप अहलावत राजन औलाख के, कुणाल कपूर विक्रम पटेल के और निकिता दत्ता फराह के किरदार में नजर आई हैं। कुकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल द्वारा निर्देशित, यह फिल्म एक्शन-सस्पेंस थ्रिलर है।



# उसने मुझे दोस्तों के सामने...

## जब ब्रेकअप से पहले हुई TV की इस हसीना की इज्जत तार-तार

**टीवी की दुनिया में कई अदाकाराएं ऐसी हैं जो कि टॉक्सिक रिलेशनशिप में रह चुकी हैं। टीवी की एक हसीना तो ऐसी भी है जो अब शादी के नाम से ही डरने लगी है। एक बार इस अदाकारा ने बताया था कि कैसे उनका एक्स उनके साथ मारपीट किया करता था। अपनी इस रिपोर्ट में हम आपको इस अदाकारा के बारे में बताने वाले हैं।**

यहां हम बात कर रहे हैं टीवी की जानीमानी अदाकारा टीना दत्ता की जो कि बीते कुछ समय से टीवी की दुनिया से गायब हो चुकी हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर वो काफी एक्टिव रहती हैं। एक इंटरव्यू में टीना दत्ता ने कहा था कि मैं एक टॉक्सिक रिलेशनशिप में रह चुकी हूं। मेरा बॉयफ्रेंड मुझे बहुत मारता था। मैंने कभी उसे खुद को मारने से नहीं रोका। टीना दत्ता ने फैंस को बताया, मैं उस आदमी से बहुत प्यार करती थी। यही वजह है जो मैं उसकी मार को भी सह लेती थी। मैंने कभी किसी से कुछ नहीं कहा। टीना दत्ता ने आगे बताया, एक दिन उसने अपने दोस्तों के सामने मुझ पर हाथ उठाया। उस दिन मुझे समझ आ गया कि ये रिश्ता अब नहीं बचा है। उस दिन मैंने ब्रेकअप करने का फैसला कर लिया। टीना दत्ता ने अपने इंटरव्यू में कहा, प्यार के लिए मैं बार बार अपना आत्मसम्मान नहीं बेच सकती थी। अब हाल ये हो चुके हैं कि मैं शादी ही नहीं कहना चाहती हूं। आपको जानकर हैरानी होगी कि टीना दत्ता ने तो मर्द के बिना ही अपनी जिंदगी को प्लान कर लिया है। कुछ समय पहले ही टीना दत्ता ने खुलासा किया था कि वो सेरोगेट मदर बनना चाहती हैं। टीना दत्ता ने अपने एग फ्रीज करवा रखे हैं ताकि वो कभी भी मां बन सके। इस बात का खुलासा टीना दत्ता ने खुद अपने एक इंटरव्यू में किया था।